फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 139 प्रभात जयपुर, बुधवार 20 दिसम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत
Metro

Rashtradoot

ARBIT



CAMOUFLAGED

Arthur Conan Doyle, bowling off spin in East Bourne to a stylish turbaned Indian batsman, is an unusual way to start a story about war and glory.

Reaching For The (Invisible) Stars

Some stars do not simply die down, but explode in a stellar blast



*अंटार्कटिका में बर्ड फ्लू फैल रहा है सैंकड़ों की तादाद में एलिफैंट सील मृत पाई गई हैं। वैज्ञानिकों को आशंका है कि अगर यह वायरस पैनग्विन तक पहुंच गया तो यह आधुनिक काल का सबसे बड़ा पर्यावरण विनाश साबित हो सकता है। सबसे पहले यह वायरस बर्ड आइलैंड में रहने वाले ब्राउन स्कूआ पक्षियों में मिला था। उसके बाद वैज्ञानिकों ने एलिफैंट सील की सामुहिक मौत की जानकारी दी, साथ ही फर सील केल्प गल्स और ब्राउन स्कूआ के मरने की खबर भी मिली। साउथ जॉर्जिया से पश्चिम में 900 मील दूर फॅकलैंड आइलैंड में फुलमर पक्षी के मरने की भी खबरें मिली हैं। अंटार्कटिक वाइल्डलाइफ हैल्थ नैटवर्क की अध्यक्ष डॉ. मीगन डेवार ने बताया कि सदर्न एलिफैंट सील की हालत बहुत खराब है, कई जगहों पर सौ से ज्यादा मृत सील मिली हैं और यह बर्ड फ्लू के कारण हो सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि कई सील में बर्ड फ्लू के संकेत मिले हैं और कई जगहों के टैस्ट होने बाकी हैं। अभी तक अंटार्कटिक मेनलैंड में बर्ड फ्लू का कोई केस रिकॉर्ड नहीं हुआ है। पर आगामी महीनों में यहां तक यह रोग पहुंचने की संभावना है। भारी भरकम 8800 पाउण्ड वजनी एलिफैंट सील समंदर के सबसे बड़े परभक्षी जीवों में से एक है। इन्हें यह नाम इनके आकार के कारण नहीं मिला है बल्कि नर सील में सूंड जैसी सरंचना के कारण मिला है, इससे वे तेज आवाजें करते हैं, खासकर प्रजनन काल में। एलिफैंट सील का पूर्व काल में तेल के लिए जमकर शिकार किया गया जिससे वे लुप्त हो गईं। बाद में कानूनी संरक्षण मिलने से इनकी आबादी फिर बढ़ी। अभी इनकी आबादी कई खतरों से जूझ रही है और बर्ड फ्लू ने इन खतरों को और बढ़ा दिया।*

# आखिरकार ए.आई.सी.सी. में पद हासिल कर ही लिया गहलोत ने

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गहलोत को राष्ट्रीय गठबंधन समिति का सदस्य बनाया है

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। यह एक ऐसा कदम है जो इस बात के स्पष्ट संकेत देता है कि कांग्रेस लोकसभा चुनावों तक अपने सीनियर नेताओं को साथ रखना चाहती है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले एक राष्ट्रीय गठबंधन समिति गठित की गई है जिसमें अशोक गहलोत को सदस्य बनाया गया है। कमेटी का समन्वयक मुकुल वासनिक को बनाया गया है। इसके अन्य सदस्य हैं- भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश। कमेटी अगले चार महीनों का कुछ समय के लिए है। यह अन्य पार्टियों के साथ मीट शेयरिंग पर विचार-विमर्श करेगी और इस पर भी गठबंधन के मुद्दे पर समन्वय कैसे बिठाया जाए।

मज़ेदार बात यह है कि गहलोत को कमेटी में शामिल करने का निर्णय मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिया है जो इस तथ्य के बावजूद उनका समर्थन करते रहे हैं कि गांधी परिवार के सदस्यों का नज़रिया राजस्थान के इस पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति अच्छा नहीं है।

- **हालांकि खड़गे जानते हैं कि गांधी परिवार गहलोत को पसंद नहीं करता है, पर गहलोत खड़गे की ''गुड बुक'' में हैं।**
- **चार माह के लिए गठित कमेटी के अध्यक्ष हैं मुकुल वासनिक तथा गहलोत के अलावा भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद व मोहन प्रकाश इसके सदस्य हैं।**
- **राजस्थान में सत्ता खोने के बाद गहलोत येन-केन-प्रकारेण ए.आई.सी.सी. में पद पाना चाहते थे, ताकि वे दिखा सकें कि वे अब भी पार्टी में ताकतवर हैं।**
- **लोकसभा चुनावों में अब ज्यादा समय नहीं है, अतः चर्चा है कि गहलोत को राजस्थान से दूर रखा जा सकता है और सचिन पायलट को प्रदेश में पार्टी की जिम्मेवारी सौंपी जा सकती है।**

राजस्थान में सत्ता खोने के बाद ए.आई.सी.सी. में कोई पद प्राप्त करने के लिए व्याकुल हैं। इससे वह यह मैसेज देना चाहते हैं कि वह अब भी पहले के जैसे मजबूत नेता हैं।

यह जानना दिलचस्प होगा कि क्या गहलोत आगे ए.आई.सी.सी. में कोई पद प्राप्त करेंगे या कमेटी में उनका आना सिर्फ लोकसभा चुनावों तक ही है। प्रश्न यह भी है कि सचिन पायलट को कहां समायोजित किया जाएगा। राज्य में या केन्द्र में।

चूंकि लोकसभा चुनावों में अब थोड़ा ही समय शेष है, इसलिए यदि गहलोत को राजस्थान की राजनीति से दूर रखा जाए एवं यहां उनका हस्तक्षेप ना हो तो सचिन पायलट जैसा युवा एवं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खड़गे को प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव रखा ममता बनर्जी ने

## इंडिया गठबंधन की बैठक में ममता बनर्जी ने खेला चतुर दांव, केजरीवाल ने किया समर्थन

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। एक बहुत ही चतुराई भरा कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) की अध्यक्ष ममता बनर्जी एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने आज विपक्ष के इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव कर दिया। इस प्रस्ताव को कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे ने बहुत विनम्रता के साथ यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि सर्वप्रथम चुनाव जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है और उसके बाद हर एक बात का निर्णय बाद मे कर लिया जाएगा।

समूहों की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए एम.डी.एम.के. नेता वायको ने कहा कि बैठक में खड़गे के नाम पर प्रस्ताव विपक्ष के चेहरे के रूप में रखा गया था परन्तु इस मसले पर कोई फैसला नहीं लिया गया क्योंकि पहले दूसरे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया जाना जरूरी है।

- **कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने विनम्रता से प्रस्ताव अस्वीकार किया, मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ कहा कि, पहले चुनाव जीतने पर फोकस कीजिए बाकी बातों पर बाद में विचार करेंगे।**
- **ममता बनर्जी के इस प्रस्ताव को मीडिया ने हाथों हाथ लपक लिया और मीडिया इसे राहुल गांधी के लिए झटका बता रहा है।**
- **इंडिया गठबंधन की बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, शरद पवार, नीतीश, स्टालिन, केजरीवाल और ममता बनर्जी सहित सभी बड़े नेता मौजूद थे।**

दिल्ली में आयोजित 28 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में देश के प्रथम दलित प्रधानमंत्री के रूप में खड़गे के नाम का प्रस्ताव रख दिए जाने के बाद, खड़गे ने कहा, ''मैं दलितों और वंचितों के लिए काम करता हूँ। पहले हम चुनाव जीतें उसके बाद हम इस बारे में विचार करेंगे। मुझे कुछ नहीं चाहिए।''

खड़गे से जब पूछा गया कि, क्या वे विपक्षी गठबंधन की तरफ से पी.एम. पद के उम्मीदवार हो सकते हैं, उन्होंने कहा कि ''सर्वप्रथम हमें चुनावों में विजय प्राप्त करनी और बहुमत प्राप्त करना है और सांसद इस बात का फैसला लोकतांत्रिक तरीके से करेंगे।''

खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां राज्य स्तर पर सीटों के आपसी बंटवारे को लेकर चर्चा करेंगी और सम्पूर्ण देश में सार्वजनिक रूप से सभाएं करेंगी। उन्होंने इस बात को जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में निर्णय आम चुनावों के पश्चात् ही किया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों ने एक संकल्प पारित किया है जिसमें लोकसभा व राज्यसभा में विपक्षी दलों के सांसदों को निलम्बित किए जाने के फैसले की भर्त्सना की गई है और इस मामले को लेकर 22 दिसम्बर को भी विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

बनर्जी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में आने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए कहा था कि, गठबंधन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विपक्ष मुक्त लोकसभा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जो लोकसभा से निलम्बित किए गए 49 सांसदों में से एक हैं, ने किया कि, ''यह बात साफ हो गई है कि भाजपा विपक्ष मुक्त लोकसभा

- **लोकसभा से आज 49 विपक्षी सदस्यों को निलम्बित किया गया, निलम्बित होने वाले सांसदों में शामिल शशि थरूर ने कहा कि, भाजपा विपक्ष मुक्त लोकसभा चाहती है। हमें संसदीय लोकतंत्र का शोक संदेश लिखना शुरू कर देना चाहिए।**

चाहती है और वह राज्यसभा में भी कुछ हद तक ऐसा ही करने वाली है।''

''दुर्भाग्यवश, हमें भारत में संसदीय लोकतंत्र के ऊपर शोक संदेश लिखना शुरू कर देना चाहिए'', थरूर ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना के बाद अब कांग्रेस का फोकस आंध्र प्रदेश पर

## कांग्रेस की बढ़ती सक्रियता से जगन मोहन व चन्द्रबाबू की बेचैनी बढ़ने लगी है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। तेलंगाना में जीत के बाद कांग्रेस की निगाहें एकमात्र अन्य तेलुगु भाषी राज्य आंध्र प्रदेश पर है, क्योंकि यही पर वह अपना पुनरुत्थान कर सकती है। अन्य राज्यों के लिए तो उसके लिए सोचना भी असंभव है।

आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद यहां कांग्रेस बिल्कुल शून्य पर आ गई थी क्योंकि यहां दो पार्टियों- तेलुगु देसम पार्टी और वर्तमान में सत्तारूढ़ प्रवजन श्रमिक रायतू कांग्रेस पार्टी (वाय.एस.आर.सी.पी.) कांग्रेस को एक ऐसी खराब पार्टी के रूप में चित्रित किया जिसने राज्य का विभाजन किया है, जिससे वर्ष 2014 के बाद से आंध्र प्रदेश अप्रासंगिक बनकर रह गया।

यहां कांग्रेस के अधिकांश नेता पार्टी छोड़कर वाय.एस.आर.सी.पी. में शामिल हो गए थे। और कुछ अन्य ने टी.डी.पी. का रुख किया था उसके बाद कांग्रेस में वे ही लोग शेष रहे जो पार्टी के प्रति बेहद निष्ठावान थे। आंध्र प्रदेश कांग्रेस का पुराना गढ़ रहा है और यहां के प्रत्येक गांव में कांग्रेस के समर्थक आज भी मौजूद हैं। तेलंगाना के चुनाव परिणामों के बाद क्या आंध्र प्रदेश में

- **दक्षिण भारत में कांग्रेस की ताकत बढ़ी है और यहां आंध्र प्रदेश ही ऐसा राज्य है जहां पार्टी सत्ता पाने के बारे में सोच सकती है।**
- **वर्ष 2014 के बाद आंध्र में कांग्रेस शक्तिहीन हो गई थी, कांग्रेस के नेता भी भारी तादाद में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी में शामिल हो गए थे।**
- **आंध्र कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था। यहां के गांवों में अब भी कांग्रेस समर्थक हैं। तेलंगाना के नतीजों ने प्रदेश में भी कांग्रेस को उत्साहित कर दिया है, यही बात जगन मोहन की चिंता बढ़ा रही है।**
- **लोकसभा चुनावों की दृष्टि से आंध्र प्रदेश महत्वपूर्ण है। यहां 25 लोकसभा सीटें हैं, अभी 23 सीटें जगन मोहन रेड्डी की पार्टी के पास है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आडवाणी व जोशी को अयोध्या आने का निमंत्रण

नयी दिल्ली, 19 दिसंबर। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी को आमंत्रित किया गया है।

- **विश्व हिन्दू परिषद के अन्तरर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों नेताओं से मुलाकात कर उन्हें निमंत्रण दिया। हालांकि पहले चर्चा थी कि उन्हें नहीं बुलाया जाएगा।**

विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों वरिष्ठ नेताओं से भेंट करके उन्हें अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में आने का पूरा प्रयास करने की बात कही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आखिर क्यों खड़गे का नाम प्रस्तावित किया ममता बनर्जी ने?

## क्या वे इंडिया गठबंधन को खत्म करना चाहती हैं

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर। ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन की बैठक में गठबंधन को नष्ट करने के लिए एक दांव खेला है अनुमान है कि इस कारगुजारी की रिपोर्ट उन्हें प्रधानमंत्री को देनी है, जिनसे वे बुधवार को मुलाकात करेगी।

बंगाल के वामपंथी नेता जैसे सुजन चक्रवर्ती, जो ममता बनर्जी के तौर तरीकों से परिचित है, उनका मत है कि ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन के बारे में भ्रम फैलाना चाहती है, उन्होंने कहा पहले उन्होंने अपना नाम चलाया फिर अखिलेश यादव का नाम लिया और अब खड़गे का नाम ले रही है।

प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी के बारे में समय से पहले चर्चा करके वो आदतन गड़बड़ी पैदा कर रही हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री के चेहरे के रुप में उछालकर वे अपने चिर प्रतिद्वंद्वी राहुल गांधी को सत्ता की दौड़ से हटा देना चाहती है।

कांग्रेस में गांधी सरनेम को पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं का पूर्ण समर्थन मिल सकता है। ममता बनर्जी पुरानी कांग्रेसी है और इस सच को अच्छे से जानती हैं।

विडम्बना है कि खड़गे ने इस बात का उसी जगह खत्म करने की भरसक कोशिश की। उन्होंने इसे हल्का करने का प्रयास किया और कहा पहले चुनाव जीतने पर फोकस किया जाए उसके बाद नेतृत्व का मुद्दा हल किया जाएगा।

खड़गे ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर 31 दिसम्बर तक निर्णय कर लिया जाएगा। उन्होंने इसके लिए जिन राज्यों का उल्लेख किया उनमें बंगाल का नाम नहीं लिया। बंगाल के कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस से कोई समझौता नहीं होगा।

- **ममता के तौर तरीकों से वाकिफ बंगाल के वामपंथी नेता कहते हैं कि ममता की रणनीति भ्रम पैदा करने की है, तभी तो पहले उन्होंने खुद का नाम चलाया, फिर अखिलेश यादव का और अब खड़गे का।**
- **सूत्रों का कहना है कि, ऐसा करके वे राहुल गांधी को भी झटका देना चाहती हैं, जिन्हें वे जरा भी पसंद नहीं करती हैं।**
- **यह भी चर्चा है कि, ममता बनर्जी ने नेतृत्व का मुद्दा उठाकर गठबंधन निर्माण की प्रक्रिया को भारी नुकसान पहुंचाया है।**
- **राजनैतिक हल्कों में कहा जा रहा है कि ऐसा उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर किया है, जिनसे वे बुधवार को मुलाकात करने जा रही हैं और उन्हें अपने इस कारनामे की रिपोर्ट भी देंगी।**

महत्वपूर्ण बात यह है कि ममता बनर्जी मीटिंग खत्म होने से पहले ही चली गई थी वे प्रैस कॉन्फ्रैंस में भी नज़र नहीं आईं।

इसके साथ ही ममता बनर्जी ने ''इण्डिया'' गठबंधन के नेताओं के बीच इतनी कटुता पैदा कर दी है कि वे आपस में कोई भी समझ निर्मित नहीं कर पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश यादव खड़गे के नाम को पहले ही खारिज कर चुके हैं।

नीतीश कुमार को इण्डिया गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी बनाने की मांग पटना में जोरों पर थी। सी.पी.आई. (एम) नेता सीताराम येचुरी ने खड़गे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने के किसी भी प्रश्न पर कोई उत्तर नहीं दिया।

संक्षेप में, ममता बनर्जी ने तप मापदंडों पर ''इण्डिया'' गठबंधन की वार्ताएं शुरु होने से पहले ही नेता का नाम फाइनल कर पूरे गठबंधन की प्रक्रिया को दूषित कर दिया है।

दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के एक समर्थक की हत्या के मामले में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के संबंध निम्न स्तर पर पहुंच चुके हैं। कांग्रेस की शिकायत है कि उसके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जमानत याचिकाओं में परिवादी या पीड़ित को पक्षकार बनाना जरूरी नहीं'

जयपुर, 19 दिसम्बर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ की ओर से भेजे गए रेफरेंस को तय करते हुए कहा है कि सभी तरह की जमानत याचिकाओं में परिवादी या पीड़ित को पक्षकार बनाना जरूरी नहीं है। जस्टिस अरुण भंसाली व पंकज भंडारी की खंडपीठ ने यह आदेश पूजा गुर्जर व अन्य की जमानत याचिकाओं पर भेजे गए रेफरेंस को तय करते हुए दिया। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता व

- **राजस्थान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि, सुप्रीम कोर्ट ने शिकायतकर्ता व पीड़ित को सुनवाई का मौका देने को कहा है, पर इसका अर्थ यह नहीं है कि, उन्हें जमानत याचिका में पक्षकार बनाया जाए।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

किसी भी हालत में अपनी शक्ति पर अभिमान मत कर, यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है। –हाफ़िज़

# भजन लाल शर्मा के मुख्यमंत्री की शपथ के साथ ही जेनरेशन सिफ्टिंग और कार्यकर्ताओं में भरोसा जगाने में सफल रही है भाजपा

सारे कयासों और अनुमानों से परे भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों में जिस तरह से सत्ता में वापसी की है उसी तरह से तीनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री, दो-दो उप मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्षों के चौंकाने वाले नाम सामने आये हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राजस्थान में 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्रियों के शपथ के साथ ही तीनों राज्यों में नई सरकारों का गठन हो गया है। संभवतः यह पहला मौका है जब सोशियल इंजीनियरिंग के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में जमीनी कार्यकर्ता और पहली बार के विधायक श्री भजन लाल को मुख्यमंत्री बनाकर देश दुनिया की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नया संदेश दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों से पहले ही मुख्यमंत्री के चेहरों के लिए सस्पेंस बनाए रखा और चुनाव परिणाम आते ही सोशियल इंजीनियरिंग के साथ ही जेनरशन शिफ्टिंग का काम भी बड़ी आसानी से कर दिखाया है।

चारों राज्यों में नए नेतृत्व के साथ ही नया संदेश दिया जा चुका है। तीनों राज्यों में चाहे छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव हो, चाहे मध्यप्रदेश के मोहन यादव हो या राजस्थान के भजन लाल शर्मा, तीनों के बारें में ही कहीं दूर-दूर तक नाम दिखाई नहीं दे रहा था। तीनों ही लगभग नए चेहरे रहे हैं। पर राजस्थान की बात की जाए तो वह इस मायने में अलग हो जाती है कि राजस्थान में एक कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री के पद की कुर्सी पर बैठाकर ग्रास रुट के कार्यकर्ताओं को संदेश दिया गया है कि यह भाजपा ही है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित कर सकता है। क्योंकि सभी जानते हैं कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल लंबे समय से राजस्थान में भाजपा के चार प्रदेश अध्यक्षों के साथ प्रदेश महामंत्री के रुप में पर्दे के पीछे जिस तरह से संगठन के लिए काम किया है और ना दिन देखा ना रात देखी अपितु संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने में जुटे रहे और फिर पहली बार ही सांगानेर विधानसभा से विधायक चुने जाने के बाद सीधे मुख्यमंत्री के गरिमामय व चुनौतीपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है, यह निश्चित रुप से उनकी क्षमता और योग्यता व मेहनत को देखते हुए निर्णय लिया गया है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सामने 2024 के लोकसभा के चुनाव हैं और उसे देखते हुए ही बहुत सोच-समझकर नवाचारी निर्णय लिए गए हैं। सबसे खास बात यह कि भाजपा नेतृत्व द्वारा काफी गहन अध्ययन, मंथन के बाद तीनों प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों का नाम चुना है। इससे खासतौर से पार्टी की लोकतांत्रिक व्यवस्था और जमीनी कार्यकर्ताओं में विश्वास और भरोसा कायम हुआ है कि भाजपा नेतृत्व सीधे आम कार्यकर्ताओं से जुड़ाव रखता है और कार्यकर्ता की मेहनत, निष्ठा और प्रतिबद्धता से अनभिज्ञ नहीं अपितु विज्ञ रहता है और आम कार्यकर्ता को सत्ता की भागीदारी देने में किसी तरह की हिचक नहीं रखता। बल्कि कहा जाए तो पार्टी के लिए कोई छोटा-बड़ा नहीं अपितु प्रत्येक कार्यकर्ता का अपना महत्व है। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही यह सिद्ध भी हो गया है।

> **सभी जानते हैं कि राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल लंबे समय से राजस्थान में भाजपा के चार प्रदेश अध्यक्षों के साथ प्रदेश महामंत्री के रुप में पर्दे के पीछे जिस तरह से संगठन के लिए काम किया है और ना दिन देखा ना रात देखी अपितु संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने में जुटे रहे और फिर पहली बार ही सांगानेर विधानसभा से विधायक चुने जाने के बाद सीधे मुख्यमंत्री के गरिमामय व चुनौतीपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है, यह निश्चित रुप से उनकी क्षमता और योग्यता व मेहनत को देखते हुए निर्णय लिया गया है।**

देखा जाए तो तीनों ही मुख्यमंत्रियों के सामने 2024 के चुनावों की चुनौती के साथ ही पिछली सरकार द्वारा विरासत में मिली प्रशासनिक, कानून व्यवस्था और वित्तीय हालातों के साथ ही चुनावों के दौरान दी गई मोदी जी की गॉरंटी की, मोदी है तो गॉरंटी है, कम समय में पूरा करना बड़ी चुनौती है। राजस्थान में तो पेपरलीक, महिलाओं की सुरक्षा, 450 रु. में गैस सिलेण्डर, पिछले दिनों ही गोगामेडी की घर में हत्या जैसी घटनाएं गंभीर चुनौतियां है। एक तरफ हालात को सुधारना है तो दूसरी और कुछ निर्णय तो नई सरकार को तत्काल लेकर चुनावों के दौरान की गई घोषणाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश देना होगा। हांलाकि राज्य सरकार ने शपथ ग्रहण के दिन ही मोदी साथे राजस्थान विज्ञापन में आओं करें शुरुआत, राजस्थान के नव निर्माण की, के माध्यम से दे दी है। निश्चित रुप से राज्य सरकार का यह विज्ञापनीय संदेश नई सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और माना जाना चाहिए कि पहले दिन ही कुछ इस तरह के निर्णय कर लिए जाएंगे जिससे जनता में सीधा व सकारात्मक संदेश जा सकेगा।

राजस्थान के संदर्भ में बात करें तो मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का पार्टी महामंत्री के रुप में कार्य करते हुए ग्रासरुट स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा जुड़ाव और एक उत्कृष्ठ संगठनकर्ता के रुप में टीम को नेतृत्व देते हुए कार्य करने का लंबा अनुभव है और निश्चित रुप से इस अनुभव का लाभ मिलेगा। दूसरी और मंत्रीमण्डल के गठन, मंत्रालयों का वितरण, प्रशासनिक ढांचें की रिशप्लिंग का चुनौतीपूर्ण कार्य है जिससे लोकसभा चुनावों से पहले जनता को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गॉरंटी का संदेश प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सके। आगामी तीन-चार माह सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होंगे इससे इंकार नहीं किया जा सकता। आाशा की जानी चाहिए कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल अपने संगठनात्मक अनुभव का लाभ उठाते हुए राजनीतिक व प्रशासनिक टीम तैयार कर राजस्थान को अग्रणी प्रदेश की श्रेणी में ले जाने की दिशा में आगे लाएंगे। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल को जन्मदिन के अवसर पर इससे बढ़कर दूसरा कोई तोहफा होई नहीं सकता। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा को जन्मदिन और मुख्यमंत्री पद की शपथ की बधाई व मंगलकामनाएं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 16 दिसम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, श्रवण नक्षत्र रात्रि 4:37 तक, व्याघात योग रात्रि 3:43 तक, वणिज करण प्रातः 9:16 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मकर, मंगल-वृश्चिक, बुध-धनु, गुरू-मेष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 4:37 तक रहेगा। रवियोग दिन 3:38 से रात्रि 4:37 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 8:30 से 9:47 तक, चर 12:22 से 1:40 तक, लाभ-अमृत 1:40 से 4:14 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:13, सूर्यास्त 5:32

### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### सिंह

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### धनु

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

### वृष

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### कन्या

व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### मकर

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मिथुन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### तुला

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

### कुंभ

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में भय और असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कर्क

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### वृश्चिक

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मीन

आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

# बीगोद में फैक्ट्रियों से निकलने वाली स्टोन स्लरी को स्कूल में डालने से परेशानी

## स्टोन कटिंग से निकलने वाली स्लरी से प्रदूषण फैलने के साथ जनहानि होने की आशंका

**माण्डलगढ़, (निसं)।** बीगोद कस्बे में रीको की स्टोन कटिंग फैक्ट्रियों के संचालक खुलेआम प्रदूषण फैला रहे हैं। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनदेखी के चलते फैक्ट्रियों से निकलने वाली वेस्ट स्लरी को नियम विरुद्ध मनमर्जी से सरकारी जगह में डालने के साथ स्कूल परिसरों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। जिससे पालतू पशुओं और छोटे बच्चों के लिए स्लरी डंपिंग मुसीबत बनती जा रही है और हादसे की आशंका बनी रहती है।

बीगोद कस्बे के जालियां रोड़ पर स्थित एक सरकारी स्कूल को स्लरी डम्पयार्ड बनाने से स्कूली बच्चों के लिए हादसे की आशंका बनी हुई है। कस्बे के रिको एरिया में चल रही कई स्टोन कटिंग फैक्ट्रियां खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रही है।

फेक्ट्रियों से निकली खतरनाक स्लरी को खुले में डाला जा रहा है। कार्यवाही का डर नहीं होने से फेक्ट्रियों से निकली स्लरी अब सरकारी स्कूल परिसर में भी डालने लगे हैं।

कस्बे के किरो की झोपड़िया स्कूल परिसर और बाहर फेक्ट्री से निकली स्लरी रात के अंधेरे में डाली जा रही है। जो स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। स्लरी का स्कूल परिसर में दलदल भरा रहता है। स्लरी को डंपिंग यार्ड में डालने की जगह कोई निर्धारित नहीं होने से सड़क किनारे और खुले में डाली जा रही है। इस मामले में विधालय प्रशासन ने स्लरी डालने वालों को शिकायत कर वापस उठाने के लिए कहा गया तो फैक्ट्री संचालकों ने दबंगई जता कर डरा जाता है।

विनय कट्टा, प्रदूषण नियंत्रण मंडल विभाग क्षेत्रीय अधिकारी, भीलवाड़ा का कहना है कि खुले में स्लरी डालने का मामला गंभीर है। मौक़े पर टीम भेजकर फैक्ट्रियों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



**माण्डलगढ़ के बीगोद रीको एरिया में स्टोन कटिंग फैक्ट्रियों से निकलने वाली स्लरी को स्कूल परिसर में डाला जा रहा है।**

- **बीगोद कस्बे के जालियां रोड़ पर स्थित एक सरकारी स्कूल को स्लरी डम्पयार्ड बनाने से स्कूली बच्चों के लिए हादसे की आशंका**

# मनरेगा योजना के कार्यों का विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया

## औचक निरीक्षण में कई जगह अनियमितता पाई गई



**विकास अधिकारी कविता जसोरिया ने मनरेगा कार्यों का औचक निरीक्षण किया।**

**परबतसर, (निसं)।** महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षैत्र के गांवों में विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण किये जाने पर कई जगह अनियमितता पाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत झालरा के राजस्व ग्राम सांचौर में प्रगतिरत कार्य तालाब खुदाई कार्य जाजडो की ढाणी, मैत्रीया नाडा सांचौर एवं विद्यालय के पास सार्वजनिक तालाब खुदाई एवं गाद निकासी कार्य सांचौर का विकास अधिकारी कविता जसोरिया पंचायत समिति परबतसर ने औचक निरीक्षण किया।

इस दल में अति. विकास अधिकारी पंचायत समिति परबतसर जितेन्द्र कुमार बंसल, छुट्टन लाल मीना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत झालरा एवं कानसिंह धाभाई कनिष्ठ सहायक झालरा भी शामिल रहे। निरीक्षण के समय कार्य तालाब खुदाई जाजडों की ढाणी मैत्रीया नाडा सांचौर पर कार्यरत मेट राजू देवी द्वारा मस्टररोल में श्रमिक संख्या 97 एवं उपस्थिति संख्या 66 थी, जबकि कार्य पर निरीक्षण के दौरान उपरोक्त कार्य पर 10 श्रमिक ही उपस्थित थे। महात्मा गांधी नरेगा योजना में अनियमितता मानते हुए मेट राजु देवी को ब्लेकलिस्ट किया गया। साथ ही विद्यालय के पास सार्वजनिक तालाब खुदाई एवं गाद निकासी कार्य सांचौर पर कुल उपस्थिति दर्ज श्रमिक 35 में से कार्यस्थल पर 21 श्रमिक पाये गये। इस कार्य पर मेट नियोजित नहीं होने के कारण कार्य पर पाई गई लापरवाही के संबंध में देवीलाल, कनिष्ठ तकनिकी सहायक, छुट्टन लाल मीना, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत झालरा एवं कनिष्ठ सहायक कानसिंह धाभाई को भविष्य में इस तरह की पुनरावृति रोकने हेतु निर्देशित किया गया।

- **अनियमितता पाये जाने पर मेट को ब्लेकलिस्ट किया**

# नाबालिग बेटी ने अपने माता-पिता पर खुद को बेचने का आरोप लगाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जहाजपुर उपखंड क्षेत्र में एक बार फिर रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां रुपयों के लालच में देह व्यापार के लिए अपनी नाबालिग बेटी को बेचना चाहते हैं। लड़की ने माता-पिता पर 20 लाख रुपए में बेचने का आरोप लगाते हुए पुलिस उपाधीक्षक हंसराज बैरवा के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई है।

एक तरफ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जाता है लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण हलकों में नाबालिग बेटियों को अंधाधुंध सौदा किया जा रहा है। बेटियों की सरेआम बोलियां लगाई जा रही हैं। चंद रुपयों की खातिर लोग अपनी बेटियों को बेच रहे हैं। उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में रहने वाली लड़की ने अपने माता-पिता पर वेश्यावृत्ति के लिए 20 लाख रुपए में बेचने का आरोप लगाते हुए पुलिस की शरण ली है। लड़की ने कहा कि मेरे माता-पिता मुझे वेश्यावृत्ति के लिए 20 लाख रुपए में ग्वालियर बेचना चाहते हैं लेकिन मैं शादी करके अपना घर बसाना चाहती हुं। अपने माता-पिता के खिलाफ अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है।

# तीन जिला जज के तबादले

**जोधपुर, (कासं)।** हाईकोर्ट प्रशासन ने तीन जिलों के जिला जज बदले है। साथ ही 55 अन्य न्यायिक अधिकारी भी ट्रांसफर किए।

प्रशासन ने जिला जज स्तर के सात अधिकारियों सहित 58 न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया है। इधर विधि विभाग ने वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश से जिला जज संवर्ग में एडहॉक आधार पर पदोन्नत 49 न्यायिक अधिकारियों को सेवा विस्तार व वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश स्तर के 28 अधिकारियों को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पद पर पदोन्नत किया है। राघवेंद्र कछवाल को जिला सत्र न्यायाधीश राजसमंद, मंछाराम सुथार को बालोतरा व सुनील कुमार पंचोली को डूंगरपुर कलगाया है। एडहॉक आधार पर जिला जज संवर्ग में पदोन्नत 25 अधिकारियों का पदस्थापन किया है। गुंजल गोयल को जयपुर जिला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पूनाराम को जयपुर महानगर-द्वितीय क्षेत्र में सीएमएम, प्रियंका पारीक को जयपुर महानगर-प्रथम क्षेत्र में सीएमएम, अर्चना गुप्ता को जयपुर महानगर-द्वितीय क्षेत्र में एसीएमएम (आर्थिक अपराध), चेतन कुमार गोयल को जयपुर महानगर-द्वितीय क्षेत्र स्थित विशेष न्यायालय (जेडीए) में एसीएमएम- प्रथम व नारायण प्रसाद को जयपुर महानगर-द्वितीय क्षेत्र में एसीएमएम (रेलवे) पद पर लगाया है।

# बच्चों ने मां से मिलने से इनकार किया तो हैरान रह गए न्यायाधिपति

**जोधपुर, (कासं)।** पिता की कस्टडी में रह रहे दो नाबालिग बच्चों ने राजस्थान हाई कोर्ट में कहा कि वे अपनी मां से नहीं मिलना चाहते। इस पर न्यायाधिपति ने कहा कि जिस मां ने जन्म दिया, अगर बच्चे उससे नहीं मिलना चाहते तो शक है कि उन्हें सिखा-पढ़ाकर लाया गया होगा। इन बच्चों को काउंसिलिंग की जरूरत है।

हाई कोर्ट के न्यायाधिपति अरुण मोंगा की सिंगल बेंच ने फैसला देते हुए कहा कि काउंसिलिंग से पता चलेगा कि बच्चों पर ऐसा क्या प्रेशर है, जिसके कारण वे मां से नहीं मिलना चाहते। कोर्ट ने कहा कि सामान्यतः बच्चे जिसकी कस्टडी में होते हैं, उसके पक्ष में बयान देते हैं। ऐसे में बच्चों की इच्छा पर फैसला लेना उनके हित में नहीं होगा।

जानकारी के अनुसार जोधपुर के उदय मंदिर थाना निवासी एक विवाहिता ने फैमिली कोर्ट में अपने पति के खिलाफ अक्टूबर 2021 में याचिका लगाई थी। याचिका में उसने अपने दो नाबालिग बच्चों से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। बच्चे पिता की कस्टडी में हैं।

फैमिली कोर्ट ने मई 2023 में पति को आदेश दिया कि दोनों बच्चों को कोर्ट में पेश करें। इस आदेश को पति ने हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाई कोर्ट ने अगस्त 2023 को आदेश दिया कि बच्चों को हर सप्ताह शुक्रवार को मेडिटेशन सेंटर में उनकी मां से मिलवाया जाए। इसके बाद नवंबर में हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि बच्चों को उनकी मां से मिलवाने के लिए हर दूसरे दिन 1 घंटे के लिए भेजा जाए। 23 नवंबर को बच्चों के पिता ने कोर्ट से कहा कि बच्चे खुद अपनी मां से नहीं मिलना चाहते। ऐसे में उन्हें बाध्य नहीं किया जा सकता।

महिला के वकील सलमान आगा ने यह तर्क दिया कि मां को अपने बच्चों से मिलने का अधिकार है। बच्चों को मां से न मिलने देना बच्चों के हित में नहीं है। इस पर 8 दिसंबर 2023 को दोनों बच्चों को कोर्ट में बुलाया गया। उनकी इच्छा के बारे में पूछा तो दोनों बच्चों ने मां से मिलने से साफ मना कर दिया। इस पर न्यायाधिपति ने आशंका जताई कि बच्चों को सिखाया-पढ़ाया गया है, यही कारण है कि वे जन्म देने वाली मां से मिलने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों ने मां से मिलने से इनकार किया है तो उनकी काउंसिलिंग की जाए। बच्चे फिलहाल पिता की कस्टडी में हैं।

न्यायाधिपति ने जोधपुर एम्स के डायरेक्टर को बच्चों की काउंसिलिंग मनोचिकित्सक से कराने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि एम्स डायरेक्टर बच्चों की काउंसिलिंग के लिए मनोचिकित्सक नियुक्त करें जो लगातार 6 सप्ताह तक हर शनिवार इन बच्चों की काउंसिलिंग करेंगे। इसके बाद जोधपुर फैमिली कोर्ट में इसकी रिपोर्ट पेश की जाएगी।

- **जिस मां ने जन्म दिया, अगर बच्चे उससे नहीं मिलना चाहते तो शक हैं कि उन्हें सिखा-पढ़ाकर लाया गया होगा, इन बच्चों को काउंसिलिंग की जरूरत है : न्यायाधिपति**
- **जोधपुर के उदय मंदिर थाना निवासी एक विवाहिता ने फैमिली कोर्ट में अपने पति के खिलाफ अक्टूबर 2021 में याचिका लगाई थी**
- **याचिका में उसने अपने दो नाबालिग बच्चों से मिलने की इच्छा जाहिर की थी, बच्चे पिता की कस्टडी में हैं**

# जाली काट कर बाल सुधार गृह से तीन बाल अपचारी भागे, चार घंटे बाद ही पकड़े

**बीकानेर, (निसं)।** जिला मुख्यालय के राजकीय संप्रेषण एवं किशोर सुधार गृह से तीन बाल अपचारी छत की जाली काट कर फरार हो गए। यह बाल अपचारी हाल ही में संप्रेषण गृह में आए थे। बाल अपचारियों के भागने की सूचना पर अधिकारियों में हड़कंप मच गया। किशोर गृह के अधिकारियों ने बाल अपचारियों के भागने की सूचना जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम को दी। पुलिस अधीक्षक ने सीओ सदर व सदर एसएचओ सुरेन्द्र पचार को मौके पर भेजा। हालांकि पुलिस और बाल सुधार गृह के अधिकारियों ने साढ़े चार घंटे में ही तीनों बाल अपचारियों को पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार, बाल अपचारियों ने किशोर गृह से भागने की पूरी तैयारी कर रखी थी। घटना को रात दस बजे से पहले ही अंजाम दे डाला। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड की घोर लापरवाही की बात अधिकारियों के सामने भी आई। रात करीब साढ़े नौ बजे बाल अपचारी जाली काट कर भाग गए और किसी को पता तक नहीं चला। बाल संप्रेषण गृह के अधिकारियों ने मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भिजवाई है।

गौरतलब है कि गत वर्ष संप्रेषण गृह में एक बाल अपचारी पर जानलेवा हमला हुआ था। इसके अलावा संप्रेषण गृह से जमानत पर छूटने के बाद एक बाल अपचारी जयपुर में जी-क्लब पर हुई फायरिंग मामले में भी पकड़ा गया था। इन मामलों से बीकानेर का किशोर एवं बाल संप्रेषण गृह सुर्खियों में आया था। इसके बाद इसकी व्यवस्था को सुधारने की जरूरत महसूस की गई, लेकिन ताजा घटना ने फिर से सुरक्षा संबंधी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

हॉल की छत पर लगी जाली को तोड़कर भागे तीन बाल अपचारियों पर अलग-अलग मामले दर्ज हैं। एक चोरी और दो जानलेवा हमला व मारपीट के मामले में विचाराधीन हैं। सदर पुलिस के अनुसार, खाना खाने के बाद सभी बाल अपचारी अपने कक्ष में चले गए। तभी इन बाल अपचारियों ने लोहे की एंगल से हॉल की छत पर लगी जाली को तोड़ा और फरार हो गए। सुरेन्द्र कुमार, अधीक्षक, राजकीय किशोर एवं संप्रेषण गृह बीकानेर का कहना है कि किशोर सुधार गृह से तीन बाल अपचारी भाग गए थे, जिन्हें पुलिस और बाल अपचारियों के अभिभावकों की मदद से चार घंटे के भीतर ही दबोच लिया गया। बाल अपचारियों के भागने में प्रथमदृष्टया सुरक्षा गार्ड भीम सिंह की लापरवाही सामने आई है। सुरक्षा गार्ड को हटा दिया है।

# गहलोत को अब जूनियर नेता के निर्देश पर काम करना है

## मुकुल वासनिक को कमेटी का कन्वीनर बनाकर गहलोत और भूपेश बघेल को बनाया गया सदस्य

■ **यह कमेटी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन का काम देखेगी, ऐसे में अब गहलोत का राजस्थान में दखल नहीं होगा**

**जयपुर,** (का.प्र.)। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव हारने के बाद अब कांग्रेस ने भी अगले साल मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी तैयारी के तहत राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन के लिए एक कमेटी बनाई गई है जिसमें राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सदस्य बनाया गया है।

कहा तो यह जा रहा है कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी लोकसभा चुनाव के लिहाज से कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। इस नियुक्ति को देखते हुए अशोक गहलोत के समर्थक खुश भी हो रहे हैं। वही राजनितिक जानकारो का कहना है कि लोकसभा चुनाव तक अशोक गहलोत को राजस्थान के बाहर भेजकर कांग्रेस ने राजस्थान में नए लोगों को मौका देने का मन बना लिया है।

राजस्थान में लगातार 3 बार अशोक गहलोत के नेतृत्व में सत्ता गवाने के बाद कांग्रेस ने हमेशा की तरह ही गहलोत को दिल्ली में जिम्मेदारी दी है। हालांकि यह जिम्मेदारी उस तरह की नहीं है कि संगठन में बहुत ज्यादा दखल दिया जा सके। यह जिम्मेदारी ऐसी है, जिसमें अशोक गहलोत को मुकुल वासनिक के मातहत बनकर काम करना होगा, क्योंकि जिस कमेटी में अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शामिल किया गया है, उसमें कन्वीनर मुकुल वासनिक हैं। इस कमेटी में राजस्थान के मोहन प्रकाश को भी मौका दिया गया है। मोहन प्रकाश कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विश्वास लोगों में माने जाते हैं।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए बताया है कि लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेशनल अलायंस कमेटी का गठन किया है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी इस कमेटी में शामिल किया गया है।

कांग्रेस के संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार, इस नेशनल अलायंस कमेटी का कन्वीनर मुकुल वासनिक को बनाया गया है। उनके अलावा राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश को भी इस कमेटी में शामिल किया गया है।

## 'पुराने राजस्व मामलों का शीघ्र निपटारा करें'

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की राजस्व अदालतों में दशकों से लंबित चल रहे मुकदमों का निस्तारण नहीं होने को गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट ने सभी राजस्व अदालतों को निर्देश दिए हैं कि वह पांच से दस साल पुराने मामलों को अलग कैटेगिरी में रखकर उनका जल्दी निस्तारण किया जाए। वहीं ऐसे मामलों की पहचान के लिए उन्हें अलग रंग के कवर में रखा जाए। अदालत ने सभी राजस्व अधिकारियों को कहा है कि वह आर्डर शीट को कर्मचारियों के भरोसे न छोडकर स्वयं अपने हाथ से लिखे। इसके अलावा हर माल लंबित मामलो की जानकारी संबंधित जिला कलेक्टर को भेजी जाए। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश विशंभर दयाल व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।



**उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित पापड़ के हनुमानजी मंदिर पहुँचकर भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर की विभिन्न माँगों को लेकर अनशन पर बैठे संतों से वार्ता की और अनशन ख़त्म करवाया।**

# कोविड पॉजिटिव पाए जाने पर सैम्पल की जीनोम सिक्वेंसिंग कराने के निर्देश

## चिकित्सा विभाग सॉर्स कॉव-2 जेएन. 1 वैरिएंट को लेकर सतर्क

■ **चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने नए वैरिएंट को लेकर की समीक्षा बैठक**

**जयपुर।** प्रदेश में चिकित्सा विभाग करोना के नए वैरिएंट सॉर्स कॉव-2 जेएन. 1 को लेकर सतर्क हो गया है। इसके चलते विभाग ने कोविड पॉजिटिव पाए जाने पर सैम्पल की जीनोम सिक्वेंसिंग करोन के निर्देश दिए हैं।

चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने मंगलवार को शासन सचिवालय में राज्य में कोविड-19, आईएलआई तथा एसएआरआई रोगों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि केरल में सॉर्स कॉव 2 जेएन. 1 वैरिएंट के रोगी पाए गए है। इसे देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में आने वाले आईएलआई एवं श्वसन रोगों से पीड़ित रोगियों की सतत निगरानी की जाए। सात ही आवश्यकतानुसार जांच के लिए नमूने लिये जाएं। उन्होंने रोगियों की सूचना प्रतिदिन आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य रवि प्रकाश शर्मा, राज्य नोडल अधिकारी व एसएमएस मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबॉयोलोजी विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि केरल में पाये गये सॉर्स कॉव-2 जेएन. 1 वैरिएंट का प्रदेश में एक भी रोगी चिन्हित नहीं हुआ है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में इस वैरिएंट का एक भी रोगी सामने नहीं आया है, लेकिन एहतियातन सभी चिकित्सा संस्थानों में रोगियों के उपचार के लिए आवश्यक आइसोलेशन बैड, ऑक्सीजन बैड, आईसीयू बैड, वेन्टीलेटर, दवाइयों एवं जांच सुविधा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सिंह ने कहा कि संयुक्त निदेशक-जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आईडीएसपी टीम आईएलआई एवं एसएआरआई रोगियों की निगरानी रखे। वहीं ऐसे रोगियों की जांच कराई जाए। किसी जिले में कोविड पॉजिटिव रोगी पाये जाने पर उसका सैम्पल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए लैब में भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। यह सुविधा जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में उपलब्ध है।

उधर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया आज वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए सभी राज्यों के चिकित्सा मंत्री, एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव वीसी में मौजूद रहेंगे। राजस्थान से एसीएस हैल्थ शुभ्रा सिंह समेत अन्य चिकित्सा अधिकारी वीसी में शामिल होंगे।राजस्थान के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर व कोरोना की रोकथाम के लिए जारी प्रयासों के बारे में रिपोर्ट देंगे।

# युवाओं के नाम जोड़ने के लिए 6 से विशेष अभियान : प्रवीण गुप्ता



**भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनावों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता भी मौजूद थे।**

**जयपुर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनावों के संबंध में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के संबंध में राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस क्रम में अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही के दौरान 17 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए आगामी 6 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश भर में इनकी संख्या करीब 3 लाख होगी। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान ट्रांसजेंडर, दिव्यांग एवं सहरिया आदिवसियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य विधानसभा आम चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के 4 अक्टूबर, 2023 को अंतिम प्रकाशन के बाद नए नाम जोड़ने के लिए अब तक प्रपत्र 6 में 3,11,034 आवेदन सहित कुल 5,27,032 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 87,314 को छोडकर शेष आवेदन निस्तारित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 6 नवंबर ई-रोल अपडेट हुए सभी मतदाताओं को मतदाता पहचान-पत्र मुद्रित कर वितरित किए जा चुके हैं।

## युवती की सरेराह हत्या करने वाले अभियुक्त को उम्रकैद

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-6 महानगर प्रथम ने करीब तीन साल पहले सरेराह युवती को चाकू से गोदकर उसकी हत्या करने वाले अभियुक्त विष्णु चौधरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर 26 सितंबर, 2020 को मृतका गरिमा की बुआ के बेटे ने आदर्श नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी ममेरी बहन गरिमा परीक्षा देने सुबह वैदिक कन्या कॉलेज गई थी। करीब 10.30 बजे सूचना मिली की विष्णु चौधरी ने धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि मृतका कनोडिया कॉलेज में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा थी। अभियुक्त विष्णु चौधरी उसका परिचित था। अभियुक्त ने वैदिक कन्या कॉलेज के बाहर खडी गरिमा को चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। अभियुक्त पूर्व में पीडिता को फोन कर परेशान करता था।

## आभार जताया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी ने आज केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री गडकरी को संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ और प्रदेश में राजमार्गों को लेकर दी सौगातों के संबध में आभार जताया।

## पीएम मोदी का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत बनाना : प्रभुलाल सैनी

**जयपुर,** (का.सं.)। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया गया। इस दौरान कार्यशाला के दो सत्र आयोजित किए गए जिसमें प्रथम सत्र को भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और पीएम विश्वकर्मा योजना के प्रदेश संयोजक प्रभुलाल सैनी ने संबोधित किया। वहीं दूसरे सत्र को मथुरा विधायक श्रीकांत शर्मा ने संबोधित किया। कार्यशाला के दौरान ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्षों और जिला महामंत्रियों को प्रदेशभर से पांच लाख दस्तकारों और कारीगरों को इस योजना से जोड़ने के लक्ष्य को लेकर चलने का आव्हान किया गया। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत से 50 दस्तकारों और कारीगरों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक ट्रेड के कारीगरों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के विजन पर काम किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूरदृष्टि के नेता हैं और इसी वजह से उनकी लोकप्रियता हर दिन बढ़ रही है। कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने आजादी के बाद जो आर्थिक रोडमैप बनाया उसमें हमारे पारंपरिक व्यवसायों लघु उद्योग, कुटीर उद्योग और किसानों को कौशल से दूर करने का प्रयास किया।

# राज्यपाल से विदेश सेवा के अधिकारियों ने मुलाकात की



**राज्यपाल कलराज मिश्र से भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1998 और 1999 के तीन अधिकारियों ने मंगलवार को राजभवन में मुलाकात की। राज्यपाल से इन अधिकारियों की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने विदेश सेवा के अधिकारियों से संवाद करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते हुए भारतीय संस्कृति और गौरव के प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया। हरिशचंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के अतिरिक्त महानिदेशक महेंद्र सोनी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।**


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री ताराचंद जी कायथ** का स्वर्गवास सोमवार 18.12.2023 को हो गया जिनकी तीये की बैठक 20.12.2023 को समय 3 से 4 बजे निवास स्थान- हाड़ीपुरा, रैगरो का मोहल्ला, वार्ड नंबर 2, खेल मैदान, पानी की टंकी के पास, आमेर, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- उमराव मल, सुरेंद्र कुमार, भागचंद (भ्राता), मनमोहन कायथ (पुत्र), अशोक, संजय, विनय, दीपक समस्त कायथ परिवार। जितेंद्र- पूजा, कमल- आरती (बेटी- दामाद)

मो.- 8384924649, 9314322333



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


# सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड में लिप्त 7 बदमाशों को अजमेर जेल शिफ्ट किया

■ **बताया जा रहा है कि जयपुर सेंट्रल जेल में पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा का हवाला देते हुए इन बदमाशों को यहां रखने से मना किया**

■ **अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही है बदमाशों पर नजर**

**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों और प्लानिंग में मदद करने वाले 7 बदमाशों को एनआईए कोर्ट ने 2 जनवरी तक जेल भेज दिया। कोर्ट में पेशी के बाद सोमवार को जब पुलिस सातों बदमाशों को लेकर जयपुर सेंट्रल जेल पहुंची तो अधिकारियों ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अपने यहां रखने से इनकार कर दिया। इस पर जेल विभाग के सीनियर अधिकारियों और कमिश्नरेट के अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। इसके बाद सभी बदमाशों को अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में रखने का फैसला किया गया। उधर दूसरी ओर एन.आई.ए. ने इन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सूत्रों के अनुसार जयपुर जिला जेल और सेंट्रल जेल में इन बदमाशों को रखने की व्यवस्था है, लेकिन इनकी जान को खतरा था। इसलिए इनको हाई सिक्योरिटी में रखना जरूरी हो गया था। अधिकारियों का मानना है कि 5 दिसंबर को गोगामेड़ी की हत्या के बाद से आरोपियों और पुलिस प्रशासन के खिलाफ समाज काफी आक्रोशित है। आरोपियों नितिन फौजी, रोहित राठौड़, रामवीर जाट, सुमित, राहुल, भवानी उर्फ रोनी और उधम सिंह की जान को खतरा है। इसकी इंटेलिजेंस रिपोर्ट भी थी। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जयपुर सेंट्रल जेल में अगर इन बदमाशों को रखा जाता तो कभी भी इन पर हमला हो सकता था। इसके चलते जेल प्रशासन पर सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो सकते थे। बताया जा रहा है कि अजमेर जेल में सातों आरोपियों को दो अलग-अलग बैरक में रखा गया है। इनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए बैरकों में सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं। इनके बैरक के बाहर 24 घंटे एक गार्ड भी लगाया गया है, जो इन पर व्यक्तिगत निगरानी रख रहा है। सेंट्रल जेल में प्रदेश के 25 से अधिक हार्डकोर क्रिमिनल बंद हैं, इसलिए सुरक्षा को देखते हुए इन पर पैनी नजर रखी जा रही है।

ज्ञात रहे कि मामले की जांच के लिए एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने एडिशनल कमिश्नर (जयपुर) कैलाश बिश्नोई के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने हत्या करने वाले शूटर मकराना के जूसरी निवासी रोहित राठौड, हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी नितिन फौजी, फरारी में सहयोग करने वाले रामवीर जाट, उधम सिंह और वारदात के पहले नितिन को पनाह देने के मामले में पूजा सैनी को गिरफ्तार कर लिया था। इसके साथ ही हत्या की साजिश में शामिल भवानी सिंह उर्फ रोनी, राहुल और सुमित को हरियाणा की जेल से प्रोडक्शन वारंट परगिरफ्तार किया था। इस हत्याकांड के शूटरों तक हथियार पहुंचाने वाला कोटा के गुमानपुरा निवासी हिस्ट्रीशीटर महेंद्र उर्फ समीर हथियार लेकर फरार हो गया। उसे पकडने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि महेंद्र के पास -47 भी हो सकती है। उसकी पत्नी पूजा सैनी के पास से पुलिस को एक फोटो मिली है, जिसमें उसके फ्लैट पर -47 रखी हुई है। यह -47 राजू ठेहट हत्याकांड के लिए मंगवाई गई थी। महेंद्र ने हत्याकांड के लिए हथियार और पैसे की व्यवस्था की थी। महेंद्र ने परिचित युवती के बैंक खाते में चंडीगढ़ से किसी के जरिए 6 लाख रुपए मंगवाए थे। पुलिस ने महेंद्र पर 2 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे कुछ दस्तावेज में मेरा नाम बाबू लाल मालिया दर्ज है और सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम बाबू लाल हरिजन दर्ज है मैं अपने सभी दस्तावेजों और सर्विस रिकॉर्ड में मेरा सही नाम बाबू लाल मालिया दर्ज करवाना चाहता हूं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। पता 107 श्यामपुरी हिदा की मोरी गांधी सर्किल जयपुर

**आम सूचना**

मैं ओमप्रकाश सारवान पुत्र स्वर्गीय श्री गिरिराज प्रसाद सारवान आयु 45 वर्ष निवासी प्लॉट नंबर 67 संतोष नगर अजमेर रोड जयपुर सशपथ बयान करता हूं कि मैंने एक प्लॉट सर्वे नंबर 2616, 2627 मनोहरपुर कच्ची बस्ती जगतपुरा जयपुर में सन 2007 में रामलाल पुत्र श्री दूजी राम से खरीदा था जिसे मैंने सन 2017 माह नवंबर में मेरे छोटे भाई मुकेश सारवान पुत्र स्वर्गीय श्री गिरिराज प्रसाद सारवान को पारिवारिक बंटवारे के तहत मय समान समस्त दस्तावेज व कब्जे के साथ मौके पर संभला दिया था मेरा इस उक्त प्लॉट से कोई लेना- देना शेष नहीं है इस प्लॉट से संबंधित समस्त लाभ हानि की और कानूनी विवाद और इससे संबंधित सभी कार्यवाहियों की जिम्मेदारियां मेरे छोटे भाई मुकेश सारवान की रहेगी **ओमप्रकाश सारवान पुत्र स्व. श्री गिरिराज प्रसाद सारवान**

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक- जविप्रा/उपा/जोन-5/2022/डी- 2554 दिनांक-15/12/23

**आम सूचना**

मोती भवन निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना स्कीम नं. 8, स्वामी विहार के भूखण्ड संख्या 251 के नियमन एवं पट्टा विलेख जारी करने बाबत आवेदक श्री उमेश श्रृंगी, अध्यक्ष श्रृंग विचार समिति, जयपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा मूल आवंटी श्री अरुण जैन पुत्र श्री भागचन्द जैन द्वारा दिनांक 09.10.2000 को अध्यक्ष, श्रृंग विचार समिति श्री सिंद्ध गोपाल सिखवाल के पक्ष में निष्पादित अपंजीकृत इकरानामा प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र व दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नियमन कर पट्टा विलेख जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त जोन-5, जयपुर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक :-13395 दिनांक :-15.12.2023

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 104/121 (MIG-B), (एरिया 156.50 वर्गमीटर.) का आवंटन श्री सी.पी. शर्मा पुत्र श्री एम.पी. शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1078 दिनांक 09.06.2004 को जारी किया गया था। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 19.06.2004 के द्वारा प्राप्त किया गया। श्री सी.पी. शर्मा की मृत्यु दिनांक 24.05.2021 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी, पुत्रीयाँ एवं पुत्र 1. श्रीमती उमा शर्मा पत्नी स्व. चन्द्र प्रकाश 2. श्रीमती दिप्ती एन. मुदगल पत्नी श्री नितिन मुदगल 3. सुश्री प्रियंका शर्मा पुत्री स्व. श्री सी.पी. शर्मा 4. सुश्री रुचि शर्मा पुत्री स्व. श्री सी.पी. शर्मा एवं 5. श्री चिंकु शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.पी. शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, 1. श्रीमती उमा शर्मा पत्नी स्व. चन्द्र प्रकाश 2. श्रीमती दिप्ती एन. मुदगल पत्नी श्री नितिन मुदगल 3. सुश्री प्रियंका शर्मा पुत्री स्व. श्री सी.पी. शर्मा 4. सुश्री रुचि शर्मा पुत्री स्व. श्री सी.पी. शर्मा एवं 5. श्री चिंकु शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.पी. शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**(18) लिबर्टी पशुधन सहायक प्रशिक्षण संस्थान**

राजस्थान वेटेनरी यूनिवर्सिटी, बीकानेर से मान्यता प्राप्त

**2 वर्षीय पशु चिकित्सा डिप्लोमा**

12th कृषि अथवा जीव विज्ञान

एडमिशन मैनेजमेंट सीट

229(A), राजेन्द्र प्रसाद नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

**मुकदमा नम्बर 279 / 2023**

चूंकि श्री सत्य नारायण मोदानी पुत्र श्री रामजी दास मोदानी सी-132. रिशभ पथ श्याम नगर जयपुर (राज.) 302019 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत रामजीदास मोदानी फाउण्डेशन 508 नीलकंठ 1 भवानी सिंह रोड जयपुर 302001 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है. में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 22.01.2024 आकाश रंजन

सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 51/2023

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री ब्रजबिहारी सैनी (बहादुर) पुत्र श्री भौमसिंह निवासी 3, सैनी मोहल्ला, मूंडपुरी खुर्द, तहसील गोविन्दगढ जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर श्री ठाकुर जी महाराज ट्रस्ट, मूंडपुरी खुर्द, तहसील गोविन्दगढ जिला अलवर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 07.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 12.01.2024

मोहर अदालत सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

**प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)**

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 289/2023

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री राजेन्द्र कुमार सोनी पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सोनी निवासी मानपुर दौसा (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत आदर्श शिक्षा समिति, दौसा पूनम सिनेमा के पीछे उच्च मा. बालिका विद्यालय परिसर दौसा के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 5.2.2024

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)

मोहर अदालत सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. CIS-339/22

**रेखा देवी बनाम गोपाल वगैराह**

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम श्रीमति रेखा देवी पत्नी गोपाल छीपा जाति बावरिया

स्थान ए-55, रामसिंह कालोनी, रामसिंहपुरा, प्रतापनगर, सांगानेर

12 DA Act की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 02.01.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि नाम गोपाल छीपा पुत्र रामेश्वर जाति-छीपा निवासी-ग्रा. पदमपुरा, रोड टोडाभीम, जिला-करौली (राज.) का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 02 माह 01 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 31 माह 10 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत **अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-17, जयपुर महानगर प्रथम, सांगानेर**

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 305/23

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम सुनिल कुमार पारीक पुत्र गोविन्द नारायण पारीक जाति पारीक

विवाद स्थान 1145, गलता वालों की बगीची, चोकडी गंगापोल त्रिपोलिया बाजार, जयपुर

मृतक गोविन्द नारायण पारीक की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 5.1.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम गोविन्द नारायण पारीक पुत्र कन्हैयालाल पारीक जाति..... निवासी 1145, गलता वालों की बगीची, चोकडी गंगापोल त्रिपोलिया बाजार, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 05 माह 01 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 6 माह 12 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत **आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर-द्वितीय**

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम निरंजन चौधरी था अब बदलकर लोकेश देवन्दा पुत्र तेजाराम चौधरी रख लिया है। अब भविष्य में मुझे लोकेश देवन्दा के नाम से जाना जावे। पता-ग्राम पोस्ट करेडा खुर्द तहसील चाकसू जिला-जयपुर

मै उमा यादव पत्नि श्री नवीन यादव, निवासीः 64, हीरा नगर-ए, अजमेर रोड़, 200 फिट बाईपास के पास, हीरापुरा, जयपुर, राज. 302021 की निवासी हुँ, मैने अपना नाम ओमी यादव से बदलकर उमा यादव कर लिया है। भविष्य में मुझे उमा यादव से जाना पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम राजकुमारी अग्रवाल से बदलकर राज गुप्ता कर लिया है अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये पताः 105/57, विजयपथ, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर- 302020

I Pooja Kataria D/O Nalani Kant Dixit And W/o Vinod Kataria R/o R-64, Hill View Garden Trehan Thara, Alwar, Khazuri Bass, Rajasthan-301018, have changed my name to Reema Kataria

I, Preeti Singh W/o Sanjay Sunny Stone R/o Plot No D-198, Flat No S-3, Tara Nagar, Jhotwara, Jaipur 302012. My Son's school records my name (mother) Preeti Stone wrongly recorded. My Correct Name is Preeti Singh. In future known me Preeti Singh.

I have changed my name from jai Kumar to jai Kumar tharwani r/o 66/26 heera path mansarovar Jaipur

I Nand Lal s/o Phool Chand Thakur changed my Name Nand Lal to Nand Lal Thakur R/o C-31 Hari Vihar Dwarika New Delhi In future I will be known by new name.

# सी.एम. बनने के बाद पहली बार भरतपुर पहुंचने पर भजनलाल शर्मा का स्वागत

## प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों ने 101 किलो के पुष्पहार से स्वागत कर भरतपुर की प्रतीक गदा प्रदान कर स्वागत किया।

■ मुख्यमंत्री शर्मा जवाहर नगर स्थित अपने मकान पर पहुंचे, जहां परिवार से मुलाकात की

**भरतपुर,** (निसं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पहली बार गृह जिले में पहुंचने पर जिले की सीमा से लेकर भरतपुर तक स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर गांव, कस्बे, ढाणी में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ऐसा लगा मानो पूरा हाइवे फूलों से लदकद कर दिया हो। जिले की सीमा कमालपुरा पर सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्दर सिंह, जिला कलेक्टर लोक बंधु एवं जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने अगवानी कर स्वागत किया।

रोड किनारे बनाये गये मंच पर जिले के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों नदबई विधायक जगत सिंह, डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, नगर विधायक जवाहर सिंह बेढ़म, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, कामां विधायक नौक्षम चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने 101 किलो के पुष्पहार से स्वागत कर भरतपुर की प्रतीक गदा प्रदान कर स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अपनों के बीच आत्मीयता पाकर उन्हें संबल मिला है। प्रदेश के विकास में अब कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ग को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल किया जायेगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भी सभी को सक्रियता से भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बगरू विधायक कैलाश वर्मा, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, पूर्व विधायक बयाना बच्चूसिंह बंसीवाल, पूर्व मेयर शिवसिंह भोंट, पूर्व उप जिला प्रमुख अभयवीर सोलंकी, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र सिंह, सोमकान्त शर्मा, मनोज भारद्वाज, गिरधारी तिवारी, सत्येंद्र गोयल, भानूसिंह राजावत, शिवानी दायमा, गोवर्धन सिंह जादौन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री का हर गांव-कस्बे में ग्रामीणों ने जेसीबी से पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया। हजारों की संख्या में महिला, पुरूष कतारबद्ध रूप से मुख्यमंत्री को देखने के लिए लालायित रहे। प्रत्येक नागरिक के हाथ में फूल एवं चेहरे पर उल्लास देखने को मिला।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का जिले की सीमा कमालपुरा, बाछरैन, नसवारा, खेड़ली मोड़, छोंकरवाडा, आमोली, झालाटाला, सरसैना मोड़, हलैना, बेरी, अरौदा, हंतरा, डहरा मोड़, पहरसर, लुलहारा, बांसी, सिनपिनी, लुधावई, सेवर में जनसमूह ने फूलमालाओं से स्वागत किया। सैकडों वाहनों के काफिले में मुख्यमंत्री ने खुली कार में सवार होकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया तथा आत्मीयता से मिलकर आमजन की शुभकामनाएं स्वीकार की।

सीएम ने सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, गोवर्धन के लिए रवाना होते समय उन्होंने कहा की, पेपर लीक पर सीएम भजन लाल ने कहा कि आगे-आगे देखते जाइए क्या होता है। मंत्रिमंडल के विस्तार पर सीएम ने चुप्पी साध ली, जिसके बाद वह गोवर्धन के लिए रवाना हो गए। सीएम भजन लाल पहली बार अपने गृह जिले पहुंचे तो उनका लोगों ने जोरदार स्वागत किया। भरतपुर के कमालपुरा बॉर्डर से लेकर उनके घर तक कई जगह उनका स्वागत हुआ। जिसके बाद वह जवाहर नगर स्थित अपने मकान पर पहुंचे। जहां उन्होंने अपने परिवार से मुलाकात की, सीएम के घर के बाहर उनके पड़ौसियों और रिश्तेदारों ने उनका स्वागत किया। अपने परिवार से मिलने के बाद सीएम सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात की, जिसके बाद वह गोवर्धन भगवान के दर्शन के लिए रवाना हो गए।

भरतपुर आते समय सीएम भजन लाल लुधावई वाले हनुमान मंदिर पर रुके। जहां उन्होंने भगवान हनुमान के दर्शन किए। सीएम बनने से पहले और सांगानेर के विधायक बनने से पहले सीएम लुधावई वाले हनुमान मंदिर पर अकसर पूजा अर्चना करने जाते थे। उनकी लुधावई वाले हनुमान मंदिर में काफी आस्था है। इसलिए वह मंदिर पर रुके और भगवान का आशीर्वाद लिया।

# दो लोगों को पकड़ा, 60 हजार के नकली नोट बरामद

■ आरोपियों ने बताया कि नकली नोट जयपुर में रहने वाले सुरेन्द्र उर्फ मिर्ची से लाए थे

**बीकानेर,** (निसं)। जिले की सीमावर्ती क्षेत्र खाजूवाला में पुलिस ने नकली नोटों के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ा है। इनके पास से 60 हजार रुपए के 500-500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौमत ने बताया कि यह कार्रवाई खाजूवाला एसएचओ रामप्रकाश व उनकी टीम ने की है। एसएचओ को लंबे समय से क्षेत्र में नकली नोटों की सूचना मिल रही थी। नकली नोटों के गिरोह को पकड़ने के लिए एसएचओ ने मुखबीरों को अलर्ट कर रखा था। मुखबीर से सूचना मिलने पर खाजूवाला पुलिस ने बीएसएफ ग्राउंड के पास से रामानंद एवं रमेश चौधरी को पकड़ा। तलाशी लेने पर रामानंद के पास 36 हजार एवं रमेश के पास से 24 हजार के नकली नोट बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ बीकानेर के कोटगेट थाने में मामला दर्ज किया गया है।

एसएचओ रामप्रताप ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह यह नकली नोट जयपुर में रहने वाले सुरेन्द्र उर्फ मिर्ची से लाए थे। सुरेन्द्र मूल रूप से बीकानेर का रहने वाला है। यह पहले मिर्ची का कारोबार करता था, इसलिए इसका नाम मिर्ची पड़ गया। आरोपियों ने बताया कि पिछले दिनों यह जयपुर गए थे तब सुरेन्द्र ने उक्त लोगों ने नकली नोट दिए थे। आरोपी यह रुपए रावला में किसी अन्य व्यक्ति को सप्लाई करने वाले थे लेकिन पुलिस ने इन्हें पहले ही दबोच लिया।

बीकानेर पुलिस की ओर से करोड़ों रुपए के नकली नोट पकड़े जा चुके हैं। बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व में जिला पुलिस ने करीब तीन करोड़ रुपए के नकली नोट, नोट छापने की मशीन, कागज, कटर व अन्य सामान जब्त किया था। उक्त मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया था।

## फूड पॉयजनिंग से एक दर्जन बच्चे बीमार

**बीकानेर,** (निसं)। श्रीडूंगरगढ़ के एक प्राइवेट स्कूल में पुरानी सामग्री खाने से बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। करीब एक दर्जन बच्चों को उल्टी-दस्त के साथ बेहोशी आने लगी। इन सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुछ बच्चों को भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। श्रीडूंगरगढ़ के धनेरू गांव में स्थित निजी स्कूल में अचानक चौथी कक्षा के बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। कुछ बच्चे बेहोश होने लगे तो स्कूल टीचर्स में हडकंप मच गया। किसी ने स्कूल में पताशे आदि बच्चों को वितरित किए थे। ये सामग्री एक बच्चे को दी गई थी, जिसने पूरी क्लास में वितरित किया। इसके कुछ देर बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। स्कूल प्रशासन ने गांव के लोगों को भी इसकी सूचना दी। स्कूल की छुट्टी कर दी गई व बीमार हुए बच्चों को स्कूल बस से तुरंत बीदासर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।

# 20 लाख का गांजा पकड़ा, दो गिरफ्तार

## उड़ीसा से तस्करी कर प्राइवेट बस में गांजा ला रहे थे तस्कर

■ तस्कर उडीसा से राजस्थान तक का सफर कई ट्रेन और बसों को बदल-बदल कर करते हैं

**जयपुर/झालावाड़,** (निसं)। पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की सूचना पर झालावाड़ जिले की बकानी थाना पुलिस की टीम ने मंगलवार सुबह नाकाबंदी में प्राइवेट वीडियो कोच बस से दो तस्करों को गिरफ्तार कर उडीसा से लाया जा रहा 20 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपए है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी गोविंद चौहान पुत्र नारायण सिंह (25) गरोडा थाना बडोद मध्य प्रदेश व दुर्गेश पुत्र भैंरू सिंह (19) नानोरा थाना बकानी जिला झालावाड़ के रहने वाले हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपियों ने उडीसा के बोईपरीगुदा से साहिल नाम के व्यक्ति से गांजा जलाल खेड़ा निवासी दलिप सिंह के लिए लाना बताया है। एडीजी एमएन ने बताया कि सीआईडी टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थ की बड़ी खेप लेकर आते हैं। सूचना की पुष्टि के लिए प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण में एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी व राजेश मलिक के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह व सुभाष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सूचना की पुष्टि के बाद एसएचओ बकानी भूपेश शर्मा को अवगत कराया गया। जिनकी टीम द्वारा मंगलवार को थाने के सामने नाकाबंदी कर एक प्राइवेट वीडियो कोच बस में बैठे तस्कर गोविंद चौहान व दुर्गेश को 20 किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। इन दोनों को मुख्य आरोपी दलिप सिंह कैरियर के तौर पर 10-10 हजार रुपये देता है। तस्कर उडीसा से राजस्थान तक का सफर कई ट्रेन और बसों को बदल बदल कर करते हैं।

एमएन ने बताया कि इस सम्पूर्ण कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेश कुमार, रविंद्र सिंह, शंकर दयाल, कमल सिंह, राकेश जाखड व कांस्टेबल नरेश कुमार की अहम भूमिका रही। कांस्टेबल सोहन देव का तकनीकी सहयोग तो इंस्पेक्टर राम सिंह व सुभाष सिंह का कुशल नेतृत्व रहा। आरोपियों की गिरफ्तारी एसएचओ भूपेश शर्मा मय टीम द्वारा की गई।

# बोलेरो कार व ट्रोले में हुई भिड़ंत

## हादसे में बिजली विभाग के ए.ई.एन. सहित चार कर्मचारियों की मौत

■ भिड़ंत के दौरान एक बाइक भी चपेट में आई गई, तीनों वाहन 35 फीट खाई में गिरे

■ अलवर-बहरोड मार्ग पर जिंदोली सुरंग के पास मंगलवार सुबह हुआ हादसा

**अलवर,** (निसं)। अलवर-बहरोड़ मार्ग पर जिंदोली सुरंग के पास मंगलवार की सुबह करीब दस बजे सीमेंट से भरे ट्रोले व बोलेरो कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। वहीं इसकी चपेट में एक बाइक सवार भी आ गया। तीनों ही वाहन 35 फीट गहरी खाई में जा गिरे। इस भीषण हादसे में बिजली विभाग के एईएन समेत चार लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। बचाव दल के देरी से पहुंचने के कारण लोगों ने सड़क भी जाम कर दी। मृतकों के शव सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। मृतक स्थानीय ही बताए जा रहे हैं। प्रशासनिक अमला भी अस्पताल घायलों को देखने पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार बिजली विभाग की टीम काली मोरी से सुबह करीब पौने दस बजे बोलेरो कार से अलवर-बहरोड मार्ग पर काम के लिए निकली थी। इस टीम में एईएन एसके अरोडा, तकनीशियन नटवर, रविंद्र शर्मा, चालक बाबूलाल, रेडियो मैकेनिक मदन मीणा शामिल थे। जैसे ही इनकी गाडी जिंदोली सुरंग के पास पहुंची तो दूसरी दिशा से आ रहा ट्राला इससे भिड़ गया। पास से ही निकल रही बाइक भी चपेट में आ गई। तीनों ही वाहन खाई में जा गिरे।

ट्रोले में सीमेंट भरी थी, इसी के नीचे बोलेरो कार व बाइक दब गई। बोलेरो में सवार चार लोगों की मौत हो गई। पांचवे रेडियो मैकेनिक मदन मीणा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बाइक सवार जेईएन राजेश के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में बचाव व राहत देरी से मिलने के कारण लोगों में आक्रोश पनप गया। उन्होंने घटनास्थल पर ही जाम लगा दिया। दोपहर में प्रशासनिक अमला घायलों का हाल जानने सामान्य अस्पताल पहुंचा।

# मनरेगा कार्य में चल रही जेसीबी मशीन जब्त



बीडीओ ने जेसीबी मशीन जब्त करने की कार्रवाई की।

**परबतसर,** (निसं)। पंचायत समिति परबतसर विकास अधिकारी कविता जसोरिया ने मनरेगा स्थल पर जेसीबी से काम करते हुए एक जेसीबी को जब्त किया। लेकिन जेसीबी चालक ने अधिकारी को धत्ता बताते हुए उन पर जानलेवा हमला कर फरार हो गया।

बीडीओ कविता जसोरिया ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत राबड़ीयाद के राजस्व गांव खानपुर में ग्रेवल सड़क निर्माण खानपुर से नायकों की ढाणी, अरठकी और कार्य पर 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक 81 श्रमिकों के मसट्रोल जारी किये थे। वही देर रात शिकायत मिली कि उक्त नरेगा स्थल पर जेसीबी से कार्य करवाया जा रहा है। शिकायत के आधार पर बीडीओ मौके पर पहुंची जहाँ जेसीबी चल रही थी। लेकिन भनक लगते ही जेसीबी चालक ने बीडीओ पर जानलेवा हमला कर मौके से जेसीबी लेकर फरार हो गया। जिस पर बीडीओ ने जानकारी ली की जेसीबी का मालिक हेमाराम है। जिस पर कार्यवाही करते हुए सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार, कनिष्ठ सहयक छुटन लाल, मेट काना राम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने व जेसीबी चालक व उसके मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए।

## आसाराम की पैरोल याचिका की सुनवाई पूरी

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान व गुजरात में रेप के मामले में आजीवन कैद की सजा भुगत रहे कथावाचक आसाराम बापू की पैरोल याचिका मामले में दायर याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के फैसले को सुरक्षित रखा है। नाबालिग से यौन शोषण मामले में आसाराम पिछले 11 साल से जेल में बंद है।

जानकारी के अनुसार जेल में बंद आसाराम बापू ने अपनी 20 दिन की पैरोल के लिए अपील की थी। इस अपील में जेल में बंद कैदियों के लिए पैरोल नियम 1958 का हवाला दिया गया था। लेकिन जिला पैरोल सलाहकार समिति ने 21 अगस्त को आसाराम को पैरोल पर रिहा करने के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। समिति ने पैरोल के नए नियम 2021 का हवाला देते हुए आसाराम की पैरोल याचिका को खारिज किया था।

# पेपर वायरल मामले में प्रधानाचार्या निलंबित

■ दो प्रश्न पत्रों के सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने के कारण लापरवाही सामने आई थी

**बीकानेर,** (निसं)। रा. सेठ एल एन बागला बाउमावि चूरू की प्रधानाचार्या निर्मला गहलोत को निलंबित किया गया है। उनका मुख्यालय शिक्षा निदेशक कार्यालय रखा गया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशक कानाराम ने आदेश जारी किए हैं।

आदेश में कहा गया है कि गहलोत पर चूरू जिले में जिला समान परीक्षा अन्तर्गत अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023 के कक्षा 10 के 18 दिसंबर को होने वाले द्वितीय पारी विषय सामाजिक विज्ञान एवं 20 दिसंबर को द्वितीय पारी विषय तृतीय भाषा संस्कृत के प्रश्न पत्रों के सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने के कारण लापरवाही सामने आई थी। निलम्बन काल में उनका मुख्यालय कार्यालय निदेशक, बीकानेर रहेगा। वार्षिक परीक्षाओं से पहले ही शिक्षा विभाग की गोपनीयता सवालों के घेरे में है। चूरू के सादुलपुर में दसवीं कक्षा का सामाजिक विज्ञान का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। यह परीक्षा गत सोमवार को होनी थी। सोमवार को पेपर खोलने के बाद मिलान किया गया, तो सभी प्रश्न वही थे, जो वायरल पेपर में थे। इसके बाद विभाग ने परीक्षा को स्थगित कर दिया है।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर सिंह यादव ने बताया कि सोशल मीडिया में दो पेपर वायरल होने की खबर आई थी। जांच के बाद दोनों पेपरों को स्थगित कर दिया है। आगामी तारीख की सूचना जांच के बाद जारी की जाएगी। इधर, मामले की जांच के लिए बीकानेर से टीम पहुंची है। जांच के बाद ही खुलासा होगा कौनसे स्कूल की लापरवाही से यह पेपर सोशल मीडिया पर लीक हुआ। इससे पहले करौली जिले में भी शिक्षा विभाग को प्रश्न पत्र चोरी होने की वजह से परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ी थी।

## पेड़ पर फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के बाटोदा थाना अंतर्गत बरनाला तहसील की बैरवा ढाणी गांव के एक खेत के पास पेड़ पर एक प्रेमी युगल लड़के व लड़की ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मंगलवार को जब बैरवा ढाणी के ग्रामीण शौच करने एवं खेतों पर अपने कार्य से जंगल गए तो एक पेड़ पर विष्णु कुमार बैरवा उम्र 23 वर्ष व चाइना बैरवा उम्र 21 वर्ष निवासी बैरवा ढाणी के शव पेड़ पर लटके मिले जिससे गांव में सनसनी फैल गई।

# पूर्व मंत्री रामलाल जाट की याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई आज

## रामलाल जाट पर भीलवाड़ा के थाने में 5 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है

■ पूर्व मंत्री ने 14 दिसंबर को दर्ज एफआईआर के खिलाफ हाईकोर्ट में पिटीशन दायर की

**जोधपुर/भीलवाड़ा,** (कासं)। प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट के खिलाफ 5 करोड़ की धोखाधड़ी के केस में हाईकोर्ट में 20 दिसंबर को हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। उन पर भीलवाड़ा के थाने में 5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। पूर्व मंत्री ने 14 दिसंबर को दर्ज एफआईआर के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट सहित 5 लोगों के खिलाफ 17 सितंबर को कोर्ट के आदेश पर भीलवाड़ा के करेड़ा थाने में धोखाधड़ी और चोरी का मामला दर्ज किया गया था। राजसमंद के माइनिंग व्यवसायी परमेश्वर ने आरोप लगाया था कि करोड़ों रुपए की ग्रेनाइट माइंस में 50 प्रतिशत शेयर मंत्री ने अपने छोटे भाई के बेटे और उसकी पत्नी के नाम करवाए थे। इसके बदले 5 करोड़ रुपए देने का वादा किया था, लेकिन कागज में नाम होने के बाद रुपए नहीं दिए गए। रामलाल जाट ने करेड़ा थाने में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर 211 के खिलाफ हाई कोर्ट में पिटीशन (याचिका) दायर की है। उन्होंने सेक्शन 482 सीआर पीसी (204) के तहत उन पर दर्ज एफआईआर को खारिज करने व गिरफ्तारी पर रोक लगाने की अपील की है। भीलवाड़ा के करेड़ा थाने में 17 सितंबर को मांडल (भीलवाड़ा) कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन थाना प्रभारी ओमप्रकाश गोरा ने एफआईआर दर्ज की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के दूसरे दिन ही थाना प्रभारी ओमप्रकाश का ट्रांसफर हो गया था। उनके ट्रांसफर को भी इस मामले से जोड़कर देखा गया था और यह काफी चर्चा में रहा था।

माइनिंग व्यवसायी राजसमंद के गढबोर निवासी परमेश्वर जोशी ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया था कि वह करेड़ा के रघुनाथपुरा में मैसर्स अरावली ग्रेनि मार्मो प्रा.लि नाम से ग्रेनाइट मांइस का काम करता है। माइंस में वह डायरेक्टर और शेयर होल्डर है। इस कंपनी का रजिस्ट्रेशन श्यामसुंदर गोयल व चंद्रकांत शुक्ला के नाम से है। जिस समय कंपनी का रजिस्ट्रेशन हुआ था, उस समय परमेश्वर श्याम सुंदर व चंद्रकांत से 10 करोड़ रुपए मांगता था। इसके चलते इन दोनों ने माइंस के 50 प्रतिशत शेयर परमेश्वर व उसकी पत्नी भव्या जोशी के नाम पर कर दिए थे।

आरोप है कि बाकी के 50 प्रतिशत शेयर का सौदा श्याम सुंदर व चंद्रकांत ने पूर्व मंत्री रामलाल जाट से कर दिया। रामलाल जाट ने माइंस के शेयर अपने रिश्तेदार मोना चौधरी व सुरेश जाट के नाम पर करवा दिए। इन शेयर के पैसे पूर्व मंत्री को देने थे। परमेश्वर (माइनिंग कारोबारी) श्याम सुंदर व चंद्रकांत से 5 करोड़ रुपए और मांगता था। इन दोनों ने बकाया 5 करोड़ रुपए शेयर खरीदने वाले रामलाल जाट से लेने के लिए कहा था।

आरोप है कि पूर्व मंत्री ने परमेश्वर से शेयर के कागज ट्रांसफर होते ही 5 करोड़ रुपए देने का वादा किया था। 50 प्रतिशत शेयर मोना व सुरेश जाट के नाम ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद परमेश्वर ने 5 करोड़ रुपए मंत्री से मांगे। पूर्व मंत्री ने साफ इनकार कर दिया। 2 करोड़ रुपए देने का आश्वासन दिया। वो 2 करोड़ रुपए भी नहीं मिले।

परमेश्वर का आरोप है कि उसने रुपए नहीं मिले तो आपत्ति की। इस पर पूर्व मंत्री भड़क गए। अपने राजस्व मंत्री पद पर होने की बात कहते हुए धमकाया। इसके बाद 17 जून 2022 को माइंस पर काम कर रहे लेबर को वहां से डराकर भगा दिया। इसके बाद पीड़ित परमेश्वर ने करेड़ा थाने में शिकायत की थी लेकिन उसका मामला दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद परमेश्वर को कोर्ट का सहारा लेना पड़ा था।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड- बाली (राज.)**

**निविदा सूचना संख्या : 15 वर्ष 2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए. श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ओनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाइट www.dipr.rajasthan.gov.in https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproe, rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। अन्य विभागों में पंजीकृत केवल ए एवं एए श्रेणी संवेदक ही निविदा में भाग लेने के पात्र होंगें।

निविदा के NIB Code है :- PWD2324A3931

निविदा के UBN No. है :- UBN NO-

1-PWD2324WSOB17029 2-PWD2324WSOB17030
3-PWD2324WSOB17031 4-PWD2324WSOB17032
5-PWD2324WSOB17034 6-PWD2324WSOB17035
7-PWD2324WSOB17037 8-PWD2324WSOB17038
9-PWD2324WSOB17039 10-PWD2324WSOB17040
11-PWD2324WSOB17041 12-PWD2324WSOB17045

(फतेहसिंह)
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि., खण्ड-बाली

DIPR/C/16131/2023

**कार्यालय नगरपालिका ऋषभदेव जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक :- निर्माण /न.पा.ऋ/2023-24/807 दिनांक :- 15.12.2023

**निविदा सूचना सं. 15/2023-24**

नगरपालिका ऋषभदेव की और से कार्य की अनुभवी एवं स्थानीयों व्यवसायीयों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्युमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदा आंमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in/ wwww.sppp.raj.gon.in पर उपलब्ध है | NIB CODE: DLB2324A8026

| क्रं. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत लाखें में | धरोहर राशि 2% | धरोहर राशि 1/2% | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रेसेसिंग फिस (Payable to MD RISL Jaipur) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न उत्सव पर्वो पर लाईट डैकोरेशन का कार्य "बी" क्लास ठेकेदार मार्फत सामग्री किराये पर लेने का कार्य। | 20.00 | 40,000 | 10,000 | 500 | 500 |

1. राजस्थान सरकार वित विभाग (व्यय-III) के अनुसार 100.00 लाख से 200.00 लाख तक के भवन कार्यो पर पोटेन्षिलय एसेसेमेंन्ट पद्धति एवं 200.00 लाख से अवधि के कार्य पर पोस्ट क्वालिफिकेषन एवं सडक कार्यो पर 150.00 लाख 500.00 लाख तक पोटेषिन्लय एसेसमेन्ट पद्धति अपनाई जाएगी तथा 20000.00 लाख एवं उसे अधिक राषि पर प्री क्वालिफिकेषन पद्धति अपनाई जाएगी।
2. किसी भी निविदा को स्वीकार कराने एवं बिना बताए निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। आर.पी.डब्लयु. ए - 100 की समस्त शर्ते मान्य होगी।
3. वित्त विभाग के आदेष सं. एफ1(1)एफडी/जीएफएण्डआर/2007 दिनांक .................. र्सकुलर नं. 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख तक की राषि के कार्यो के लिए 500 रूपया व 50.00 लाख रूपये से अधिक राषि के कार्यो के लिए 1000 रूपये की राषि निविदा शुल्क अतिरिक्त देनी होगी जो डिमान्ट ड्राफट बैंकर चेक के रूप में देनी होगी डिमाण्ड ड्राफट या बैंकर चेक मेनेजिंग डायरेक्टर आरआईएसएल जयपुर के पक्ष में व जयपुर में भुगतान योग्य होने चाहिए
ब. बिडिंग डॉक्युमेंन्ट :-
4. निविदा प्रपत्र को इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 15.12.2023 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 20.12.2023 को सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड कर सकते है। इन निविदाओं को इलेक्ट्रोनिक फारमेंट में वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in जमा करावें।
5. उक्त कार्यो की निविदा प्रपत्र को इलेक्ट्रोनिक फारमेंट में वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 15.12.2023 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 20.12.2023 को सांयः 6.00 बजे तक डाउनलोड कर सकते है। एवं प्राप्त निविदाओ इलेक्ट्रोनिक फारमेंट में वेब साईट ww.eproc.rajasthan.gov.in पर उपस्थित निविदाताओं व उनके प्रतिनिधी के समक्ष दिनांक 22.12.2023 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंष उस दिन अवकाष रहता है। जो अगले कार्य दिवस को उसी समय व उसी स्थान पर निविदाए खोली जावेगी।
(अ) निविदाओं की समस्त प्रकिया ऑनलाईन खोली जावेगी।
(ब) तकनिकी निविदा में सफल निविदाताओं के वित्तीय निविदा - पत्र इलेक्ट्रोनिक फारमेंन्ट में वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा प्राप्ति कार्यालय में खोली जावेगी जिसके लिए समय एवं दिनांक सफल निविदाताओ को सूचित कर दिया जावेगा।
6. निविदा प्रपत्र को वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र में निविदाताओं के लिये योग्यता सूचना तका निविदाताओं की पात्रता, प्लान व स्पेषिकेषन, ड्राईग विभिन्न कार्यो की मात्रा एवं दरो का विवरण , नियम, शर्ते एवं अन्य विवरण वर्णित है। निविदाताओं इन प्रपत्रो को Download कर सकते है।
7. निविदाताओं द्वारा निविदा शुल्क एवं धरोहर राषि अधिषाषी अधिकारी , नगरपालिका खेरवाडा संबंधित के नाम डिमाण्ड ड्राफट के रूप में संबंधित कार्यालय में तकनिकी निविदा खोलने के एक दिन पुर्व तक कार्यालय समय में जमा कराना आवष्यक है।
8. धरोहर राषि हेतु डिमाण्ड ड्राफट/बैंकर्स चेक स्वीकार किये जायेंगें।
(अ) इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदाता निविदा प्रपत्र को इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।
(ब) निविदाओं में भाग लेने वाले निविदाताओं को इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करना होगा। ऑनलाईन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट इन्फॉनमेंषन टेक्नोलोजी एक्ट-2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदाताओं उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट है। नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवष्यकता नही है।
(स) निविदाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फारमेट में उपरोक्त वेबसाईट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नही होंगे , उनके प्रस्ताव स्वीकार नही किये जायेगें।
(द) ऑनलाईन निविदाए निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपरोक्त क्रकम संख्या 2(अ) अनुसार खोली जावेगी।
(य) इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्र को जमा कराने से पुर्व निविदाताओ यह सुनिष्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्र में संबंधित सभी आवष्यक दस्तावेजो की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्र के साथ अटेच कर दी गई है।
(र) कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रोनिक जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नही होगा।
(व) टेण्डर के प्रपत्र में आवष्यक सभी सूचियो रूप से भरकर ऑनलाईन दर्ज करें।
9. निविदा सूचना इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.gov.in पर उपलब्ध है।
10. अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
11. विद्युत कार्य में 'बी' क्लास रजिस्ट्रेषन होगा वही टेण्डर कॉपी का पात्र होगा।

अध्यक्ष नगरपालिका ऋषभदेव — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका ऋषभदेव

राज.संवाद/सी/23/11758

# 'कमाऊ पूत' बिना कैसे भरे ग्रेटर और हैरिटेज निगम का खजाना?

## ग्रेटर निगम में राजस्व अधिकारियों के 17 में से 15 पद खाली, जबकि हैरिटेज निगम कार्यवाहक अफसरों के भरोसे चल रहा

-कार्यालय संवाददाता-



- स्पैरो सॉफ्टेक फर्म नगरीय विकास कर वसूलने में फेल, इसके बावजूद कंपनी को सिर्फ कमीशन देने में जुटे हुए हैं निगम अधिकारी
- सूत्रों की मानें तो जयपुर शहर में करीब डेढ़ लाख से ज्यादा प्रोपर्टी है, मगर 32 हजार से ही यूडी टैक्स वसूल पा रहे हैं दोनों निगम

**जयपुर ।** स्पैरो सॉफ्टेक कंपनी को नगरीय विकास कर (यू.डी.टैक्स) वसूली का जिम्मा देने के बाद भी जयपुर ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम की आर्थिक तंगी दूर नहीं हो रही है। कारण सीधा सा है, स्पैरो कंपनी तय लक्ष्य के मुताबिक 150 करोड़ रुपये का टैक्स कभी वसूल ही नहीं पाई। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और मुनेश गुर्जर ने कई बार इस कंपनी को टैक्स वसूली में फेल मानते हुए नगर निगम से हटाने और अनुबंध खत्म करने की चेतावनियां दी, लेकिन हुआ कुछ नहीं।

मजेदार बात यह है इन दिनों ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम की राजस्व शाखा में "कमाऊ पूत" ही नहीं है। यानि कि ग्रेटर निगम में राजस्व अधिकारियों के 17 में से 15 पद खाली पड़े है, जबकि हैरिटेज निगम की राजस्व शाखा कार्यवाहक अफसरों के जिम्मे चल रही है। यहां भी एक राजस्व अधिकारी का पद खाली है। राजस्व शाखा की इस दुर्दशा के बावजूद महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व मुनेश गुर्जर और आयुक्त बाबूलाल गोयल और राजेन्द्र सिंह को इसकी सुध लेने की फुर्सत ही नहीं है। दोनों नगर निगमों का खजाना सिर्फ निजी कंपनी स्पैरो सॉफ्टेक प्रा. लि. के भरोसे पर टिका है, लेकिन यहां भी तय लक्ष्य के मुताबिक टैक्स वसूली नहीं होने के कारण आर्थिक तंगी के हालात बने हुए है।

सूत्रों की मानें तो ग्रेटर नगर निगम में उपायुक्त राजस्व जनार्दन शर्मा के साथ-साथ सिर्फ दो राजस्व अधिकारी सरिता मील और अजय कुमार लगे हुए है। सरिता मील के पास राजस्व अधिकारी मुख्यालय का जिम्मा है, जबकि अजय के पास राजस्व शाखा द्वितीय और एन.यू.एल.एम. शाखा का चार्ज है। मुख्यालय में नगरीय विकास कर, लाइसेंस, लीज, होर्डिंग, आयोजना प्रथम व द्वितीय शाखा के राजस्व अधिकारियों की कुर्सी खाली पड़ी है, वहीं जगतपुरा, मुरलीपुरा, मालवीय नगर, सांगानेर, मानसरोवर, झोटवाड़ा और विद्याधर नगर जोन में भी राजस्व अधिकारी ही नहीं है।

वहीं दूसरी ओर हैरिटेज नगर निगम में राजस्व उपायुक्त प्रथम व द्वितीय का चार्ज सरोज ढाका के पास है। यहां पर राजस्व अधिकारी द्वितीय की कुर्सी खाली है, जबकि मुख्यालय समेत 6 जगहों पर कार्यवाहक अफसरों के भरोसे काम चल रहा है। जानकारी के मुताबिक आदर्श नगर में कार्यवाहकर राजस्व अधिकारी राधामोहन सैनी, मुख्यालय में कार्यवाहक गौरव शर्मा, हवामहल-आमेर में कार्यवाहक पार्वती सोनी, किशनपोल में कार्यवाहक चेतन सुखीजा, यूडी टैक्स व लीज शाखा में कार्यवाहक प्रशांत लखन और सिविल लाइंस में कार्यवाहक विजय मीणा ने व्यवस्था संभाल रखी है।

सूत्रों की मानें तो दोनों नगर निगम की कम कमाई जयपुर शहर के विकास में भी बाधा बन रही है। अगर केंद्र सरकार से नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत पैसा नहीं मिले तो शायद विकास ठप ही हो जाए। यही नहीं अगर सरकार से चुंगी कर की मद में पैसा नहीं मिले तो दोनों नगर निगम हर महीने कर्मचारियों और अधिकारियों को तनख्वाह भी नहीं दे सकते। आर्थिक तंगी का ही नतीजा है कि सड़कों के निर्माण के लिए दोनों ही नगर निगमों को सरकार, जे.डी.ए. और पीडब्ल्यूडी की ओर देखना पड़ रहा है।

## एयरपोर्ट पर बम की मॉकड्रिल, लोगों में दहशत

**जयपुर ।** सांगानेर एयरपोर्ट पर मंगलवार को बम होने की मॉकड्रिल की गई। इसमें टर्मिनल-2 पर बम होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान समेत बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों के जवान और अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक-एक सामान की जांच की गई। डॉग स्क्वॉड की टीम ने भी एक-एक यात्री के सामान की जांच की। ऑटोमैटिक मशीनों से टर्मिनल 2 की जांच हुई। अधिकारियों ने राहत की सांस तब ली, जब बम कहीं भी नहीं मिला।

मंगलवार दोपहर 2:51 बजे जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर मॉकड्रिल शुरू की गई। बम की सूचना पर कुछ ही देर में एयरपोर्ट प्रशासन ने इसकी जानकारी सीआईएसएफ और जयपुर पुलिस की टीम को दी। तुरंत ही पुलिस का बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, फायर ब्रिगेड, नजदीकी पुलिस थानों के सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे। इसे देख एयरपोर्ट पर मौजूद यात्री भी हैरान रह गए। लोग कुछ भी समझ पाते इतनी ही देर में सीआईएसएफ के जवानों ने एयरपोर्ट को घेर लिया। यात्रियों के लगेज की चैकिंग की गई बम निरोधक दस्ते की टीम ने यात्रियों के लगेज की जांच करनी शुरू की। ऑटोमैटिक मशीनों से की टर्मिनल 2 की जांच की गई। लगभग 1 घंटे 10 मिनट तक बम निरोधक दस्ते की टीम ने यात्रियों के लगेज के साथ टर्मिनल 2 की बिल्डिंग को अच्छे से जांचा। तब तक वहां मौजूद यात्रियों को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया। जब बम निरोधक दस्ते की टीम को बम नहीं मिला तो एयरपोर्ट प्रशासन ने मॉकड्रिल के बारे में बताया।

## नववर्ष पर जयपुर में काटे जाएंगे ऑनलाइन चालान

- अति.पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने दिए अफसरों को निर्देश

**जयपुर (कासं)।** नए साल पर जयपुर में आईटीएमएस से चालान किए जाएं। इसे लेकर जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने काम तेज कर दिया है। मंगलवार को एडिशनल पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक राहुल प्रकाश ने आईटीएमएस, ई-चालान प्रक्रिया से जुड़े तकनीकी अधिकारियों एनआईसी, डीओआईटी, राजकॉम्प व एसबीआई, यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ फील्ड में आ रही परेशानियों को लेकर जानकारी ली। इसके बाद शहर में लगे आईटीएमएस कैमरों के चालानों, वॉयलेशन ऑन कैमरा एप के माध्यम से किये जा रहे नो पार्किंग कार्रवाई व ई-चालान डिवाइस से ऑनलाइन चालान की समीक्षा की गई।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक राहुल प्रकाश ने बताया कि जयपुर शहर में बेहतर ट्रैफिक प्लान बने इसे लेकर समय-समय पर कई विभागों के अधिकारियों के साथ ट्रैफिक के अधिकारी मीटिंग करते हैं। आज की मीटिंग का मकसद है कि जयपुर में नए साल से ऑनलाइन चालान किए जाएं। इसमें जो परेशानी आ रही है। उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए।

मीटिंग में मौजूद सभी अधिकारियों से फील्ड में आ रही परेशानी पर रिपोर्ट बनाने और उस के निस्तारण को लेकर काम करने के निर्देश दिए हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ के निर्देशन पर यह मीटिंग रखी गई थी। जल्द जयपुर में बेहतर यातायात व्यवस्था बने इस के लिए काम किया जा रहा है।

बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर एनआईसी आशुतोष भट्ट, चीफ मैनेजर एसबीआई प्रवीण, राजकॉम्प डीओआईटीसी के प्रतिनिधि मोहम्मद इरशाद, दीपक शर्मा व अजय साहू यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## 'राजस्थान सिने महोत्सव' में मिलेगा एंटरटेनमेंट का डोज

- महोत्सव के दौरान एंटरटेनिंग परफॉर्मेंस, फिल्म स्क्रीनिंग, फैशन शो, अवॉर्ड, म्यूजिक कॉन्सर्ट, किड्स प्ले जोन व फूड कोर्ट रहेंगे प्रमुख आकर्षण

**जयपुर (कासं)।** राजस्थानी सिनेमा को उस मुकाम तक पहुंचाना है, जिसका वो हकदार है। इसी ध्येय के साथ एन.के. मित्तल एंड एल.एस. फिल्म्स की ओर से गुलाबी नगरी में पहले राजस्थान सिने महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 28 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सुबह 11 से रात 10 बजे खासा कोठी स्थित माया इंटरनेशनल होटल में होने वाले महोत्सव में कला प्रेमियों को एंटरटेनमेंट का फुल डोज मिलेगा।

फिल्म निर्माता नंद किशोर मित्तल, लेखक और डायरेक्टर लखविंदर सिंह, फिल्म निर्माता त्रिलोक नवलखा व गोपाल शर्मा, प्रसिद्ध साहित्यकार इकराम राजस्थानी, संगीत निर्देशक निज़ाम खान, इस्माइल खान, पं. जयदेव शास्त्री, उषा जैन, राखी गुप्ता, माही कटारिया, पवन भगत व लेखक धनराज दाधीच ने इस बारे में जानकारी दी। बताया गया कि राजस्थानी लोक कलाओं समेत कई एंटरटेनिंग परफॉर्मेंस, फिल्म स्क्रीनिंग, फैशन शो, अवॉर्ड, म्यूजिक कॉन्सर्ट, किड्स प्ले जोन, फूड कोर्ट महोत्सव के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। महोत्सव के तहत भव्य जश्न के साथ नए साल का स्वागत किया जाएगा। आगामी 28 दिसंबर को राजस्थान के अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म टॉकीज 24 ऐप की ग्रैंड लॉन्चिंग होगी। ऐप पर राजस्थानी मूवीज, फीचर फिल्म और वेब शोज की स्ट्रीमिंग होगी। 10 सालों से राजस्थानी सिनेमा के लिए काम कर रहे प्रोड्यूसर नंद किशोर मित्तल ने कहा कि पधारो म्हारे सिनेमा टैगलाइन के साथ टॉकीज 24 राजस्थानी सिनेमा की ओर बढ़ने का आ ान करता है। राजस्थानी सिनेमा से केवल मनोरंजन ही नहीं, हमारी संस्कृति और परंपराओं को भी विश्वपटल पर पहचान मिलेगी, स्थानीय कलाकारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं मशहूर लेखक व डायरेक्टर लखविंदर सिंह का कहना है कि हमारे लोग, हमारी बोली में, हमारा सिनेमा देख सकें इसके लिए टॉकीज 24 सर्वश्रेष्ठ प्लेटफॉर्म है। एन.के. मित्तल एंड एल.एस. फिल्म्स 25 से अधिक राजस्थानी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है जिससे 300 से अधिक स्थानीय कलाकार काम करेंगे।

## सहकारिता को नया स्वरूप प्रदान करें : श्रेया गुहा

**जयपुर ।** प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता, श्रेया गुहा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि वर्तमान समय में सहकारिता आए बदलाव को ध्यान में रखकर राज्य में भी सहकारिता को नया स्वरूप प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्विति पर कार्य करें।

गुहा मंगलवार को सहकार भवन में विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के विजन को ध्यान में रखकर कार्य करें। बहुत समय से सहकारिता में केपिसिटी बिल्डिंग पर ध्यान नही दिया जा रहा है। इस और कार्ययोजना को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता में कार्ययोजना के दौरान क्रेडिट सेक्टर, दलहन एवं तिलहन खरीद, रिटेल एवं आधारभूत ढांचा को ध्यान में रखकर मूर्त रूप दिया जाए।

उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आने वाले समय में व्यापक स्तर पर उपयोग होगा। इसके लिए किसानों को ड्रोन उपलब्ध हो, इस पर कार्य किया जाए। गुहा ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों को राज्य की आवश्यकता को ध्यान में रखकर नवाचारों में बदलाव करें जिसका फायदा पात्र लोगों को मिल सके।

## नेपाली युवक ने की पत्नी की गला दबाकर हत्या

### शव कमरे में बंद कर भाग गया था आरोपी, पुलिस ने दबोचा



आरोपी संदीप उर्फ मेजर

- पुलिस ने आरोपी संदीप को वैशाली नगर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया

**जयपुर ।** वैशाली नगर इलाके में नेपाली युवक ने गला दबाकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और लाश को घर में बंद कर दिया। आरोपी पति ने पत्नी को दीपावली से पहले ही नेपाल से भारत बुलाया था। सूचना मिलने पर वैशाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची और एफ.एस.एल. टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने आरोपी पति संदीप उर्फ मेजर को वैशाली नगर से गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच एडिशनल डीसीपी गुरुशरण राव कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि मृतका की बड़ी बहन गीतो रोका (30) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी छोटी बहन संगीता रोका (26) पुत्री रत्ने सार्की का मर्डर किया गया है। गत 4 मई 2023 को संगीता की शादी दोखला (नेपाल) निवासी संदीप मेजर उर्फ विशाल (28) से हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर संदीप ने संगीता के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। करीब एक महीने बाद ही संदीप अपनी पत्नी संगीता को काठमांडू अकेला छोड़कर इंडिया काम करने आ गया। गीता ने बताया कि संदीप ने दीपावली से पहले कॉल कर संगीता को भारत आने के लिए कहा। दीपावली से 4 दिन पहले संगीता नेपाल से भारत आ गई।

जयपुर आने के बाद संदीप ने संगीता को नेमी सागर कॉलोनी, वैशाली नगर स्थित घर में नहीं रखा और बापू नगर में बच्चों की देखरेख के लिए केयरटेकर की नौकरी पर लगा दिया। संदीप 10 दिसंबर को संगीता को बापू नगर से अपने घर नेमी सागर कॉलोनी लेकर आया। घर लेकर आने के बाद संगीता के साथ संदीप ने मारपीट की। 13 दिसंबर को संदीप ने गला दबाकर संगीता की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बेड पर लेटा कर घर को बंद कर फरार हो गया था। जान-पहचान वाली मनीषा ने गीता को फोन कर संगीता के साथ अनहोनी की आशंका जताई। पुलिस ने बताया कि संगीता की बहन गीता ने वैशाली नगर थाना पुलिस को शिकायत की। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के बाहर से कुंदी लगी मिली। जब टीम घर के अंदर गई तो बेड पर संगीता की लाश पड़ी मिली। प्रथम दृष्टया जांच में लग रहा है कि संगीता की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने एफ.एस.एल. टीम की मदद से मौके से सबूत जुटाए गए हैं और शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में भिजवाया। तकनीकी सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी संदीप को वैशाली नगर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सार-समाचार

### दिव्यांगों को जयपुर फुट प्रदान किये



**जयपुर ।** श्रीमती गोविंदी देवी इंद्रलाल डेरेवाला मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर ने दिव्यांग जनों के हितार्थ जयपुर फुट प्रदान करने का कार्यक्रम भक्ति संगीत के साथ मंगलवार को आयोजित किया गया। जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव व महावीर स्कूल एल्यूमनी के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक हाथोज धाम बालमुकुंद आचार्य, ट्रस्ट के अध्यक्ष जुगल किशोर डेरेवाला, उपाध्यक्ष महेंद्र डेरेवाला, महामंत्री राजकुमारी डेरेवाला, पंडित सुरेश मिश्रा एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सचिव भूपेंद्र राज मेहता, कोषाध्यक्ष रितेश डेरेवाला एवं परिवार के सदस्य प्रमोद, योगेंद्र, पुष्पेंद्र के सानिध्य में पधारे हुए सभी दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग (पैर एवं हाथ) प्रदान किए गए सभी दिव्यांगजनों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया दिव्यांग जनों में 3 बच्चे, 5 महिलाएं एवं मध्य आयु के युवा एवं सीनियर सिटीजन सम्मिलित रहे।इस अवसर पर समाज की विशिष्ट जाने-माने हस्तियों में वरिष्ठ समाजसेवीजयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव व महावीर स्कूल एल्यूमनी के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला, एन के गुप्ता, रामबाबू अग्रवाल, राधा मोहन भाड़े वाले, जगदीश पोद्दार, रामधन अत्तार, त्रिलोक गोयल, एवं अशोक गोयल मौजूद थे।

### बैडमिंटन लीग के विजेता सम्मानित




**जयपुर ।** निविक हॉस्पिटल डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग के पंचम संस्करण का अवार्ड समारोह भव्यता से आर ए एस क्लब में आयोजित किया गया। लीग चेयरमैन डॉ अनिल यादव ने बताया कि अवार्ड समारोह में महात्मा गाँधी यूनिवर्सिटी के प्रो वीसी डॉ वी के कपूर, नवनिर्वाचित विधायक डॉ शैलेंद्र सिंह, डॉ प्रियंका चौधरी व डॉ शिख़ा मील थे। सभी विजेताओं, उपविजेताओं तथा तृतीय एवँ चतुर्थ स्थान के खिलाड़ियों और टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। सीनियर टीम इवेंट प्रतियोगिता में विजेता मेडिस्पा रॉयल्स तथा उपविजेता किड्स डेंटल रहे। वोमेन्स कैटेगरी में देशबंधु ई एन टी हॉस्पिटल विजेता तथा शुभम केअर हॉस्पिटल उपविजेता रहे। बॉयज वर्ग में विजेता केडिया हॉस्पिटल तथा उपविजेता आँच हॉस्पिटल रहे। किड्स वर्ग में जैन चेस्ट केअर विजेता तथा जयपुर गैस्ट्रो उपविजेता बने। दबंग जोड़ी मुकाबलों में उत्कर्ष प्रधान-विदिशा प्रधान विजेता रहे। हर्षल टांक-प्रीति टांक उपविजेता रहे। मलंग जोड़ी मुकाबले में अजित जैन-अल्का जैन विजेता तथा राजेन्द्र-प्रियंका सैनी उपविजेता रहे । दबंग ओपन मुकाबलों में आदित्य सैनी-अपूर्व जेठवानी विजेता व मनीष थागरिया-अभिषेक गोयल उपविजेता रहे। मलंग ओपन मुकाबलो में अरुण परतानी-निशांत शर्मा विजेता तथा सुनीत सोनी-विष्णु गुप्ता उपविजेता रहे। लेजेंड्स में डॉ अशोक गुप्ता-डॉ डी के शर्मा विजेता तथा डॉ नरेश सोमानी-डॉ नीरज भूटानी उपविजेता रहे। पुरूष एकल मुकाबलों में डॉ मुकेश भामु विजेता तथा डॉ आशीष जैन उपविजेता रहें। महिला एकल में डॉ विदिशा प्रधान विजेता तथा अंकिता गुप्ता उपविजेता रहे।

### पेट्रोल पंप पर विदेशी महिला से छेड़छाड़

**जयपुर ।** राजधानी में घूमने आई एक रूसी महिला से पेट्रोल पंप कर्मचारी ने अश्लील हरकत की। रूसी महिला के साथी ने 7 नवम्बर की रात को हुई इस घटना की वीडियो भी बनाई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारी से कान पकड़कर माफी मंगवाई और भविष्य में इस तरह की घटना फिर से नहीं करने की हिदायत दी। महिला के भारतीय दोस्त ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर जयपुर में पेट्रोल पंप पर बनाए गए वीडियो को अपलोड किया। बताया जा रहा है कि वीडियो टोंक रोड स्थित पेट्रोल पंप का है। रूसी महिला के साथ उसका दोस्त बाइक पर यात्रा करने निकला था। जयपुर में पेट्रोल पंप पर रूके। तभी पेट्रोल पंप कर्मचारी ने रूसी महिला को तीन बार कथित तौर पर टच किया, जिसका इसका महिला ने विरोध किया। रूसी महिला ने पेट्रोल पंप कर्मचारी की हरकत का विरोध किया तो कर्मचारी माफी मांगने लगा। मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन रूसी महिला के शिकायत नहीं दी, इस पर पुलिस ने कर्मचारी को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

### किशोर से सहपाठियों ने कुकर्म किया

**जयपुर ।** हरमाड़ा में एक किशोर से कुकर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है कि उसका 13 वर्षीया बेटा स्कूल में पढता है। आरोप है कि बेटे के साथ पढने वाले दो लड़कों ने स्कूल ना जाने की बात परिजनों को बताने की कह कर उसे ब्लैकमेल किया। इसके बाद कई बार घर पर बेटे के साथ कुकर्म किया। आरोप यह भी है कि दोनों लड़के एक दिन घर में लॉकर में से 2 लाख 56 हजार रूपए चुरा ले गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### फर्जी परीक्षार्थी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर ।** मानसरोवर पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा है। पुलिस ने बताया कावेरी पथ स्थित जे.जी. पब्लिक स्कूल में सीबीएससी द्वारा आयोजित जे.एस.ए. पोस्ट के लिए 17 दिसंबर को हुई परीक्षा में मोनू के स्थान पर रन्विन्द्र सिंह (23) निवासी गांव बलवेरा पंजाब को बायोमैट्रिक मशीन की मदद से पकड़ा गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# ठेकेदारों पर मेहरबानी के चक्कर में रोड इंजीनियरिंग भूल बैठे जे.डी.ए. के अफसर

## पेचवर्क के नाम पर सड़कों का अलाइनमेंट बिगाड़ रहे ठेकेदार, जिम्मेदार इंजीनियर्स मौन!



पृथ्वीराज नगर क्षेत्र की कॉलोनियों और मुख्य मार्ग पर हाल ही में जे.डी.ए. द्वारा किए गए पेचवर्क में डामर की मोटी परत चढ़ाकर पुरानी सड़क का अलाइनमेंट ही बिगाड़ दिया गया है।

- ताज्जुब की बात यह है कि कनिष्ठ अभियंता से लेकर अधिशाषी अभियंता, इन ठेकेदारों का काम सही होने का सर्टिफिकेट देकर बिल बनाने में जुटे
- ठेकेदार डामर की बचत करने के चक्कर में पेचवर्क की मरम्मत के बाद दो-तीन इंच ऊंची डामर की परत बिछाकर सड़क का अलाइनमेंट ही बदल रहे
- बीसलपुर पेयजल लाइन डालने के लिए पृथ्वीराज नगर की कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर सबसे ज्यादा रोड कट हुआ, अब सड़क मरम्मत का सबसे बुरा हाल यही पर है।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) के इंजीनियर्स, ठेकेदारों पर मेहरबानी के चक्कर में रोड इंजीनियरिंग ही भूल बैठे है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि शहर में जहां-जहां रोड पेचवर्क का काम हुआ है, वहां-वहां ठेकेदारों ने पुरानी सड़क से 2 से 3 इंच ऊंची डामर की परत बिछाकर रोड अलाइनमेंट ही बिगाड़ दिया है। सबसे ज्यादा गड़बड़ी जर्जर सड़कों के पेचवर्क (मरम्मत) और रोड कट के बाद किए जाने वाले सड़क नवीनीकरण के काम में हो रही है। इसके बावजूद जेडीए के कनिष्ठ अभियंता से लेकर जिम्मेदार अधिशाषी अभियंता आंखें मूंदकर ठेकेदारों के काम को सही होने का सर्टिफिकेट देकर धड़ल्ले से करोड़ों रुपये भुगतान कर रहे है। सबसे ज्यादा बुरा हाल पृथ्वीराज नगर उत्तर व दक्षिण की कॉलोनियों और मुख्य मार्ग का है, क्योंकि यहां पर बीसलपुर पेयजल लाइन डालने के लिए रोड खोदी गई थी, अब जहां-जहां पेचवर्क हो रहा है, वहां सड़क का अलाइनमेंट ही बिगाड़कर रख दिया गया है।

सूत्रों की मानें तो शहर में जहां भी सड़क में पेचवर्क और रोड कट के बाद मरम्मत का काम हो रहा है, वहां जेडीए के ठेकेदार डामर की बचत करने के चक्कर में मरम्मत के बाद 2 से 3 इंच ऊंची डामर की परत बिछा कर सड़क का लेवल बिगाड़ रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी दुपहिया वाहन चालकों को हो रही है, इन रास्तों से गुजरने वाले लोगों को पीठ दर्द की शिकायतें रहने लगी है।

बताया जा रहा है कि पीआरएन उत्तर-दक्षिण में सबसे ज्यादा समस्या है। ठेकेदारों को खुली छूट मिलने के कारण वह जी.एस.बी. और डब्लूएमएम का लेवल सड़क से 90 एम.एम. कम रखने की बजाय बजाय के बराबर कर देते हैं। फिर सड़कों पर एक से दो इंच की डामर की परत चढ़ाई जाती है, जिससे सड़क का लेवल खराब हो जाता है और सड़क ऊंची हो जाती है। इन दिनों सबसे ज्यादा रोड कट का काम पृथ्वीराज नगर इलाके में हुआ है। बीसलपुर की पेयजल लाइन डालने के चक्कर में कॉलोनी और मुख्य मार्गों की सड़कें काट दी है। इसके बाद जब पेचवर्क किया गया तो वह सड़क के लेवल से ऊंचा हो गया। इस समय पेचवर्क का काम पीआरएन उत्तर में चल रहा है, इसमें डामर चढ़ाने से पहले ही जी.एस.बी. और डब्लूएमएम सड़क के लेवल में कर दी गई। इसके बाद अब डामर बिछाई जाएगी, जो सड़क के लेवल से ऊंची होगी। पीआरएन दक्षिण में भी इसी तरह का काम हुआ है। पीआरएन उत्तर की कॉलोनियों में अभी डामर की परत चढ़ाने की तैयारी की जा रही है। उससे पहले ही सड़क का लेवल बिगाड़ दिया गया है। पेचवर्क के काम में डामर की मात्रा भी कम आ रही है। गोकुलपुरा फाटक, बजरी मंडी रोड, कालवाड रोड के आसपास का एरिया में पूरी तरह सड़कों का लेवल बिगड़ गया है। फिलहाल पेचवर्क का काम भी ड्रम मिक्स प्लांट से किया जाता है, जिस पर जेडीए में पाबंदी लगा रखी है। ड्रम मिक्स से काम करने में पेचवर्क बिखर जाते हैं। जेडीए के इंजीनियर्स ने विधानसभा के नजदीक ज्योति नगर स्थित एमएलए फ्लैट्स के आसपास भी गलत तरीके से पेचवर्क करके सड़क का लेवल बिगाड़ दिया है। यहां पर पानी की पाइप लाइन डाली गई थी। उसके बाद ठेकेदार ने रोड पेचवर्क भी घटिया तरीके से किया, जिससे सड़क का लेवल खराब हो गया। पेचवर्क सड़क के लेवल से दो से तीन इंच तक ऊपर कर दिया। पेच के इस काम में डामर की मात्रा भी कम है, जिससे सड़क एक बरसात भी बमुश्किल झेल पाएगी। इसी तरह जोन 2 और 6 में पेचवर्क और सड़क बनाने का काम कृतिका कंस्ट्रक्शन को मिला हुआ है। दीपावली और चुनाव के कारण जेडीए के ठेकेदारों को खुली छूट मिल गई। उन्होंने सीकर रोड पर लंबे लंबे पेचवर्क कर दिए, जिससे पूरी सड़क का अलायनमेंट खराब हो गया। बीआरटीएस कॉरिडोर में ज्यादातर पेचवर्क का काम हुआ है। बीच-बीच में ऐसे पेचवर्क से दो दिन में ही गुमड निकल गया।



## Games Day

What kind of games do you most enjoy? Board games, card games, or maybe video games? Whatever game is your favourite, this is the day to play it and have some fun for a change! After all, what better a break could you take from the stresses of everyday life than to partake in *Games Day*? As generation upon generation of people, the world over would agree, playing games is a great way to just kick back, relax, and have some fun with your family of friends.



#THERAPY

# Can Radiation Therapy Treat Heart Failure

Radiation therapy may be a potential heart failure treatment





After studying the cardiac effects of radiation in a small number of these patients and modelling the effects of low-dose radiation in mice with heart failure, the researchers found that low-dose radiation therapy appears to improve heart function in various forms of heart failure.

More research is needed before the investigators can evaluate this therapy in patients with heart failure, but the study suggests that radiation's effects on injured hearts with high levels of inflammation may be more varied, and perhaps beneficial, than previously understood.

The study, published in the journal Med, suggests that low-dose radiation therapy improves heart function, at least in part, by reducing the number of inflammatory immune cells in the heart muscle.

"The radiation therapy used to treat ventricular tachycardia is targeted to a specific location in the heart, however, a large portion of the rest of the heart gets a low-dose exposure," says co-senior author and cardiologist Ali Javaheri, an assistant professor of Medicine, at Washington University in St. Louis.

A failing heart gradually loses its ability to properly supply the body with oxygenated blood. A complex condition, heart failure can have diverse triggers, including a past heart attack, viral infection, or chronic arrhythmias such as ventricular tachycardia.

The researchers evaluated a group of nine patients with ventricular tachycardia with cardiac MRI, before and after radiation treatment, with the MRIs showing improved heart function soon after radiation.

In particular, the patients' hearts showed improved pumping capacity of the left ventricle, which supplies blood to the entire body. The improvement was seen a few days after treatment, so, it was deemed unlikely to be due to the reduction of the arrhythmia, which happens more gradually over the ensuing weeks and months.

The researchers also studied the effects of similar low-dose radiation to the heart in groups of mice with heart failure from three different causes.

Similar to what was observed in the human patients, the researchers found improved heart function in mice receiving radiation therapy, especially in the left ventricle. In the mice with progressive heart failure, radiation therapy increased survival of the animals, indicating that improvements in heart function translated to improved survival.

The researchers found that the failing mouse hearts that received radiation had reduced fibrosis, or scar tissue, and reductions in cardiac macrophages, a type of immune cell that can drive inflammation in the heart. In general, the irradiated hearts had fewer cells that proliferate quickly, such as immune cells and fibroblasts, which tend to contribute to worsening heart failure. In contrast, normal heart muscle cells generally do not divide often, if, at all.

"We know that rapidly dividing cells, such as cancer cells, for example, tend to be more susceptible to death by radiation," says co-senior author and radiation oncologist Carmen Bergom, an associate professor of Radiation Oncology.

"The effect we see in these hearts is likely more complex than a simple reduction of rapidly dividing inflammatory immune cells. We are continuing our research to delve more deeply into what else may be happening, but we have been pleasantly surprised to see evidence that low-dose radiation in these hearts may reduce inflammation and help remodel the heart in a way that is beneficial."





Laddie Roy, the other pilot, covered in this story, also came from a privileged background and did his schooling in England. Lying about his age, he joined the RFC. He was told that he had to 'survive and fight and then survive again'. He did survive his first crash and after he recuperated, he 'persuaded the medics to pass him *fit* for flying duties'. He became a 'war veteran and teen sensation' and took down nine German planes between 09 and 19 July 1918. Unfortunately, on 22 July 1918, the prodigy was shot down in a skirmish but this was after taking down two German aircrafts. He was a trailblazer in combat flying in India and in 1998, a stamp was released in his honour.

# CAMOUFLAGED




Indra Lal Roy (Laddie) stamp



Colonel Chewang Rinchen



Haripal Kaushik



Haripal Kaushik

#BOOK REVIEW



Maj. Gen
Jagatbir Singh
VSM (RETD)

Probal Dasgupta's first book was *Watershed 1967: India's Forgotten Victory Over China* gave rare granularity into the clashes that were central to India. Regaining control of strategically significant border areas in Sikkim, his latest offering "*Camouflaged*" is another masterpiece in which he has now brought to the fore, *ten forgotten stories* from the battlefield.

The expanse of the book is vast as the stories span over a century from World War I to the 26/11 terrorist strike in Mumbai. From the ground to the air, battlefields, far and near, from dense jungles to desolate mountains and to densely populated urban areas, the settings of each tale varies but what stands out is the character of these ordinary men who delivered extraordinary results, when confronted with extreme challenges. The book also gives a rare insight into the unique camaraderie and ethos of units, family traditions of military service and more importantly, covers an aspect that is not written about often that is the trauma faced by their families.

Arthur Conan Doyle, bowling off spin in East Bourne to a stylish turbaned Indian batsman is an unusual way to start a story about war and glory. From the grassy fields of England to the skies above France and air combat, '*Sultans of the Skies*' is an incredible story in many ways. Hardit Malik, studying in Oxford, when the First World War broke out, was rejected by the British Air Force. He went on to be an ambulance driver in France and applied for the French Air Force who accepted him. His tutor in Oxford then shot off a letter to General Henderson, the head of the Royal Flying Corps (RFC) and soon, he joined the RFC and was even given a 'special helmet to fit over his turban'. He went on to join 28 Squadron and 'determined to stamp his country's presence in the war despite officially representing Britain' had *India* painted on the side of his aircraft. He became an ace pilot but ended the war with a bullet lodged in his thigh while engaging in an air duel with Paul Strahle, a legendary German pilot. He later went on to become India's Ambassador to Canada and France.

Laddie Roy, the other pilot, covered in this story, also came from a privileged background and did his schooling in England. Lying about his age, he joined the RFC. He was told that he had to 'survive and fight and then survive again'. He did survive his first crash and after he recuperated, he 'persuaded the medics to pass him *fit* for flying duties'. He became a 'war veteran and teen sensation' and took down nine German planes between 09 and 19 July 1918. Unfortunately on 22 July 1918, the prodigy was shot down in a skirmish but this was







after taking down two German aircrafts. He was a trailblazer in combat flying in India and in 1998, a stamp was released in his honour.

'*Message In A Battle*' is the story of Gobind Singh of 2nd Lancers, a renowned Cavalry Regiment, who was awarded the Victoria Cross in the Battle of Cambrai in 1917. Belonging to Damoi in Nagaur district of Rajasthan, he was fearless. This was the battle where tanks were introduced on the battlefield for the first time but after they had achieved the breakthrough, additional troops in the form of Infantry and Cavalry were required to follow on and capture the ground. Indian soldiers of the regiment with lances had charged ferociously at German Machine Guns, 'raw courage against steel'. Though, they had been successful, but they were soon surrounded by Germans and an urgent message was needed to be sent to the Brigade Headquarters. Sowar Jot Ram and *Lance Daffadar* Gobind Singh volunteered. Losing his horse, dodging bullets and feigning death, he displayed unshakeable composure and resilience, and repeated this feat thrice and this act of 'conspicuous bravery' thwarted a major enemy breakthrough and was awarded the Victoria Cross. His son and grandson went on to serve in Second Lancers.

The story of Chanan Singh Dhillon, '*Three Lives in War*', can be summed up in the words, 'believe it or not'. A farmer's son from Punjab who was keen to join the Army, fell short of English proficiency to join as an officer. Nevertheless, he joined as a soldier and set off to fight World War II with his Engineer Regiment.

The story of Chanan Singh Dhillon, '*Three Lives in War*', can be summed up in the words, 'believe it or not'. A farmer's son from Punjab who was keen to join the Army, fell short of English proficiency to join as an officer. Nevertheless, he joined as a soldier and set off to fight World War II with his Engineer Regiment, initially in Basra, Iraq and later in North Africa, where he became a Prisoner of War (PoW). This was in June 1942, a week before he was to return to India as he had been selected as an officer. Facing an Italian execution squad for complaining against the inhuman work conditions, he was saved by the Germans. While being transported to a PoW camp in Italy, their ship was hit by a British submarine. Ironically killing many British prisoners, he survived the boiling waters, as S S Loreto went down in the Tyrrhenian sea, by clinging to a plank of wood. Later, while in Stalag 12A, a PoW Camp in Limburg, Germany, he was nearly killed by an allied air attack. He returned and became an officer and his children, then, helped put together the story of his remarkable ordeal based on his diary and letters which were written in Punjabi. Ironically, it all started the day he received the letter, offering him, the opportunity of his dreams.

The legendary tale of *Colonel Chewang Rinchen* has been recounted in great detail, bringing the enormity of his valour, the strength of his character and the adversity of the terrain and weather conditions where he fought. He has participated in all of India's wars and been recognised for his extraordinary bravery and leadership, having been awarded the Maha Vir Chakra, twice. In 1971, he was instrumental in capturing a portion of Baltistan, which resulted in the shifting of the *line of Control*. The villagers in this area, though Muslims, reminisced about life before Pakistani occupation in 1948 and felt a greater kinship with their *Ladakhi brethren*. 'Today, the legend of *Stak* lives on undefeated.'

'*The Rise and fall of 1962*' is the story of Haripal Kaushik who fought the Chinese in Tongpen La leading his subunit of *1 SIKH* in resolute defence applying his tactical acumen on the battlefield, in October 1962. He was fortunate to breakthrough the Chinese onslaught and returned weeks later, absolutely bedraggled. He was shattered both, physically and psychologically, but fought back due to the faith of his Commanding Officer, Lieutenant Colonel Karnail Singh Sidhu and amazingly went on to play in the Olympics again, winning his second gold medal in Hockey. A Vir Chakra for his 'remarkable bravery' and Arjuna Awardee, Colonel Haripal Kaushik, known for his speed and stickwork, was indeed an extraordinary human being.

'*Top Guns of Boyra*' is an extraordinary narration which brings out the character of young men, the spirit of a unit and a sense of achievement as well as ethical soldiers' conduct on the battlefield. Flying Officers Don Lazarus, Ganapathy, Soares and Massey of 22 Squadron flying Gnats were successful in destroying two Pakistani Sabres over Garibpur in November 1971. They displayed extraordinary flying skills and became legends 'before they touched down'. One of the Pakistani pilots was Pervaiz Mehdi Qureshi, who was captured by *4 SIKH* and saved from being beaten up by their Adjutant Captain (later Lieutenant General) H.S. Panag. Qureshi, a contemporary of General Musharraf went on to become the Pakistani Air Chief, had advised Prime Minister Nawaz Sharif against using air power during the Kargil war as it would have led to retaliatory escalatory measures. Many years later, Don Lazarus, then settled in Coonoor, received a reply to his congratulatory letter to Qureshi, in which he complimented him for the fight in Boyra.

Part III of the book covers the '*Modern Era*', the Kargil war, insurgency, terrorism and complex modern-day issues. Some stories are still classified in the sense that the names of people can't be revealed but their actions and reactions are fact and not fiction. How do you deal with a militant who admits that he has been led astray, wants to make amends and is willing to help you? How do families support each other in times of crisis knowing fully well that their husbands could be the next victims?

'*The Warriors Code of Courage*' brings out the spirit, training and ethos of 21 Special forces (SF) and the manner in which they operate. There are two actions of one of their teams which have been covered, one in Assam and the other in J&K. The manner in which an encounter takes place and the interpersonal relations within the team, which is one of the closest relationships with a buddy willingly sacrificing his life for his colleague, brings out the character of these men where inspite of being seriously wounded, their thoughts lie only on successfully completing their mission. The undaunted courage of Major Deependra Singh Sengar who suffered serious bullet injuries in both operations and his colleague, Saurabh Singh Shekhawat who evacuated him both times and is one of the most highly decorated officers, reflects rare bonding and loyalty and fills one with pride.

The dilemmas men face in battling these insurgencies, the effect of intense operations on soldiers, society and people living in insurgency prone areas as well as on the families of those combating it, are vividly covered. There is no doubt that we need to preserve the perspectives of the protagonists so that they don't get obliterated by the passage of time. Books like this need to be read as they not only serve as an inspiration for the future generations but also build a sense of patriotism and pride in our Armed Forces.

Tales of soldiers, their courage and commitment are inspiring to say the least. Military heroism displayed in the face of extreme adversity, wherein individuals take life threatening actions to uphold the honour of their units and the nation, totally disregarding their own safety, are rare acts of bravery, dedication and commitment whose tale needs to be told to a wider audience.

While the legacy of these brave men is well recorded in their units and by their families but the candid and intuitive manner in which Probal has weaved these tales by infusing life into them, needs to be admired. It's truly a book that is difficult to put down. Probal's gripping narrative brilliantly matched by his eloquent prose while revealing what was hidden under '*camouflage*' needs to be admired.

rajeshsharma1049@gmail.com



The first operational Krupman bridge at Bayra



Chanan Singh Dhillon

#ASTRONOMY

# Reaching For The (Invisible) Stars

Some stars do not simply die down, but explode in a stellar blast







Supernovae stellar explosions as bright as an entire galaxy, have fascinated us since time immemorial. Yet, there are more hydrogen-poor supernovae than astrophysicists can explain. Now, a new Assistant Professor at the Institute of Science and Technology Austria (ISTA) has played a pivotal role in identifying the missing precursor star population.

Some stars do not simply die down, but explode in a stellar blast that could outshine entire galaxies. These cosmic phenomena, called supernovae, spread light, elements, energy, and radiation in space and send galactic shock waves that could compress gas clouds and generate new stars. In other words, supernovae shape our universe.

Among these, hydrogen-poor supernovae from exploding massive stars have long puzzled astrophysicists. The reason being scientists have not been able to put their finger on their precursor stars. It is almost as if these supernovae appeared out of nowhere.

"There are many more hydrogen-poor supernovae than our current models can explain. Either we can't detect the stars that mature on this path, or we must revise all our models," says ISTA Assistant Professor Ylva Götberg.

She pioneered this work together with Maria Drout, an Associated Faculty Member of the Dunlap Institute for Astronomy & Astrophysics, University of Toronto, Canada. "Single stars would typically explode as hydrogen-rich supernovae. Being hydrogen-poor indicates that the precursor star must have lost its thick hydrogen-rich envelope."

"This happens naturally in a third of all massive stars through envelope stripping by a binary companion star," says Götberg.

## Binary Stars and Envelope Stripping

The stars that Götberg and Drout search for go in pairs, interlocked in a binary star system. Some binary systems are well-known to us earthlings, these include the brightest star in our night sky, Sirius A, and its faint companion star, Sirius B. The Sirius binary system is located only 8.6 light-years away from Earth, which is a stone's throw in cosmic terms. This explains Sirius A's observed brightness in our night sky.

Astrophysicists expect the missing stars to be initially formed from massive binary systems. In a binary system, the stars would orbit around one another until the more massive star's thick, hydrogen-rich envelope, expands.

Eventually, the expanding envelope experiences a stronger gravitational pull to the companion star than to its own core. This causes a transfer of mass to begin, which eventually leads the entire hydrogen-rich envelope to be stripped off, leaving the hot and compact helium core exposed, more than 10 times hotter than the Sun's surface. This is precisely the type of stars that Götberg and Drout are looking for.

## Not just a needle in the haystack

Before Götberg and Drout's study, only one star was found to fulfill the expected mass and composition criteria and was called "Quasi-WR" (or "Almost Wolf-Rayet"). "Yet, the stars that follow this path have such a long lifetime that many must be scattered all over the observable universe," says Götberg.

Did the scientists simply not "see" them? Thus, Götberg and Drout drew on their complementary expertise. With the help of UV photometry and optical spectroscopy, they identified a population of 25 stars that are consistent with the expectations for intermediate-mass helium stars. The stars are located in two well-studied neighbouring galaxies, the large and the small Magellanic Clouds.

"We showed that these stars were bluer than the stellar birthline, the bluest phase in a single star's lifetime. Single stars mature by evolving towards the redder region of the spectrum."

The scientists then verified their candidate star population using optical spectroscopy. They showed that the stars had strong spectral signatures of ionized helium. "Strong ionized helium lines tell us two important things: first, they confirm that the stars' outermost layers are dominated by helium and, second, that their surface is very hot."

"This is what happens to stars left as an exposed, compact, helium-rich core, following stripping," says Götberg. Yet, both stars in a binary system contribute to the observed spectra. Thus, this technique allowed the researchers to classify their candidate population depending on which star contributed the most to the spectrum. "This work allowed us to find the missing population of intermediate-mass, stripped helium stars, the predicted progenitors of hydrogen-poor supernovae. These stars have always been there and there are probably many more out there. We must simply come up with ways to find them," says Götberg. "Our work may be one of the first attempts, but there should be other ways possible."



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# एस.डी.एम. और तहसीलदार पर रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज

## वहीं एसीबी कोटा ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा और परिवादी से मारपीट का माण्डलगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया



दोनों अधिकारियों के दफ्तरों के साथ अन्य विभाग के दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा।



राहुल धाकड़ तहसीलदार



महेश गगोरिया एसडीएम

**माण्डलगढ़, (निसं)।** माण्डलगढ़ एसडीएम महेश गगोरिया और तहसीदार राहुल धाकड़ पर एसीबी कोटा ने रिश्वत मांगने के मामले में सोमवार रात कार्रवाई को अंजाम दिया। इस कार्रवाई को लेकर दोनों अधिकारियों के दफ्तरों में हड़कंप मच गया। मंगलवार को दोनों अधिकारियों के दफ्तरों के साथ अन्य विभाग के दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा और रिश्वत काण्ड की चर्चाओं का दौर रहा। कोटा एसीबी के एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार के निर्देशन में टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

कोटा निवासी परिवादी संजय सिंह के मुताबिक माण्डलगढ़ के श्यामपुरा में परिवादी की सास विमला कंवर के पति की कृषि भूमि है। कृषि भूमि में भागीदारी का एक भूमि नामांतरण स्टे का वाद माण्डलगढ़ एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय में विचारधीन चल रहा है। उक्त मामले में अंतिम फैसला करने की एवज में परिवादी से दोनों अधिकारियों द्वारा रिश्वत की माँग की जा रही थी। सोमवार को सांयकाल परिवादी 50 हजार रिश्वत की राशि लेकर माण्डलगढ़ तहसीलदार राहुल धाकड़ के पास पहुंचा, तो तहसीलदार ने परिवादी को एसडीएम को देने के लिए चैम्बर में भेज दिया। एसडीएम ने 50 हजार की राशि लेने से पूर्व परिवादी का मोबाइल छीन कर कॉल डिटेल खंगाली।

परिवादी के मोबाइल में एसीबी के डायल नम्बर देख एसडीएम महेश गगोरिया ने तहसीलदार राहुल धाकड़ को अपने चैम्बर में बुलाया। दोनों अधिकारियों ने परिवादी संजय सिंह के साथ डंडे से मारपीट करने लगे। परिवादी चैम्बर के बन्द गेट के लात मारकर बाहर निकल आया। तो भी दोनों अधिकारियों ने परिवादी के साथ धक्का मुक्की की। इस बीच एसीबी कोटा की टीम ने परिवादी को सुरक्षा घेरे में लिया। इस दौरान एसीबी टीम को देख तहसीलदार राहुल धाकड़ मौक़े से कुछ दूर पैदल भागा और किसी कार में बैठक कर फरार हो गया।

उधर कोटा एसीबी ने एसडीएम महेश गगोरिया और तहसीलदार राहुल धाकड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर

- परिवादी के मोबाइल में एसीबी के डायल नम्बर देख एसडीएम व तहसीलदार ने डंडे से मारपीट की थी
- एसडीएम ने 50 हजार की राशि लेने से पूर्व परिवादी का मोबाइल छीन कर कॉल डिटेल खंगाली थी

लिया। वहीं दोनों अधिकारियों के खिलाफ माण्डलगढ़ थाने में राजकार्य में बाधा और परिवादी से मोबाइल छीनकर मारपीट का एक ओर मामला दर्ज कराया है। दोनों अधिकारियों की एफआईआर एसीबी ने जयपुर मुख्यालय कार्मिक विभाग को प्रेषित की है। माना जा रहा कि राज्य सरकार इस मामले में दोनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई कर सकती है। उधर माण्डलगढ़ थानाधिकारी ने भी जाँच कार्रवाई शुरू कर दी है।

मांडलगढ़ में एसडीएम महेश गंगोरिया की पहली पोस्टिंग है। 13 फरवरी 2023 को मांडलगढ़ एसडीएम पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। 24 दिसंबर 2021 से 1 जुलाई 2022 तक जयपुर में ट्रेनिंग की थी, 4 जुलाई 2022 को असिस्टेंट कलेक्टर (प्रशिक्षु) डूंगरपुर में कार्य किया था। माण्डलगढ़ तहसीलदार राहुल धाकड़ की सेवा नियुक्ति 7 जनवरी 2022 को हुई और 25 जुलाई 2022 को माण्डलगढ़ में नायब तहसीलदार पद पर जॉइनिंग की थी। इस दौरान 2023 में एक माह तक काछोला तहसीलदार का चार्ज धाकड़ के पास रहा। वहीं 31 अगस्त 2023 से तहसीलदार के पद पर राहुल धाकड़ कार्यरत रहे है। इस बीच करीब 4 माह से माण्डलगढ़ नगर पालिका ईओ का चार्ज भी धाकड़ के पास है।गौरतलब है कि तहसीलदार राहुल धाकड़ माण्डलगढ़ में 17 माह से है, वहीं उपखण्ड अधिकारी महेश गगोरिया माण्डलगढ़ में 10 माह से नियुक्त है। दोनों अधिकारियों के पास अर्जित सम्पति व परिजनों के नाम अन्य सम्पति,बैंक अकाउंट भी जांच के दायरे में लिए जाने की जानकारी मिली है।

उधर कोटा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सी आई देशराज गुर्जर ने माण्डलगढ़ थाने में एसडीएम महेश गगोरिया ओर तहसीलदार राहुल धाकड़ के खिलाफ राजकार्य में बाधा, एसीबी टीम से अभद्रता, परिवादी से मारपीट कर मोबाइल छिनने का मामला दर्ज कराया है।

उक्त परिवादी संजय सिंह की सास विमला कंवर के भूमि विवाद के मामले की कार्रवाई में तत्कालीन तहसीलदार सीमा बधेल ओर श्यामपुरा सरपंच यशवन्त कंवर की भूमिका संदेह के दायरे में आई है। जिसकी जांच की की जाएगी। वहीं दोनों अधिकारियों द्वारा दिन में दफ्तर ओर रात्रि में इलाके में गश्त कर समस्याओं का समाधान कर पीड़ितों को राहत एवं न्याय प्रदान करने की चर्चा इलाके में जोरों पर चल रही है।

# सामूहिक खुदकुशी मामले में पांच की मौत से उठा पर्दा

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी के कारण दम घुटना बताया गया

**बीकानेर, (निसं)।** मुक्ताप्रसाद नगर थाना इलाके के अंत्योदय नगर में पांच दिन पहले एक ही परिवार के सभी पांच सदस्यों की ओर से खुदकुशी करने के मामले से पर्दा उठ गया है। पांचों मृतकों की सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई। जिसमें मौत का कारण फांसी के कारण दम घुटना बताया गया है। मृतकों के फांसी लगाने से पहले जहरीला पदार्थ खाने की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है।

एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, मौत फांसी लगने से हुई है, यह स्पष्ट हो गया है। हनुमान सोनी, उसकी पत्नी विमला देवी, बेटे मोहित उर्फ मोनू, ऋषि एवं बेटी गुड़िया उर्फ गुड्डू के शव 14 दिसंबर की शाम को घर के कमरे, आंगन व रसोई में लटके मिले थे। एक सुसाइड नोट घटनास्थल और दूसरा हनुमान सोनी की पेंट की जेब से मिला था। दोनों में ससुराल व पीहर पक्ष के लोगों पर जायदाद में हिस्सा नहीं देने एवं 50 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया

- पांच दिन पहले एक ही परिवार के सभी पांच सदस्य घर में लटके हुये मिले थे

गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों के जहरीला पदार्थ खाने जैसी बात जांच में साबित नहीं हुई है और ना ही किसी भी मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस हर एंगल से बारीकी से जांच-पड़ताल कर रही है। अब पुलिस को एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दीपक शर्मा के सुपरविजन में गठित एसआईटी ने मृतक महिला विमला देवी के पीहर पक्ष के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने हनुमान के पिता, भाई और रिश्तेदारों से भी 50 लाख की जायदाद संबंधी पूछताछ की। हनुमान को जायदाद में हिस्सा मिला था या नहीं और जायदाद के कागजात जैसे बिंदुओं पर जांच चल रही है। नगदी संबंधी कोई प्रमाण नहीं मिले हैं।

एसआईटी ने पड़ोसियों से पूछताछ की। पड़ोसियों के मुताबिक पति-पत्नी कभी घर से बाहर निकलते ही नहीं थे। पति घर के बाहर पोर्च में या चौकी पर बैठकर कभी-कभार अखबार पढ़ते हुए जरूर नजर आता था। वह समाज व परिवार से पूरी तरह कटे हुए थे। वह न किसी के घर जाते थे और ना ही कोई उनके घर आता था। बेटी गुड़िया उर्फ गुड्डू कॉलोनी की सहेलियों के साथ बैडमिंटन जरूर खेलती थी। मोनू व ऋषि सामने पार्क में कॉलोनी के बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते थे। मोनू घर के सामने करणी माता के मंदिर में रोजाना जाता था। पुलिस ने मकान मालिक अनिल से भी घटना के बारे में पूछताछ की। मकान मालिक के मुताबिक केवल इसी माह का किराया बकाया था। पीछे का कोई किराया बकाया नहीं था। वह दस साल से नियमित किराया दे रहा था।

## अवैध रॉयल्टी काटने से नाराजगी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** आसींद क्षेत्र के सभी बजरी सप्लायर्स ने एकत्रित होकर आसींद पुलिस उपाधीक्षक योगेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक प्रत्याशी मनसुख सिंह गुर्जर ने मिडिया से रूबरू होते हुए बताया कि आसींद क्षेत्र में मेसर्स अभिषेक चौधरी द्वारा अवैध बजरी की रॉयल्टी वसूल की जा रही है जिससे बजरी सप्लायर को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही ज्ञापन में बताया कि उक्त मैसर्स के टीपी पोईंट खनन क्षेत्र शंभूगढ़ में स्थित है। लेकिन उसकी बजाय दांतडा क्षेत्र से सप्लायर से अवैध रॉयल्टी वसूल कर रहे हैं। साथ ही बजरी रॉयल्टी क्षेत्र का निर्धारित सीमांकन भी नहीं कर रखा है। आए दिन ट्रैक्टर संचालकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। अवैध रॉयल्टी वसूली के चलते बजरी सप्लायर में रोष व्याप्त है।

# शिल्पा शेट्टी परिवार के साथ उदयपुर पहुंची



अभिनेत्री शिल्पा व राज कुन्द्रा ने बच्चों के साथ उदयपुर में नैसर्गिक वादियों को देखा।

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व में खुबसूरती के लिए अपनी अलग पहचान बना चुके उदयपुर शहर, आसपास की जंगल सफारी व नैसर्गिक सौन्दर्यता बॉलीवुड सितारों को आकर्षित करती है।

कई बॉलीवुड सितारे बीते दो सालों से अपने विंटर वैकेशन को सेलिब्रेट करने यहां पहुंचने लगे हैं। रविवार को बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ उदयपुर पहुंची। वे यहां वल्लभनगर क्षेत्र के खेरोदा के बाठेड़ाकलां में स्थित चुंडा शिकार ओदी में रूकी। परिवार सहित उन्होंने यहां जंगल सफारी सहित बर्ड वॉचिंग की। साथ ही ओदी से सटकर लगे तालाब में बोटिंग कर यहां की नेसर्गिक सुंदरता को निखारा। शिल्पा अपने पति राज कुन्द्रा, बेटे विआन व बेटी समीशा के साथ उदयपुर पहुंची है।

शिल्पा ने यहां पर राजस्थानी थाली का आनंद लिया। जिसमें बाजरे की रोटी, हल्दी, गट्टे की

- खेरोदा के बाठेड़ा कलां में की जंगल सफारी, बच्चे भी साथ रहे
- अडिन्दा स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंचकर दर्शन किए

सब्जी, हरे घास व मक्की की रोटी, मटर पुलाव आदि शामिल थे। यहां से वे अडिन्दा स्थित पार्श्वनाथ मंदिर पहुंची जहां उन्होंने वहां दर्शन किए। हालांकि वे यहां कितने दिन रहेगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। दो दिन पहले ही बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु अपने पति करन ठाोवर व बेटी देवी के साथ उदयपुर पहुंची थी और यहां उन्होंने ताज ग्रुप के 120वीं वर्षगांठ पर आयोजित केक सेरेमनी में भाग लिया था और परिवार के साथ यहां ठहरी थी।

# सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला की मौत

**कोटा, (निसं)।** शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके में एक बड़ा सड़क हादसा घटित हुआ। नांता इलाके में नेवाजी पैलेस के नजदीक सोमवार रात को एक बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर के बाद एक गर्भवती महिला बाइक से उछल गई और रोड से गुजरती बस की चपेट में आ गई। इस घटना में महिला की मौत हो गई।

कुन्हाड़ी थाने के एएसआई रईस मोहम्मद ने बताया कि दुर्घटना नांता इलाके में नेवाजी पैलेस के नजदीक हुई है। मृतक महिला गौना मेहरा है जो सकतपुरा काली बस्ती की निवासी है। वह अपने घर से पति मुकेश और बेटी प्रिया के साथ लैंडमार्क सिटी जा रही थी। दोनों हॉस्टल में संचालित मैस में खाना बनाने का काम करते हैं। इस दौरान कुन्हाड़ी से नांता की तरफ जा रही एक बाइक से ही उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे महिला गौना उछल कर सड़क पर गिर गई। इस दौरान भीलवाड़ा से कोटा की ओर आ रही रोड़वेज बस का पिछला पहिया उसके शरीर से गुजर गया। इसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हादसे में उसका पति घायल हो गया जबकि उसकी 10 वर्षीय बच्ची को मामूली खरोंच आई है। पति का एमबीएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। पति मुकेश और बेटी प्रिया का भी मंगलवार

- हादसे में पति घायल, 10 वर्षीय बच्ची को मामूली खरोंच आई है

सुबह मेडिकल करवाया गया है जबकि मृतक गौना के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के परिवार के सदस्य प्रेमचंद मेहरा ने बताया कि मुकेश के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी ज्यादा खराब थी। उनके पास शव ले जाने के लिए भी पैसा नहीं था। ऐसे में ह्यूमन हेल्पलाईन के मनोज जैन आदिनाथ ने उनकी आर्थिक मदद की है।

# 20 हजार का फरार ईनामी गिरफ्तार

**जोधपुर, (नि.सं.)।** पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम और जोधपुर ग्रामीण डीएसटी ने जोधपुर आयुक्तालय के बनाड़ थाना क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई कर एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी मांगीलाल विश्नोई पुत्र देवाराम निवासी डुडियो की ढाणी लूणावास थाना झंवर जिला जोधपुर ग्रामीण को डिटेन किया। जिसे बनाड़ थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एम एन ने बताया कि आरोपी मांगी लाल के विरुद्ध साल 2020 में बूंदी जिले के थाना डाबी में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी का

- सीआईडी और जोधपुर ग्रामीण डीएसटी की कार्रवाई
- एनडीपीएस एक्ट में 3 साल से था फरार

मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसका विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट बूंदी द्वारा स्थाई वारंट जारी है।

जिसमें इसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी बूंदी द्वारा 20 हजार रुपये का इनाम घोषित है। लम्बे समय से फरार वांछित अपराधियों के बारे में आसूचना संकलन करने सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीमों को राज्य के विभिन्न शहरों में भेजा गया है। एडीजी एमएन ने बताया कि इसी दौरान एक टीम के हैड कांस्टेबल राकेश जाखड़ को सूचना मिली कि बूंदी जिले में वांछित इनामी अभियुक्त मांगी लाल जोधपुर आयुक्तालय के बनाड़ थाना क्षेत्र में परिवार सहित किराए के मकान में रह रहा है। सूचना पर आईजी प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जोधपुर रवाना कर आसूचना को डवलप किया गया।

सूचना की पुष्टि के बाद सोमवार रात सीआईडी और जोधपुर ठाामीण डीएसटी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी मांगीलाल के किराए के मकान पर दबिश देकर दस्तयाब किया। जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए बनाड़ थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया है। संबंधित डाबी थाना पुलिस को इसकी गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दे दी गई है। एमएन ने बताया कि इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल राकेश जाखड़ की अहम भूमिका एवं हेड कांस्टेबल महेश कुमार, रविंद्र सिंह, शंकर दयाल, कमल सिंह व कांस्टेबल नरेश कुमार का सहयोग रहा वहीं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह का कुशल नेतृत्व रहा। जोधपुर ग्रामीण डीएसटी से प्रभारी लाखाराम पुलिस निरीक्षक, हेड कांस्टेबल चिमनाराम, कांस्टेबल मुकन सिंह व मदन लाल शामिल थे।

# माहेश्वरी समाज के लोगों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** माहेश्वरी समाज के जनों ने मंगलवार को नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा को ज्ञापन सौंपकर जैसलमेर शहर में माहेश्वरी मुक्ति धाम के हक की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि समाज के मुक्ति धाम के पास अतिक्रमण करके पक्का निर्माण करवाने का कार्य हो रहा है जो सरासर गलत है। अतः अतिक्रमण को तुरन्त प्रभाव से हटवाया जावे। इनवर्ड संख्या 12108 देते हुए आयुक्त द्वारा अतिक्रमण शाखा को मार्क करते हुए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए गए है।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा प्रत्याशी छोटूसिंह भाटी के परिवार द्वारा उपरोक्त अतिक्रमण करते पाए जाने पर माहेश्वरी समाज जनों ने विरोध किया। बताया कि तब चुनाव को देखते हुए अतिक्रमण हटवा दिया गया तथा विधायक के भाई नख्तसिंह द्वारा भरोसा दिलाया गया कि माहेश्वरी समाज के हित की जमीन पर हमारे द्वारा भविष्य में अतिक्रमण नहीं किया जायेगा परन्तु सत्ता में काबिज होते ही वापिस अतिक्रमण की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है ऐसी दोगली बात करने से आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का असली चेहरा सामने लाने का कृत्य किया जा रहा है।

जैसलमेर माहेश्वरी समाज भारत के गुजरात, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छतीसगढ़, केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, उतरप्रदेश सहित अनेक राज्यों में भारी संख्या में निवास करते हैं।समाज के मुक्ति धाम के पास हो रहे अतिक्रमण का विरोध समाज जनों द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में किए जाने की प्रबल संभावनाएं बनने के आसार हो जायेंगे। ज्ञापन आयुक्त को सुपर्द करते समय समाज के विजय बिसानी, दीपक केला,मनीष धीरन, मुकेश नागोरी, राहुल केला, महेश भूतड़ा, पवन सुदा, मनीष भूतड़ा, प्रणय भूतड़ा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

समाजजनों द्वारा आयुक्त को समय रहते अतिक्रमण हटाने का निवदेन किया। साथ ही समाज मुद्दे को आगामी दिनों में जैसलमेर प्रवास के दौरान राष्ट्रपति, राज्यपाल,मुख्यमंत्री के समक्ष पुरजोर तरीके से रखेगा।

# सत्संग मेले पर श्योसिंहपुरा-पदमपुरा स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव

**कोटा, (निसं)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु बीलवा, जयपुर के पास आयोजित होने वाले राधा स्वामी सत्संग मेले के अवसर पर कोटा से प्रारम्भ एवं कोटा होकर जाने वाली कई ट्रेनों का श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 22 दिसम्बर 2023 से 25 दिसम्बर 2023 तक 01 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। गाडी संख्या 19813, कोटा-हिसार एक्सप्रेस 21 दिसम्बर 2023 एवं 23 दिसम्बर 2023 को एवं वापसी में गाड़ी संख्या 19814, हिसार-कोटा एक्सप्रेस 22 दिसम्बर 2023 एवं 24 दिसम्बर 2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 01 मिनट ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 19807, कोटा-हिसार एक्सप्रेस 22 दिसम्बर 2023 एवं 24 दिसम्बर 2023 को एवं वापसी में गाडी संख्या 19808, हिसार-कोटा एक्सप्रेस 21 दिसम्बर 2023 एवं 23 दिसम्बर 2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 01 मिनट ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12181, जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 21 दिसम्बर 2023 एवं 22 दिसम्बर 2023 को एवं वापसी में गाडी संख्या 12182, अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 22 दिसम्बर 2023 एवं 23 दिसम्बर 2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 01 मिनट ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22982, श्रीगंगानगर-कोटा एक्सप्रेस 21 दिसम्बर 2023, 22 दिसम्बर 2023 एवं 24 दिसम्बर 2023 को एवं वापसी में गाड़ी संख्या 22981, कोटा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 22 दिसम्बर 2023, 23 दिसम्बर 2023 एवं 25 दिसम्बर 2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 01 मिनट ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22998, श्रीगंगानगर-झालावाड़ सिटी एक्सप्रेस 23 दिसम्बर 2023 को एवं वापसी में गाड़ी संख्या 22997, झालावाड़ सिटी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 24 दिसम्बर 2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 01 मिनट ठहराव करेगी।

गाड़ी संख्या 12465, इंदौर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 22 दिसम्बर 2023 से 25 दिसम्बर 2023 तक अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 01 मिनट ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20844, भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस 23 दिसम्बर 2023 को एवं वापसी में गाड़ी संख्या 20846, बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 24 दिसम्बर 2023 को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्योसिंहपुरा पदमपुरा स्टेशन पर 01 मिनट ठहराव करेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा ने बताया कि इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# रेस्टोरेंट के किचन में आग लगने से हड़कम्प मचा

## दमकल की दो गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, दो से ढाई लाख का नुकसान हुआ



रेस्टोरेंट के किचन में लगी आग को दमकल कर्मियों ने बुझाया।

**अजमेर, (कासं)।** ब्यावर रोड रामगंज मुख्य बाजार स्थित पंजाबी तड़का रेस्टोरेंट के किचन में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर अग्निशमन विभाग की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण किचन की चिमनी में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने से रेस्टोरेंट मालिक को ढाई लाखों से अधिक का नुकसान हुआ है। रामगंज थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रामगंज थाना क्षेत्र के ब्यावर रोड स्थित रामगंज बाजार में मंगलवार को पंजाबी तड़का रेस्टोरेंट के किचन में करीब 11 बजे आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने धीर-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद रेस्टोरेंट और बाजार में हड़कंप मच गया। रेस्टोरेंट में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। रेस्टोरेंट के मालिक नितिन अरोड़ा ने आग लगने की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग और रामगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग ने दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी, जहां दमकल कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मौके पर पहुंचे रामगंज थाने के एएसआई गिरधारी लाल ने बताया कि रामगंज बाजार स्थित पंजाबी तड़का के किचन में आग लगने की सूचना मिली थी, अग्निशमन विभाग की दो गाडियों ने आग पर काबू पाया है। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। नुकसान को लेकर रेस्टोरेंट मालिक से पूछताछ की जा रही है।

**चिमनी में लगी थी आग :-** पंजाबी तड़का रेस्टोरेंट के संचालक मालिक नितिन अरोड़ा ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की प्रबल संभावना है, लेकिन किचन की चिमनी में कचरा और तेल का जमाव होने से भी आग लगने की आशंका जताई है। चिमनी में लगी आग ने कुछ ही देर में

- आग लगने का कारण किचन की चिमनी में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है

विकराल रूप धारण कर लिया था। अरोड़ा ने बताया कि आग में करीब दो से ढाई लाख रुपए कीमत का माल जलकर खाक हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

**बिल्डिंग को कराया खाली :-** रामगंज थाना पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची थी और पंजाबी तड़का किचन के ऊपरवाली बिल्डिंग को पूरी तरमह खाली कराया गया ताकि कोई जनहानि न हो सके। लेकिन दमकल कर्मियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था। जिसके कारण बड़ा हादसा टल गया।

## ग्रामीणों ने विधायक जूली का स्वागत किया

**अलवर, ( निसं )।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में शानदार जीत हासिल करने के बाद विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का निरंतर धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव गाजूका, चांदूकी, रायबका, ककराली और नांगलझीडा में समर्थकों की ओर से धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाइक रैली का आयोजन भी हुआ। ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर विधायक जूली का स्वागत सत्कार किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके स्नेह और प्यार की बदौलत मैंने अपने पिछले कार्यकाल में विकास कार्यों की जो आधारशिला रखी थी वह लगभग पूरी होकर ग्रामीण क्षेत्र को पूरे राजस्थान में अलग पहचान दिला रही है।

उन्होंने कहा कि अब हम सभी को मिलकर के क्षेत्र के विकास के लिए संयुक्त प्रयास करने हैं। इस अवसर पर सरपंच इमरान खान,हारुण खान, राहुल खान,आरिफ खान ,अब्दुल प्रधान, एडवोकेट जाकिर हुसैन, सैकुल सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से संचालित मांस-मीट की दुकानों को बन्द कराने की मांग


विश्व हिन्दू परिषद ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश सिंह तंवर ( बाएं ) को ज्ञापन सौंपा।

**अलवर**, (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद अलवर द्वारा अलवर जिले में अवैध रूप से संचालित मांस-मीट की दुकानों को बन्द कराने हेतु अलवर जिलाध्यक्ष अध्यक्ष दिलीप मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर अलवर शहर नरेश सिंह तंवर को ज्ञापन सौपा।

विश्व हिन्दू परिषद अलवर के जिला सह मीडिया प्रभारी अवधेश माथुर ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अलवर जिले के अधिकांश कस्बों व अलवर शहर के मुख्य मार्गों, मन्दिर, स्कूलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों के निकट अवैध रूप से मांस-मीट बेचने वालों की दुकानें एवं बूचडखाने हैं, जो दुकानों के बाहर जानवरों को खुले में ही काट कर दुकानों के बाहर लटका कर बेचते हैं।

इन अवैध रूप से संचालित मांस की दुकानों में जानवरों के मांस को देखकर रास्ते से आने-जाने वाले सनातनियों की भावनाऐं आहत होती है साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को परेशानियों का सामना करना पडता है क्योंकि इन दुकानों पर असामाजिक तत्वों एवं मदिरा सेवन करने वालों का जमावडा बना रहता है। जो वही बैठकर मदिरा का सेवन करते है जिससे आमजन को वहा से गुजरने में काफी परेशानी होती है। साथ ही इन मांस-मीट की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा नियमों को भी नजर-अन्दाज कर मांस-मीट बेचा जाता है।

आज विश्व हिन्दू परिषद अलवर द्वारा माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार से ज्ञापन के मध्यम से अलवर जिले में अवैध रूप से संचालित मांस-मीट की दुकानों को तुरन्त प्रभाव से बन्द कराने की मांग की गई।

## सत्संग कार्यक्रम आयोजित

**सांभरझील, ( निसं )।** संत निरंकारी मंडल के सुनील बाली की अध्यक्षता में संयोजक स्तरीय संत समागम सत्संग कार्यक्रम संत रविदास गार्डन में संपन्न हुआ। पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल सकरवाल ने बताया कि इस अवसर पर भक्तो ने अपने विचारों से लाभान्वित किया। भजनों में सद्गुरु प्रदत ब्रह्मज्ञान से जीवन में सुधार और सद्गुरु की और से बताए गए मार्ग का अनुसरण करने का जिक्र किया। सुनील बाली ने कहा कि शरीर के रहते यदि अपने मालिक को नही जाना तो इस शरीर का कोई लाभ नहीं है, हमें जीवन के रहते ब्रह्मज्ञान लेकर अपना भाग जगाना होगा।

यह परमात्मा काफी नजदीक होने के उपरांत भी हमें नजर नहीं आ रहा है जबकि परमात्मा हर जगह है, कण कण में है, सर्वव्यापक है फिर भी यह नजर नहीं आ रहा है। इसका कारण यह है कि इंसान अपने परमात्मा से दूर है उसे इसका पता ही नही है सद्गुरु ज्ञान से ही भक्त अपना भाग्य जगाता है।

अत: हमें सद्गुरु के शरण में जाकर इसे समझना होगा अपने जीवन में सदगुरु को महत्व देना होगा, अपने इस जीवन को संवारना होगा। संगत में सैकड़ों भाई बहिनों के साथ -साथ क्षेत्र के भक्तजनों ने भी पहुंच कर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सार-समाचार

### विधायक ने सड़क का उद्घाटन किया



**पावटा, ( निसं )।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पणदो गांव में जिला परिषद कोष से 8 लाख की लागत से नव निर्मित सीसी ब्लाक सड़क का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ व जिला प्रमुख रमा चोपडा ने फीता काटकर किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड ने दलगत भावना से उपर उठकर समाज के विकास के लिए कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर बाणगंगा मंडल अध्यक्ष सीताराम सैनी, वार्ड नंबर 44 जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शिवदान फागणा, भामोद सरपंच लक्ष्मी कंवर, तालवा सरपंच भग्गाराम गुर्जर, रोहिताश सिंधु सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचाने का आव्हान

**श्रीमाधोपुर , ( निसं )।** श्रीराम जन्मभूमि आनंदोत्सव समिति के द्वारा सम्पूर्ण हिन्दू समाज के घर घर एक जनवरी से व्यापक सम्पर्क करते हुए पीले चावल, अयोध्या राम मन्दिर का चित्र को साथ आमंत्रण पत्र दिया जायेगा। दिलीप शर्मा द्वारा बताया गया कि जिले के सात नगरपालिका सहित 730 गांव ढाणियों में घर घर सम्पर्क अभियान के माध्यम से आनन्द उत्सव मनाने जा रहा है। भगवान श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को क्षेत्र के सभी गांव ढाणी में विस्तृत रुप उत्साह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कलश यात्रा, मंदिरों में रोशनी से सजावट तथा विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम रखे गए हैं। साथ ही घर-घर संपर्क शुरू किया जाएगा। ग्राम समितियों का गठन किया जा रहा है। 25 दिसंबर तक ग्राम समितियों को बुलाकर अयोध्या से आई हुई सामग्री पीले चावल, राम मन्दिर का चित्र व आमंत्रण पत्र दिया जायेगा।

### अयोध्या से आये पीले चावलों का स्वागत

**चौमूं / कालाडेरा ( निसं )।** अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के निमित्त अभिमंत्रित अक्षत मंगलवार को शाम 5 बजे बस स्टैंड कालाडेरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। साथ ही गांव के गणमान्य लोगों ने अभिमंत्रित अक्षत को डोल नगाड़ों के साथ बस स्टैंड से कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए भगवा चौक के पास स्थित सीताराम जी के मन्दिर प्रांगण पर पहुंचे। इस दौरान कालाडेरा सरपंच अशोक कुमार शर्मा, यज्ञ आचार्य बुद्धि प्रकाश शास्ती, राजेन्द्र भिड़ा, सन्तोष मिश्रा, नवीन शर्मा, कालाडेरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेश कुमार योगी, पूर्व उपसरपंच मुकेश पंचोली, मुकेश सामरिया, मुकुट योगी, बुद्धि प्रकाश प्रजापत, गिराज सिंह, राजेन्द्र दौसाया, जी एल बांगडा, पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष हनुमान खोज, मोहन खत्री, ओमप्रकाश जैन, लालाराम मीणा सहीत ग्रामीण जन मौजूद थे।

# अध्यापिका से मोबाइल लूट का दूसरा आरोपी गिरफ्तार


निवाई थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**निवाई, ( निसं )।** पुलिस थाना निवाई ने मोबाइल लूट की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी हरिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मोबाइल लूट के दूसरे आरोपी देवालाल पुत्र रामस्वरूप मीणा निवासी मोलीपुरा थाना बरोनी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से प्रकरण की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जप्त किया है। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को परिवादी सोनू देवी पत्नी हरिओम सोनी निवासी प्लाट नंबर 263 सेक्टर 26 प्रताप नगर जिला जयपुर हाल निवासी अध्यापिका स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय निवाई ने थाने में रिपोर्ट पेश की थी कि वह 25 अक्टूबर को दोपहर में विद्यालय समय के पश्चात अपने घर लौट रही थी तभी निवाई बाईपास पुलिया के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया एवं धक्का देकर फरार हो गए। मामले के बाद पुलिस की विशेष टीम ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोबाइल लूट की वारदात करना स्वीकार किया।

## 'विकसित भारत 2047' पर संगोष्ठी आयोजित

**श्रीमाधोपुर, ( निसं )।** एसबीएन ग्रुप आफ एजुकेशन श्रीमाधोपुर में प्रमुख सचिव राज्यपाल एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के आदेशानुसार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक दिवसीय संगोष्ठी 'विकसित भारत 2047' के संदर्भ में आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय खंडेला के सहायक आचार्य डॉ प्रोफेसर पाणिनी निमड ने की, तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं को विकसित भारत 2047 के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किया। विकसित भारत 2047 पोर्टल पर विस्तार से जानकारी छात्र छात्राओं को प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल,सचिव इजि.प्रदीप धायल, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एसके जाट ने भी विकसित भारत 2047 के अंतर्गत प्रत्येक युवकों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के लिए प्रेरित किया । इस संगोष्ठी में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार


दुष्कर्म मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**मंडावरी/लालसोट, ( निसं )।** थाना क्षेत्र में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली दलित स्कूली छात्रा से दुष्कर्म मामले के एक आरोपी को पुलिस द्वारा मामला दर्ज होने के महज 48 घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया है।

अनुसंधान अधिकारी डिप्टी एसपी अरविंद कुमार गोयल के नेतृत्व में मंडावरी थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मीणा सहित दो पुलिस टीमों का गठन आरोपी को पकड़ने के लिए किया गया था। पुलिस टीमों द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए दलित नाबालिक स्कूल छात्रा से बलात्कार के आरोपी सुभाष मीणा पुत्र रघुनाथ मीणा को गिरफ्तार कर लिया गया। अनुसंधान अधिकारी डिप्टी एसपी गोयल ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया जहां मंगलवार को दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। अनुसंधान अधिकारी डिप्टी एसपी गोयल ने बताया कि नाबालिग स्कूल छात्र कक्षा आठ में पढ़ती थी उसकी उम्र करीब साढे तेरह साल है। 14 दिसंबर को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता छात्रा खुद के घर से करीब साढे दस बजे परीक्षा देने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंची थी।

जहां परीक्षा खत्म होने के बाद साढ़े 12 बजे नाबालिग को आरोपी सुभाष मीणा बाइक पर बैठा कर ले गया और मलारना डूंगर थाना क्षेत्र स्थित एक मकान में स्थित कमरे में ले जाकर बंद कर दिया जहां आरोपी द्वारा नाबालिग स्कूल छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद दूसरे दिन 15 दिसंबर को दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग स्कूल छात्रा को आरोपी मलारना डूंगर थाना क्षेत्र में सुनसान रास्ते पर छोड़कर फरार हो गया था। इस मामले को लेकर दुष्कर्म नाबालिग पीड़िता स्कूली छात्रा के पिता द्वारा 16 दिसंबर को मंडावरी थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था वहीं दर्ज कराए गए पूरे प्रकरण में अभी अनुसंधान जारी है।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बैठक

**निवाई, ( निसं )।** झिलाय रोड स्थित बालाजी के मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई।

समिति के खण्ड संयोजक रामकिशन बहादुरपूरा ने बताया कि श्री रामजन्म भूमि मंदिर के लिये 500 वर्ष तक सतत चला संघर्ष, वास्तव में हमारी संस्कृति की अक्षुणता का ध्योतक रहा है। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता के बाद हुआ श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन भारत की अस्मिता और पहचान का संघर्ष था। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारतीय स्वाभिमान एवं गौरव की पुनर्स्थापना है। यह राममंदिर से राष्ट्रमंदिर के अप्रतिम भाव का प्रतीक भी है। जन-जन के मन में प्रभु श्रीराम के प्रति जो आस्था है उसके प्रकटीकरण का चरम दृष्टिगत हो रहा है। खण्ड सह संयोजक मुकेश खटाणा ने बताया कि अयोध्या जी आए पूजित अक्षत कलश पहुंचाए जा रहे हैं जिनको 1 से 7 जनवरी तक टोलिया बनाकर हिंदू समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। जिसके लिए समितियो का गठन किया जा चुका है। समस्त समाज जनों से आग्रह है कि आगामी पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार को शुभ अवसर पर जब प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बना रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भ ग्रह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली ई-निविदा**

मंडल रेल प्रबन्धक / सं.एवं.दू.सं., उ.प.रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **ई-टेण्डर नोटिस सं. एसएनटी- जेपी-30-2023-24, दिनांक - 18.12.2023 1. कार्य का नाम व लोकेशन** : जयपुर डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर सिगलिंग प्रणाली के लिए ऑक्जिलरी ट्रांसफार्मर सप्लाई के प्रावधान के लिए सिगलिंग कार्य। **2. अनुमानित लागत** : रू. 58,63,797.46 /- **3. धरोहर राशि** : रू. 1,17,300 /- **4. वेबसाईट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि व समय** : 10.01.2024 समय 15:00 बजे तक। **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिसबोर्ड की लोकेशन** : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं.रे.प्र. कार्यालय, पावर हाउस रोड़, जयपुर। **1310-DG/23**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार के पोस्टर का विमोचन

**शाहपुरा, ( निसं )।** होटल मौर्य पैलेस में आयोजित इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सकों के कार्यक्रम में इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार के पोस्टर का विमोचन किया गया। 11 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाली इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में पधारे पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा झोटवाड़ा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धित पेड़ पौधों पर आधारित होने के कारण सरल एवं प्रभावी चिकित्सा है।

हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एम्स जैसे अस्पतालों में आयुष की विभिन्न चिकित्सा पद्धितयों को एक साथ रोगी की चिकित्सा करने के अवसर प्रदान किए है।

उन्होंने कहा कि 2018 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में राजस्थान में इलेक्ट्रोपैथी मेडिसिन एक्ट विधानसभा में पारित होने के बाद भी पिछली सरकार ने इस पद्धित के बोर्ड का गठन नहीं करके जनता के साथ धोखा किया है एवं इस पद्धित के विकास को राज्य में अवरुद्ध किया है। राठौर ने कहा कि अब दौर बदल गया है और ऐसी चिकित्सा पद्धितयों के विकास का मार्ग अब और अधिक प्रशस्त होगा।

इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष हेमंत सेठिया ने अपने विचार रखते हुए इस पद्धित की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा 11 जनवरी को आयोजित होने वाली सेमिनार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सेठिया ने बताया कि इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में हमारे देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ रहेंगे।

## रामलाल शर्मा जे.डी.ए. आयुक्त से मिले

**चौमूं / कालाडेरा, ( निसं )।** सामोद के वीर हनुमान मंदिर के विकास को लेकर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त जोगाराम से मुलाक़ात की।

उन्होंने वीर हनुमान जी सामोद के प्रवेश द्वार, भोजन शालाए, लाईट आदि कार्य को लेकर मुलाक़ात की। उन्होंने कहा मंदिर में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने शेष है जिन्हें जल्द ही पूर्ण करवाया जाएगा। आयुक्त जोगाराम ने गुरुवार को जेडीए की टीम मौके पर भेजने की बात कही। निरीक्षण के पश्चात् विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाए जायेंगे।

# संस्कृत विद्यालय के छात्रों को पाठ्य सामग्री बांटी

**चौमूं/कालाडेरा, ( निसं )।** ग्राम हाड़ोता के राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में सेंट एन्सेल्म्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौमूं के प्रिंसपल सिस्टर प्रेमा एवं मैनेजर फादर मेल्विन सलदान्हा के सानिध्य में विद्यार्थियों द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों को कई वस्तुए भेंट की। कॉपी-किताब व स्टेशनरी के अभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे, इसी सोच के साथ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को जरूरतमंद वस्तुए भेंट का अध्यापिका श्रुति शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिसंबर महीने में सरकारी स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों को वस्तुएं भेंट की जाती है। जिसमे खाने पीने का सामान, गरम स्वेटर, गरम कपड़े, बच्चों के पढ़ने की कॉपी किताब, खेलने का सामान दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुए व मिठाइयां आदि बच्चो की तरफ से वितरण की जाती है। बच्चों को किताबें, खिलौने और खाद्य सामग्री प्रदान की गई। इसके अलावा स्कूल के बच्चों ने एक-दूसरे के साथ समय व्यतीत करने के साथ खूब मस्ती भी की। स्कूल प्रशासन की मानें तो स्कूल ये अभियान पिछले कई सालों से चला रहा है। स्कूल प्रशासन ने बच्चों को इस अच्छी पहल से जोड़ा है ताकि बच्चों को मानवता का पाठ पढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उ.प.रे, अजमेर, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा संख्या- 42235672, दिनांक 13.12.23 जिसकी बंद होने की तारीख 10.01.2024 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख़ एवं समय तक ही अपनी मूल/ संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैनुअल(ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैन्युअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **(1) आपूर्ति का विवरण:** Supply, installation and commissioning of Retro fitment of Revised WSP wiring as per RDSO drawing No. CG-18246, Alt-0 with modified IP67 grade junction boxes as per drawing no. CG-19005, Alt-1 and Mil-grade type connectors for KBI Make WSP fitted coaches. (Scope of Work & Bill of Materials with part numbers is attached as per KBI Annexure). **(2) मात्रा:** 200 सेटस **(3) निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय:** ई-निविदा को 10.01.2024 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। **वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in

1307-DG/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## 'स्काउटिंग एक सेवाभावी आंदोलन है'

**लालसोट, ( निसं )।** उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के स्काउटिंग बिगीनर कोर्स संपन्न समारोह को संबोधित करते हुए अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन पारीक ने कहा कि स्काउटिंग एक सेवाभावी सामाजिक आंदोलन है जो अनुशासन के साथ जीवन जीने के हुनर भी संबंधित को प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि, स्काउटिंग एक ऐसी सोच पर आधारित है जो समाज सुधार के साथ जीवन के अंधियारों को दूर करती हुई विकसित सोच के साथ उज्जवल भविष्य की नींव तैयार करती है। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान में आयोजित बिगिनर कोर्स का उद्घाटन स्काउट कमिश्नर मदन पारीक, सीओ स्काउट प्रदीप सिंह ने श्री अशोक शर्मा विद्यालय में किया गया । जिसमें विद्यालय के प्राचार्य और स्काउट कमिश्नर मदन लाल पारीक ने शिविर का उद्घाटन किया, उन्होंने कहा की स्काउटिंग एक सेवाभावी आंदोलन है, इस अवसर पर उन्होंने पूर्व सचिव दिनेश शर्मा के साथ शिविर जीवन की यादें भी संभागियो के साथ साझा की । शिविर में शिक्षको को स्काउटिंग जीवन, स्काउटिंग की आवश्यकता विषय पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा, अशोक पारीक, अमित शर्मा, बलराम मीना, राम खिलाडी मीना, विष्णु शर्मा, गौरव गोयल संचालक मंडल में रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया

- **खैरथल तिजारा जिले के उपखंड कोटकासिम, मुंडावर व तिजारा ब्लॉक के 6 गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**


मुंडावर के गांव बादली में जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ( बाएं से दूसरे ) ने शिविर का निरीक्षण किया।

**किशनगढ़ बास, ( निसं )।** भारत सरकार की ओर से चलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को खैरथल-तिजारा जिले के उपखंड मुंडावर कोटकासिम व तिजारा ब्लॉक के 6 गांवों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली 17 योजनाओं की वैन को लेकर अधिकारी कैंप करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने मोदी गारंटी वैन सहित अधिकारियों का भव्य स्वागत किया।

मंगलवार को जिले के विभिन्न गांवों में लगाए गए भारत सरकार के विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप में 6000 से अधिक लोग पहुंचे और योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में महिला सहायता समूह की 16 महिलाओं को राजीविका स्वयं सहायता के तहत 32 लाख के चेक जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने प्रदान किए तथा उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसी पत्र चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिए गए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी वेन को लेकर तिजारा उपखंड के गांव कमालपुर व मसीत मुंडावर उपखंड के गांव नगलीओझा व बादली तथा कोटकासिम उपखंड के गांव बूढीबावल व कतोपुर में पहुंची। मोदी गारंटी आईसी वैन की स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रिकॉर्डड वीडियो संदेश को ग्रामीणों ने उत्साह कि साथ सुना और देखा । इसी के साथ भारत सरकार की 17 प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए जोड़ने का काम किया गया।

कैंप में सांस्कृतिक एवं लोकगीत के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत व विकसित भारत को लेकर शपथ दिलाई गई। तथा योग स्पोर्ट्स गेम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भारी उत्साह दिखाई दिया।

जिला कलक्टर हनुमान मल ढाका ने मुंडावर कि ग्राम बादली में चल रहे कैंप का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने कैंप में लगी योजनाओं की सभी स्टालों पर जाकर जानकारी ली। इस दौरान एसीईओ एवं जिला नोडल अधिकारी दीनबंधु सुरोलिया मुंडावर एसडीएम प्रियंका बड़गूजर, प्रधान पंचायत समिति मुंडावर सुनीता गुप्ता, तहसीलदार मदन लाल व बीडीओ सानू अग्रवाल सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**

**कब्जा नोटिस**

**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अथोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 26.07.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. गायत्री पब्लिक स्कूल शिक्षा समिति, 2. राधा सैनी, 3. गायत्री देवी, 4. कविता सैनी, 5. मोहन सिंह सैनी, 6. विद्या देवी, 7. खेम सिंह सैनी, 8. सुनीता सैनी को जारी किया गया था, जिसमें 26.07.2023 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 2,95,10,663.67/- (रूपये दौ करोड पिच्यानवे लाख दस हजार छ सौ तिरेसठ और पैसा सडसठ मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज दिसम्बर 2023 के 16वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 2,95,10,663.67/- (रूपये दौ करोड पिच्यानवे लाख दस हजार छ सौ तिरेसठ और पैसा सडसठ मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

**आईटम-1 - प्लाट नं.जी-38, क्षेत्रफल 312.39 वर्गगज, नन्दपुरी-जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमाये है- पूर्व-प्लाट नं. जी-37, पश्चिम-रोड 40'-0'' चौडी, उत्तर-प्लाट नं.जी-39, दक्षिण-रोड 30'0'' चौडी**

**आईटम-2 - प्लाट नं. जी-39, क्षेत्रफल 165 वर्गगज, नन्दपुरी-जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमाये है- पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-रोड 40'0'' चौडी, उत्तर-प्लाट नं.40, दक्षिण-प्लाट नं.जी-38**

**आईटम-3 - प्लाट नं.जी-40, क्षेत्रफल 165 वर्गगज, नन्दपुरी-जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमाये है- पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-रोड 40'0'' चौडी, उत्तर-प्लाट नं.जी-41, दक्षिण-प्लाट नं.जी-40**

**आईटम-4 - प्लाट नं.जी-41, क्षेत्रफल 165 वर्गगज, नन्दपुरी-जी, स्वेज फार्म, जयपुर, राजस्थान-302009 का पूरा व प्रत्येक भाग और सीमाये है- पूर्व-प्लाट नं. जी-44 तथा रोड 30'0'' चौडी, पश्चिम-रोड 40'0'' चौडी, उत्तर-प्लाट नं.जी-42, दक्षिण-प्लाट नं.जी-40**

दिनांक- 16 दिसम्बर 2023

स्थान- जयपुर

ऋण खाता संख्या- 26576719 और 32720727

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

# संक्षिप्त

## लोगों को रैन बसेरा पहुंचाया

**कोटपूतली, ( निसं )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सैशन न्यायाधीश) अजीत कुमार के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एडीजे प्रथम भारत भूषण शर्मा के निर्देशन में तालुका में गठित टीम के सदस्य पीएलवी महेश कुमार सैन, रैन बसेरा कर्मचारी विकास, नगर परिषद कर्मचारी व पुलिसकर्मियों के सहयोग से सर्दी के मौसम में सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रैन बसेरे में पहुंचाया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 29 को

**कोटपूतली, ( निसं )।** एक कदम गांव की ओर संस्था द्वारा कोटपूतली-बहरोड़ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी 29 दिसम्बर को डाबला रोड़ स्थित दीप गार्डन में आयोजित किया जायेगा। समारोह में वर्ष 2023 में शिक्षा विभाग में चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव ने बताया कि जिले की वर्ष 2023 में चयनित प्रतिभायें अपना नाम, पिता का नाम मोबाईल नंबर 9414080702, 9414749424 व 9414625566 पर 25 दिसम्बर तक भेज सकती है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**कोटपूतली, ( निसं )।** स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में टीम टिंकू पूतली के नेतृव में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि तरुण पटेल, भोलाराम लादी, विक्रम रावत, अशोक पटेल, अनिश पटेल, राकेश तंवर ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

## कार्यकारिणी का गठन किया

**दूदू, (निसं)।** जिला दूदू विद्युत श्रमिक संघ के चुनाव अध्यक्ष गोविंद पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित किए गए। अध्यक्ष पद पर अभिमन्यु सिंह नाथावत, महामंत्री मुकेश चौधरी, उपाध्यक्ष हनुमान कुम्हार, महिपाल सिंह, सूरज बढ़ाना, विष्णु दत्त पारीक सहित अन्य पदाधिकारी की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

# मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार दौसा पहुंचे भजनलाल की सादगी का हर कोई हुआ मुरीद

- सी.एम. भजन लाल ने एक ढाबे पर चाय बनाई और खुद ने भी पी एवं कार्यकर्ताओं को भी पिलाई
- मुख्यमंत्री शर्मा का भरतपुर जाते समय दौसा में कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया

**दौसा, ( निसं )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मुख्यमंत्री बनने के बाद भरतपुर जाते समय दौसा होकर गुजरने के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित सीएम भजन लाल शर्मा की सादगी देखकर हर कोई मुरीद हो गया। शर्मा ने एक ढाबे पर खुद के हाथों से चाय बनाई और खुद ने भी पी एवं कार्यकर्ताओं को भी पिलाई।

नवनिर्वाचित सी.एम. शर्मा द्वारा सादगी भरा दिया गया यह संदेश सबके लिए चौंकाने वाला था। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा ढाबे पर चाय बनाने वाला अंदाज लोगों में प्रधानमंत्री चायवाला की तरह मुख्यमंत्री चाय वाला की चर्चा बनकर सामने आया। मुख्यमंत्री शर्मा को लोगों द्वारा इस तरह धरातल पर देखकर कहा गया कि निश्चित तौर पर प्रदेश में कोई बड़ा बदलाव आने वाला है।

जानकारी के अनुसार जयपुर से भरतपुर जाते समय एनएच-21 सड़क मार्ग पर यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दौसा जिले में भण्डाणा, कलेक्ट्रेट सर्किल, भांडारेज मोड, सिकंदरा टोल प्लाजा, सिकंदरा चौराहा, मानपुर चौराहा, मीना शिमला, बालाजी मोड एवं महवा में जगह-जगह आमजन एवं जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जिलाध्यक्ष प्रभुलाल शर्मा व लालसोट विधायक रामबिलाश मीना, विधायक बांदीकुई भागचन्द सैनी टाकडा ने सिकन्दरा पुलिया के आगे, सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल ने सिकंदरा चौराहा एवं महवा विधायक राजेंद्र मीणा ने महवा बाईपास पर आमजन एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फूल माला पहनाकर, साफा ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने दौसा जिले के सिकराय उपखंड क्षेत्र में पीपलकी में अल्पविराम के दौरान होटल पर चाय बनाने में सहयोग कर, चाय भी पी।

सीएम शर्मा ने चाय स्टाल मालिक मुंशीलाल गुर्जर को पांच सौ रुपये का भुगतान भी किया। जिला कलेक्टर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



सी.एम. भजनलाल शर्मा ( बाएं से दूसरे ) ने हाईवे स्थित एक ढाबे पर खुद के हाथ से चाय बनाई।

# सार-समाचार

## बारातियों पर पथराव मामले में सौंपा ज्ञापन



**मालपुरा, ( निसं )।** गंगापुर सीटी की बामनवास तहसील के बेराडा गांव में रैगर समाज की बारात की बसों पर किये गये पथराव व तोडफोड की घटना की कडे शब्दों में निन्दा करते हुए मंगलवार को अम्बेडकर विचार मंच व रेगर समाज ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की। अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा सहित उमाशंकर ठागरिया,कन्हैयालाल वर्मा,राकेश वर्मा, हंसराज बैरवा, रामसहाय, अमित, गणपत आदि ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि 14 दिसम्बर को बेराडा गांव में रेगर समाज की बारात पहुंची तो गुर्जर समाज के लोगों ने बारात को रास्ते से निकलने तथा दुल्हे को घोडी पर बैठाने का विरोध किया। लेकिन रेगर समाज के लोगों ने जैसे-तैसे कर बारात निकाल ली। जिससे गुस्साऐं गुर्जर समाज के लोगों ने बारात की बसों पर लाठी व सरियों से तोड-फोड कर दी जिसमें बारातियों को कांच के टुकडों से चोटें भी आई।

## शिविर में 1100 लोगों ने भाग लिया

**बहरोड़/ नीमराना, ( निसं )।** उपखंड क्षेत्र बहरोड़ की ग्राम पंचायत खोहर एवं बसई में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैंप में बहरोड़ विधायक जसवंत यादव सहित जिला कलेक्टर शुभम चौधरी पहुंचे। वहीं बच्चों द्वारा स्वागत गान सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से कैम्प का शुभारंभ किया। आयोजित कैंप में बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत सिंह यादव द्वारा आम जन से अधिक संख्या में भारत सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। जिला कलेक्टर एवं उपस्थित अन्य सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा आम जनता की उपस्थिति में विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया। वहीं जिला कलेक्टर शुभम चौधरी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम गरीब कल्याण योजना व मृदा स्वास्थ्य कार्ड अभियान, उज्ज्वला आदि के साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं को भारत संकल्प यात्रा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस कैंप में करीब 1100 लोगों ने भाग लिया।

## शहीद की अध्यापिका बेटी का सम्मान किया

**कोटपूतली, ( निसं )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मांडा, बानसूर में समाजसेवी रतनलाल शर्मा द्वारा ऑपरेशन मेघधूत में शहीद जगदीश प्रसाद जाट (शौर्य चक्र, सेना मैडल) की पुत्री प्रमिला का अध्यापक तृतीय श्रेणी अंग्रेजी विषय में चयन होने पर साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। समाजसेवी शर्मा ने बताया कि प्रमिला पिछले 08 वर्षों से मैलाईटस नामक बीमारी से पीड़ित है, जिसकी वजह से वह चलने फिरने में असमर्थ है फिर भी अपनी मजबूत दृढ़ शैली एवं सकारात्मक सोच की वजह से आज वे मांडा विद्यालय में अंग्रेजी विषय की अध्यापिका पद पर अपनी सेवायें दे रही है। इस दौरान लीलाराम पंच, समाजसेवी कुलदीप शर्मा, मुरलीधर चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

## मारपीट के आरोप में तीन जने गिरफ्तार

**दूदू, ( निसं )।** निकटवर्ती मौजमाबाद स्थित पुलिस थाने में गत पांच माह पूर्व परिवादी द्वारा दर्ज अपहरण कर मारपीट के बाद खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवाने के प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दूदू जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि 18 अगस्त 2023 को पालू खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने इस्तगासा पेश कर बताया कि आरोपी विजय परेवा, रंजीत खटीक, मुकेश कुमार पर अपहरण के बाद मारपीट कर बेहोशी की हालत में जान से मारने की धमकी देकर जबरन कागजों व स्टांप पर हस्ताक्षर करवा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच के बाद आरोपियों को उप पुलिस अधीक्षक दशरथ सिंह एवं थाना प्रभारी कमलेश कुमार की टीम के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## छात्रों को सफलता के मूल मंत्र बताये

**कोटपूतली, ( निसं )।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को इतिहास विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विधार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. सज्जन सिंह यादव ने इतिहास विषय के बारे में विधार्थियों को विभिन्न विद्वानों के विचारों से अवगत करवाया। प्रो. रविन्द्र कुमार यादव ने विभिन्न परीक्षाओं में इतिहास विषय के प्रश्नों के उत्तर लेखन की उपयुक्त शैली के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. अशोक सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में इतिहास विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. उर्मिल महलावत ने वर्तमान समय में इतिहास की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किये। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने विधार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति साध्य, साधन और साधना के समन्वय पर बल देते हुए सफलता के मूल मंत्र बताये।

## शिखर कलश स्थापना 25 को

**निवाई, (निसं)।** गांव जामडोली में स्थित दिगंबर जैन मंदिर में नव निर्मित शिखर पर कलश एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में शांति धारा, याग मंडल विधान पूजन, कलश एवं ध्वज स्थापना सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। कार्यक्रम में जैन समाज के दूर दराज के भक्त शामिल होंगे।

# उप मुख्यमंत्री प्रेम चन्द बैरवा का फागी में हुआ स्वागत

- जगह-जगह तोरण द्वार बनाये, सभी समाजों ने स्वागत किया
- फागी एवं सम्पूर्ण क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा : उपमुख्यमंत्री

**फागी, ( निसं )।** स्थानीय विधायक के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार फागी पहुंचने पर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। कस्बे से तीन किलोमीटर पहले गुर्जर छात्रावास पर सर्वसमाज के सैंकडों लोगों ने उपमुख्यमंत्री की अगुवानी की जहां से जुलूस के साथ पंचायत समिति प्रांगण में प्रधान प्रेम देवी चौधरी, नगरपालिका चेयरमैन ओम प्रकाश खवास के साथ भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने भव्य स्वागत किया।

जहां से मुख्य जुलूस प्रारम्भ होकर उपजिला अस्पताल के बाहर पहुंचा जहां केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यबाजार में गुरूजी मंदिर के पास चिंदौला मौहल्ला में बारागाव समाज की ओर से स्वागत किया गया।

मुख्य बाजार में व्यापार मंडल द्वारा स्वागत किया गया जहां विभिन्न व्यायापार मंडलों के अध्यक्षों के साथ स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी ने उप मुख्यंमत्री का स्वागत करते हुए चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत सत्कार को चर्म पर पहुंचा दिया। इस स्वागत समारोह से अभिभूत विधायक बैरवा ने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि फागी एवं सम्पूर्ण क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहींछोड़ूंगा।

इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रंगलाल गुर्जर, वीरेन्द्र जैन, सुकुमार झण्डा, भगवान जोशी, गोविन्द सिंह, लक्ष्मीनारायण सोनी, प्रधान प्रेम देवी चोधरी, सुरेन्द्र धाभाई सहित क्षेत्र की विभिन्न भाजपा इकाइयों के अध्यक्ष एवं हजारों आमजन उपस्थित थे।

# बिना भेदभाव के क्षेत्र का विकास करूंगा : बैरवा

**दूदू, ( निसं )।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने कहा कि, छत्तीस कोम को साथ लेकर बिना भेदभाव के क्षेत्र का विकास करूंगा, मतदाताओं ने वोट देकर जो दायित्व मुझे सौंपा है उसका पूरा निर्वहन करूंगा।

बैरवा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय दूदू के एक निजी गार्डन परिसर में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए विचार व्यक्त किए। साथ कहा कि केन्द्र सरकार कि जो जनकल्याणकारी योजनाएं हैं उनमें गांव ढाणी के अन्तिम छोर तक बैठे परिवार को आमजन को साथ लेकर लाभाविन्त किया जावेगा। इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को चेतावनी दी गई कि जो जनता की सेवा नहीं करेगा वह अपने बोरी-बिस्तर बाधने की तैयारी कर लेवें। क्षेत्र के आमजन को उचित न्याय मिले साथ ही योजनाओं से कोई वंचित न रहे यह मेरा दायित्व है। इस दौरान विभिन्न समाज के संगठनों द्वारा बैरवा का साफा पहनाने के साथ तलवार भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला प्रमुख पदमचंद जैन, मंडल अध्यक्ष राज नारायण शर्मा, उपप्रधान कैलाश चन्द जाट, नगर परिषद सभापति कमलेश देवी जाट, भूपेंद्र सिंह, दातार सिंह, रामनारायण खारोल, राजू धेतरवाल, अवधेश शर्मा, वृद्धि चंद अहलावत, रामधन अहलावत, रामचरण अहलावत, सुवालाल गुर्जर, प्रकाश जैन सहित मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने स्वागत समारोह को संबोधित किया।

# अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**चौरू/उनियारा, ( निसं )।** उनियारा वृत क्षेत्र के बनेठा थाना पुलिस ने बजरी माफिया पर शिकंजा कसते हुए बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है एवं बजरी की रैकी करते हुए पाए जाने पर एक जने को गिरफ्तार किया है।

बनेठा धानाधिकारी नरेन्द्र सिंह के सुपरविजन में सरकारी वाहन से दौराने गस्त सूचना मिली कि कीरो की झोपडिया की तरफ से एक ट्रैक्टर बजरी भर कर जा रहा है। इस पर रवाना होकर कीरो की झोपडियां पहुंचे जहां पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली आते नजर आये जो सरकारी वाहन की लाईट को देखकर भागने लगा। जिसका पीछा किया जो नगो खाल से आगे टोंक रोड पर ट्रेक्टर को छोड़ कर चालक भाग गया। बिना नम्बरी ट्रेक्टर ट्रॉली में अवैध बजरी 5 टन भरी हुई थी जिसको मौके पर धारा 188,379 आईपीसी व 4/21 एमएमडीआर एक्ट में जप्त किया गया।

कस्बा बनेठा रायल्टी नाका की तरफ गस्त के दौरान घाटी से बनेठा की तरफ एक ट्रैक्टर मय ट्रोली आता हुआ नजर आया। जिसके चालक को हाथ का रुकवाना चाहा तो ट्रेक्टर ट्रोली का चालक ट्रेक्टर ट्रोली को रोड पर खड़ा करके पहाड़ी की तरफ भागने लगा जिसको पकड़ना चाहा परन्तु समय रात्रि का होने के कारण चालक पहाड़ियों की तरफ भागने में सफल हो गया। उक्त ट्रेक्टर ट्रोली को चेक किया तो अवैध बजरी 5 टन भरी हुई थी, जिसको मौके पर जप्त किया गया। वहीं पुलिस ट्रेक्टर ट्रोलियो की रेकी करता हुआ रात्री में पाया जाने पर राकेश सैनी उर्फ गोलु उर्फ थानेदार पुत्र रामोतार माली उम्र 21 साल निवासी बनेठा को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया।

# नूर महोम्मद कलंदर सम्मानित

**टोंक, ( निसं )।** युवा आवास, नई दिल्ली में एक्शन ऐड को राष्ट्रीय स्तर पर मानव अधिकार रक्षकों को दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन रखा गया। जिसमें भारत के 22 राज्यों के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मानव अधिकार रक्षकों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के अवसर पर समाज के वंचित समुदायों के हक एवं अधिकारों की पैरवी करने तथा उन्हें सही समय पर न्याय दिलवाने व मुख्य धारा में लाने और नेतृत्व करने वाले, सामाजिक अगुवाहो को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में टोंक जिले के नूर मोहम्मद कलंदर को भी जिले में मानव अधिकारों को लेकर बेहतरीन कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

# श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह

**फुलेरा, ( निसं )।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के भव्य मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में सनातन धर्म प्रेमियों में उत्साह चरम सीमा पर है। इसकी तैयारी को लेकर पुराना फुलेरा स्थित श्री सीताराम मन्दिर और आष्टी की ढाणी में बैठक का आयोजन कर उप-समितियों का गठन किया गया है।

उपखण्ड सहसंयोजक बजरंग लाल जोशी ने बताया कि पुराना फुलेरा के सीताराम मन्दिर के लिए संयोजक पण्डित सत्यनारायण रिणवा और मूलसिंह नरूका, सह-संयोजक राजेन्द्र सिंह और वेदप्रकाश जोशी को साथ ही आष्टी की ढाणी मन्दिर के लिए संयोजक अमर चन्द, सह-संयोजक प्रभु वर्मा को बनाया गया। मुख्य समिति के सह-संयोजक धर्मेन्द्र सैनी ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मन्दिर 592 वर्ष बाद बनकर तैयार हुआ है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होगी। इसी को मध्येनजर रखते हुए जगह-जगह उपसमितियों का गठन कर फुलेरा और आस पास के ग्रामीण अंचलों में इस दिन भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर रूपरेखा बनाकर जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

# जिला कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण किया

- सॉफ्टबॉल में राज्य स्तर अंडर-19 में भाग लेने वाले चार बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**कोटपूतली, ( निसं )।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को जिले के कोटपूतली, विराटनगर, बानसूर व बहरोड़ उपखण्ड में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कोटपूतली उपखण्ड की ग्राम पंचायत देवता व बनार तथा विराटनगर उपखण्ड की भामोद व मैढ़, बानसूर की ग्राम पंचायत रामपुर, कल्याणपुर, बहरोड़ की ग्राम पंचायत खोहर, बसई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रचार वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। शिविर में आमजन को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित भी किया गया। कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को कोटपूतली उपखण्ड की ग्राम पंचायत देवता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में आये सॉफ्टबॉल में राज्य स्तर पर अंडर-19 में भाग लेने वाले चार खिलाड़ियों नवीन यादव, नवीन पुत्र रामसिंह यादव, आशा गुर्जर, अनिता कुमावत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। जिसके बाद जिला कलेक्टर ने बहरोड़ उपखण्ड के बसई ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने शिविर की आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर शिविरों में आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को कोटपूतली के ग्राम पंचायत कल्याणपुरा कलां व शुक्लावास, विराटनगर की ग्राम पंचायत जोधुला व नवरंगपुरा, बानसूर की ग्राम पंचायत हमीरपुर, छीड़ व बहरोड की ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा, नांगल खोडिया में शिविर आयोजित होंगे। शिविर में एसडीएम मुकुट सिंह, तहसीलदार सौरभ गुर्जर, विकास अधिकारी राजकुमार बायला, बहरोड़ एसडीएम सचिन यादव, विकास अधिकारी राकेश कुमार वर्मा समेत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व लाभार्थी मौजूद रहे।

निकटवर्ती ग्राम पंचायत देवता में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में विकास अधिकारी राजकुमार बायला ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत देवता में ड्रोन के माध्यम से खेतों में कीटनाशक के छिड़काव का प्रदर्शन कर आमजन को नवीन तकनीक की जानकारी दी गई।



जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ( बीच में ) ने शिविर के दौरान लोगों को संबोधित किया।

# योजनाओं की जानकारी दी

**रामगढ़ पचवारा, ( निसं )।** उपखंड मुख्यालय पर डोब व कोलीवाडा ग्राम पंचायत में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर को संबोधित करते हुए लालसोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि, भारत देश के 2047 तक पूर्ण विकसित होने के लक्ष्य की परिकल्पना से रखी गई विकसित भारत की नींव विकसित भारत संकल्प यात्रा है।

विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा का आज कोलीवाड़ा एवं डोब पंचायत मुख्यालय पर आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालसोट विधायक रामबिलास डूंगरपुर रहें कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य श्रीनारायण मीणा रहें।

शिविर में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई विधायक रामबिलास डूंगरपुर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसके लिए सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान शिविर में मौजूद लोगों को सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत में छात्र छात्राओं ने अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई प्रतिभावान छात्र-छात्राओं पुरूस्कार वितरण किया।

# 'भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करना होगा'



जिला प्रमुख सरोज बंसल ( बीच में ) ने किसानों को ऋण हेतु चैक वितरित किये।

**टोंक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल ने पंचायत समिति देवली की रामसागर ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित शिविर में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा, चिकित्सा, आवास मिले, भारत का किसान आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बने, युवाओं को रोजगार मिले, यह हम सबको मिलकर करना है।

जिला प्रमुख सरोज बंसल ने उपस्थित सभी उपखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जिन गांवों में आज भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हुआ है, जल जीवन मिशन के अंतर्गत उन सब गावों में अविलंब पेयजल उपलब्ध करवाने की सुनिश्चितता करें।

उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हमारा भारत राष्ट्र एक बार फिर विश्व गुरु के सिंहासन पर आरूढ़ हो, इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना है, अब डबल इंजन की सरकार बन चुकी है, अब राजस्थान भ्रष्टाचार मुक्त होगा, सभी अधिकारीगण अपने-अपने विभागों की समय समय पर मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को अंजाम दें। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल, तहसीलदार, विकास अधिकारी देवली, समस्त विभागों के अधिकारीगण, ग्राम पंचायत सरपंच सोहनी धाकड़, पंचायत समिति प्रतिनिधि हर्षचंद जैन, भाजपा देहात महामंत्री देवकरण धाबाई, पूर्व वार्ड पंच राजेश राव, बाबूलाल सैनी, सुरेश सैनी, पप्पू धाकड़, धर्मराज मीणा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में किसानों को ऋण हेतु चैक भी वितरित किये गये।



एक साल पहले, हम सभी ऐसा ही कर रहे थे। हम फीफा विश्व कप का अब तक का सबसे अच्छा फाइनल देख रहे थे। मैं अब आपको फीफा प्लस पर उस विश्व कप और उस फाइनल की भावनाओं को फिर से जीने के लिए आमंत्रित करता हूं।
- जियानी इन्फैनटिनो

फीफा अध्यक्ष, फीफा विश्व कप कतर 2022 को सबसे अच्छा बताते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## पैट कमिंस



**एक** बार पैट कमिंस ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता, तो वहीं दूसरी बार उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। दोनों बार खिताबी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ ही जीता है। साल 2023 जाते-जाते भी पैट कमिंस के लिए शानदार गिफ्ट देकर जा रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने ट्रैविस हेड को भी खरीदा है, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने में टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया के इन दो दिग्गजों के आने से सनराइजर्स हैदराबाद को भी बड़ा बूस्ट मिलने वाला है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे बिके स्टार्क, 24.75 करोड़ में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा

## 230.45 करोड़ रुपये में 72 खिलाड़ी बिके

**नई दिल्ली, 19 दिसंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मिनी ऑक्शन दुबई में हुआ। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा, उनके लिए गुजरात ने भी आखिर तक बोली लगाई। एक्सलरेटेड राउंड में ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन 10 करोड़ रुपए में बिके, उन्हें गुजरात टाइटंस ने खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के ही जाय रिचर्डसन को दिल्ली ने 5 करोड़ रुपए में खरीदा। श्रीलंका के नुवान थुषारा को 4.80 करोड़ रुपए में मुंबई ने खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपए में बिके। उन्हें स्टार्क से डेढ़ घंटे पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था। हर्षल पटेल इस ऑक्शन में सबसे महंगे भारतीय बने। उन्हें 11.75 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स ने खरीदा।**

### 10 करोड़ में बिके स्पेंसर जॉनसन

ऑस्ट्रेलिया के लेफ्ट आर्म पेसर स्पेंसर जॉनसन के लिए दिल्ली और गुजरात में बिडिंग वॉर देखने को मिला। 50 लाख रुपए की बेस प्राइस से जॉनसन की कीमत 10 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। उन्हें आखिर में गुजरात ने ही बेस प्राइस से 20 गुना ज्यादा कीमत देकर अपने स्क्वॉड में शामिल किया।

### रिचर्डसन को दिल्ली, थुषारा को मुंबई ने खरीदा

ऑस्ट्रेलिया के राइट आर्म पेसर जाय रिचर्डसन को दिल्ली कैपिटल्स ने 5 करोड़ रुपए में खरीदा, उनकी बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपए थी। इसी राउंड में श्रीलंका के नुवान थुषारा को मुंबई इंडियंस ने 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा, उनकी बेस प्राइस 50 लाख रुपए थे। एक्सलरेटेड राउंड में लखनऊ ने डेविड विली और एश्टन टर्नर, कोलकाता ने शेरफन रदरफोर्ड और बेंगलुरु ने टॉम करन को खरीदा। टर्नर की कीमत एक करोड़ और विली की कीमत 2 करोड़ रही। वहीं बाकी दोनों प्लेयर्स 1.50 करोड़ रुपए में बिके।

### स्टार्क के लिए भिड़ गए कोलकाता-गुजरात

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स में शुरुआती बिडिंग वॉर देखने को मिला। दिल्ली ने 9.60 करोड़ रुपए तक और मुंबई ने 10 करोड़ रुपए तक बोली लगाई। यहां से गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स में बिडिंग वॉर हुआ। आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा।

### 7 अनकैप्ड करोड़पति बने

7 अनकैप्ड प्लेयर करोड़पति बने। समीर रिजवी को चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा। शुभम दुबे 5.80 करोड़ रुपए में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा बने। वहीं शाहरुख खान को 7.40 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा। कीपर कुमार कुशाग्र को 7.20 करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा और गेंदबाज यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में बेंगलुरु का हिस्सा बने।



### अनकैप्ड समीर रिजवी बेस प्राइस से 42 गुना ज्यादा कीमत में बिके

यूपी टी-20 लीग में चमकने वाले 20 साल के अनकैप्ड बैटर समीर रिजवी के लिए बिडिंग वॉर देखने को मिला। उनके लिए चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स में लड़ाई दिखी। आखिर में चेन्नई ने उन्हें बेस प्राइस से 42 गुना ज्यादा कीमत देकर 8.40 करोड़ रुपए में खरीद लिया। समीर की बेस प्राइस 20 लाख रुपए थी। रिजवी यूपी टी-20 लीग में टॉप रन स्कोरर रहे थे।

### कमिंस के लिए बेंगलुरु-हैदराबाद में हुआ बिडिंग वॉर

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस में बिडिंग वॉर शुरू हुआ। 2 करोड़ की बेस प्राइस से मुंबई ने शुरुआत की, उन्होंने 5 करोड़ तक बोली लगाई। यहां से बेंगलुरु और चेन्नई में बिडिंग वॉर हुआ। दोनों ही टीमों को कप्तान की जरूरत है। चेन्नई ने 10 करोड़ तक बोली लगाई। बेंगलुरु ने 20.25 करोड़ तक बोली लगाई, आखिर में उन्हें हैदराबाद ने आखिरी में 20.50 करोड़ रुपए में खरीद लिया।

### टॉप सरप्राइजः रचिन-हसरंगा सस्ते में बिके, स्मिथ-फर्ग्यूसन अनसोल्ड

न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 14 करोड़ रुपए में चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हो गए। रचिन रवींद्र महज 1.80 करोड़ में बिक गए। श्रीलंका के वनिंदू हसरंगा भी 1.50 करोड़ में ही हैदराबाद का हिस्सा बने। जबकि ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ, साउथ अफ्रीका के राइली रुसो और न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन अनसोल्ड रहे।

### अनकैप्ड शाहरुख फिर बने करोड़पति

2022 के ऑक्शन में 9 करोड़ में बिकने वाले अनकैप्ड बैटर शाहरुख खान फिर करोड़पति बन गए। उनके लिए पंजाब और गुजरात में बिडिंग वॉर हुआ। आखिर में उन्हें 7.40 करोड़ रुपए में गुजरात टाइटंस ने खरीद लिया। सेट-7 में अर्शीन कुलकर्णी को लखनऊ सुपरजायंट्स और रमनदीप सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा। दोनों को 20-20 लाख रुपए की कीमत मिली।

### अनकैप्ड कीपर कुमार कुशाग्र 7.20 करोड़ में बिके

अनकैप्ड विकेटकीपर कुमार कुशाग्र करोड़पति बन गए। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने 7.20 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए गुजरात टाइटंस ने भी बोली लगाई थी। कुशाग्र झारखंड से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। सेट-7 में टॉम कोहलर कैडमोर को 40 लाख में राजस्थान और रिकी भुई को 20 लाख में दिल्ली ने खरीदा। इस सेट में उर्विल पटेल और विष्णु सोलंकी अनसोल्ड रहे।

### 5.80 करोड़ में बिके अनकैप्ड बैटर शुभम

विदर्भ के अनकैप्ड लेफ्ट हैंड बैटर शुभम दुबे को बेस प्राइस से कई गुना ज्यादा बोली मिली। उनके लिए राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स में बिडिंग वॉर हुआ। उन्हें आखिर में राजस्थान ने ही बेस प्राइस से 29 गुना ज्यादा कीमत देकर 5.80 करोड़ रुपए में खरीद लिया। शुभम की बेस प्राइस 20 लाख रुपए थी। इस सेट में अंगकृष रघुवंशी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 लाख रुपए में खरीदा।

### 5 करोड़ में बिके यश दयाल, रिंकू ने लगाए थे 5 छक्के

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में खरीदा। उन्हें पिछले सीजन रिंकू सिंह ने 20वें ओवर में 5 लगातार सिक्स लगाए थे। सेट-9 में गुजरात टाइटंस ने 2 प्लेयर्स खरीदे। उन्होंने कार्तिक त्यागी को 60 लाख और सुशांत मिश्रा को 2.20 करोड़ रुपए में खरीदा। रसीख सलाम 20 लाख रुपए में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा बने।

### एम सिद्धार्थ 2.40 करोड़ में बिके

अनकैप्ड स्पिनर एम सिद्धार्थ भी करोड़पति बन गए, उन्हें लखनऊ सुपरजायंट्स ने बेस प्राइस से 12 गुना ज्यादा कीमत देकर 2.40 करोड़ रुपए देकर खरीदा। सेट-10 में 2 प्लेयर्स और भी बिके। गुजरात ने मानव सुथार और मुंबई ने श्रेयस गोपाल को 20 लाख रुपए की बेस प्राइस में खरीदा।

### मिचेल को चेन्नई ने 14 करोड़ में खरीदा

न्यूजीलैंड के बैटिंग ऑलराउंडर डेरिल मिचेल के लिए पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स में बिडिंग वॉर हुआ। 12 से 13.75 करोड़ रुपए तक दोनों टीमों ने बोली लगाई। आखिर में चेन्नई ने ही मिचेल को 14 करोड़ रुपए में खरीद लिया।

### हर्षल को 11.75 करोड़ में पंजाब ने खरीदा

स्लोअर बॉल स्पेशलिस्ट हर्षल पटेल के लिए गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स में बिडिंग वॉर हुआ। 10.75 करोड़ रुपए तक गुजरात ने बोली लगाई, उनके बाद लखनऊ सुपरजायंट्स भी आ गया। पंजाब फिर भी आखिर तक टिका रहा और हर्षल को 11.75 करोड़ रुपए में खरीद लिया। वह इस ऑक्शन के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी हैं।

### अल्जारी जोसेफ के लिए लखनऊ-बेंगलुरु में बिडिंग वॉर

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में बिडिंग वॉर हुआ। एक करोड़ रुपए से शुरू हुई उनकी बोली 10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई। आखिर में उन्हें 11.50 करोड़ रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीद लिया।

### सेट-5 में सभी स्पिनर्स अनसोल्ड

सेट-5 में विदेशी स्पिनर्स के नाम आए, एक को भी खरीदार नहीं मिला। इसमें अफगानिस्तान के वकार सलामखील, इंग्लैंड के आदिल रशीद, वेस्टइंडीज के अकील हुसैन, साउथ अफ्रीका के तबरेज शम्सी, न्यूजीलैंड के ईश सोढी और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई।

### मदुशंका 4.60 करोड़ में बिके

सेट-4 में जोश हेजलवुड और लॉकी फर्ग्यूसन अनसोल्ड रहे। श्रीलंका के दिलशान मदुशंका को 4.60 करोड़ रुपए में मुंबई ने खरीदा। इस सेट में जयदेव उनादकट को 1.60 करोड़ रुपए में सनराइजर्स हैदराबाद ने स्क्वॉड में शामिल किया। इसी सेट में चेतन साकरिया को 50 लाख रुपए में कोलकाता ने खरीदा।

### शिवम मावी 6.40 करोड़ में बिके

भारत के तेज गेंदबाज उमेश यादव को 5.80 करोड़ रुपए में गुजरात टाइटंस ने खरीदा। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए थी। 50 लाख की बेस प्राइस वाले शिवम मावी की बोली भी एक करोड़ के पार गई।

## रॉयल रेंजर्स और वाटिका की बड़ी जीत

नयी दिल्ली, 1। दिसंबर। डीएसए प्रीमियर लीग में सोमवार को रॉयल रेंजर्स और वाटिका ने अपने-अपने मुकबालों में जीत दर्ज की है। पहले मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भारन्यु बंसल की शानदार तिकड़ी से रॉयल रेंजर्स ने दिल्ली एफसी को 4-1 से पीट कर आसान जीत दर्ज की। वहीं आज दिन के दूसरे मुकाबले में पहली प्रीमियर लीग के विजेता वाटिका एफसी ने रेंजर्स एफसी को प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पंत, आयुष बिष्ट और अर्जुन शरीन के शानदार गोलों से 3-0 से परास्त किया। रॉयल रेंजर्स ने खेल पर मजबूत पकड़ बनाते हुए दनादन तीन गोल जमाकर दिल्ली एफसी को रक्षात्मक खेलने के लिए विवश कर दिया। डीएफसी का गोल 13 वें मिनट में कृष्ण पंडित ने किया। उसके बाद खेल पर रॉयल रेंजर ने पकड़ बना ली। बंसल के सभी गोल दर्शनीय रहे। एक गोल शुभम राम ने किया। 70 मिनट तक उतार चढ़ाव के चलते अंतिम पंद्रह मिनट में वाटिका ने खेल पर पकड़ बनाई और तीन गोल दाग दिए।

## यू मुम्बा ने तमिल थलाइवाज को हराया

मुम्बई, 19 दिसंबर। गुमान सिंह और अमीरमोहम्मद जफरदानिश के शानदार सुपर 10 के दम पर यू मुम्बा ने शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए पीकेएल सीजन 10 के मुकाबले में तमिल थलाइवाज को 46-33 से हराया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में गुमान सिंह और अमीरमोहम्मद जफरदानिश ने यू मुम्बा की जीत में विशेष योगदान दिया। दोनों ने सुपर 10 लगाते हुए क्रमश: 11 और 10 अंक अर्जित किये। यू मुंबा की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है। टीम 16 अंक के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं तमिल थलाइवाज को चार मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। पहले पांच मिनट तक यू मुंबा की टीम 8-4 से आगे थी। यू मुंबा के लिए के गुमान सिंह ने लगातार प्वाइंट लेना जारी रखा। 11वें मिनट में जफर दानिश ने सुपर रेड करके मुम्बा की बढ़त को आठ अंक तक पहुंचा दिया। हालांकि इसके बाद ही तमिल थलाइवाज की टीम ऑल आउट हो गई और इससे यू मुम्बा का स्कोर 21-9 तक पहुंच गया। पहले हाफ के समाप्त होने से पांच मिनट पहले तक मुम्बा के पास अच्छी बढ़त हो गई थी। गुमान सिंह ने जल्द ही अपना सुपर 10 भी पूरा कर लिया। हालांकि अपने बचाव के दम पर तमिल थलाइवाज ने खुद को मुकाबले में बनाए रखा। 17वें मिनट तक मुम्बा के पास 10 अंक की शानदार लीड थी। जफरदानिश और गुमान सिंह के रेड में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यू मुम्बा ने पहले हाफ में 11 अंक की बढ़त बनाते हुए स्कोर को 27-16 तक पहुंचा दिया। मुम्बा की टीम दूसरे हाफ में भी तमिल थलाइवाज की टीम पर हावी रही। शुरुआती कुछ मिनटों में तमिल थलाइवाज ने भी अंक जुटाते स्वयं को मुकाबले में बनाए रखा। लेकिन पहले 10 मिनट के बाद भी मुम्बा की टीम 11 अंक से बढ़त बनाये हुए थी। तमिल थलाइवाज के लिए अजिंक्य पवार और नरेंदर ने अंक अर्जित करना जारी रखा। 32 वें मिनट में यू मुम्बा ने सुपर रेड करके अपनी बढ़त को और ज्यादा मजबूत कर लिया। इसी बीच तमिल थलाइवाज के द्वारा सुपर टैकल करने के बाद भी यूं मुम्बा का स्कोर 36-23 का था। 36वें मिनट में फिर यूं मुम्बा ने तमिल थलाइवाज को ऑल आउट करके 16 प्वाइंट की शानदार लीड बना ली और अपने स्कोर को 40-24 तक पहुंचा दिया।मुम्बा के खिलाड़ियों ने लगातार अंक अर्जित करते हुए तमिल थलाइवाज को 46-33 से हरा दिया।

## फीफा प्लस पर फुटबॉल विश्वकप कतर 2022 की फिल्म

ज्यूरिख, 19 दिसंबर। फीफा प्लस पर फुटबॉल विश्वकप कतर 2022 में महानतम खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी लेकर तैयार की गई फिल्म का पहला संस्करण रिलीज किया गया है। फीफा विश्वकप कतर 2022 के एक वर्ष बाद रिलीज हो रही यह फिल्म ऐसी 32 टीमों की कहानी है जिसमें अर्जेंटीना को विश्वकप जीतने वाले और खेल के इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक लियोनेल मेस्सी भी शामिल हैं। इसके जरिए अर्जेंटीना के अब तक खेले गए सबसे अविस्मरणीय फुटबॉल मैचों को इसमें संजोया गया है। इस विश्वकप 172 गोल दागे गये। जिसे पांच अरब लोगों ने देखा। यह डॉक्यूमेंट्री दर्शकों को मैचों के पर्दे के पीछे ले जाती है। पहले अनदेखे कैमरे के कोण से सभी गतिविधियों को दिखाती है और दुनिया भर में देख रहे प्रशंसकों के परिप्रेक्ष्य के जरिए टूर्नामेंट की विशाल वैश्विक अपील को दिखाती है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने कहा, एक साल पहले, हम सभी ऐसा ही कर रहे थे। हम फीफा विश्व कप का अब तक का सबसे अच्छा फाइनल देख रहे थे। मैं अब आपको फीफा प्लस पर उस विश्व कप और उस फाइनल की भावनाओं को फिर से जीने के लिए आमंत्रित करता हूं। जियानी ने कहा, फीफा विश्व कप कतर 2022, सीधे शब्दों में, अब तक का सबसे अच्छा विश्व कप था। खुशी, हर्ष, गौरव, तृप्ति जब आप फुटबॉल द्वारा दुनिया को दी जा सकने वाली हर चीज के बारे में सोचते हैं तो वह सब कुछ सपना देख सकते हैं जो 2022 में कतर में हो सकता है।

# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा वनडे 8 विकेट से जीता

## सीरीज 1-1 की बराबरी पर, जॉर्जी की शतकीय पारी, बर्गर ने झटके 3 विकेट

नई दिल्ली 19 दिसंबर। मेजबान साउथ अफ्रीका ने वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत पर 8 विकेट की जीत हासिल की। इस जीत से 3 मैचों की सीरीज रोमांचक मोड़ पर आ गई है। अब दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं, यानी कि विनर का फैसला 21 दिसंबर को पार्ल में होने वाले तीसरे और निर्णायक मुकाबले से होगा।

केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में मंगलवार को अफ्रीकी टीम ने 212 रनों का टारगेट 42.3 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर टोनी डी जॉर्जी (नाबाद 119 रन) ने वनडे करियर का पहला शतक जमाया, जबकि रीज हेंडिक्स (52 रन) ने 7वीं फिफ्टी जमाई। रासी वान डर डसन ने 36 रन का योगदान दिया।

इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 46.2 ओवर में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर साई सुदर्शन ने 62 रन बनाए, जबकि केएल राहुल ने 56 रन की पारी खेली। नांद्रे बर्गर को 3 विकेट मिले।



212 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका की टीम ने संभली शुरुआत की। अफ्रीकी ओपनर्स ने बड़े शॉर्ट के लिए के लिए खराब बॉल का इंतजार किया और अच्छी बॉल को सम्मान दिया। 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर ओपनर रीजा हेंड्रिक्स को जीवनदान मिला। मुकेश कुमार की बाहर जाती बॉल पर ऋतुराज गायकवाड ने स्लिप पर उनका कैच छोड़ा। शुरुआती 10 ओवर में खेल में साउथ अफ्रीकी टीम ने धीमी गति से रन बनाए, लेकिन विकेट बचाने में कामयाब रही। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर 39/0 रहा।

टीम ने केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर साई सुदर्शन (62 रन) और कप्तान केएल राहुल (56 रन) ने अर्धशतक जमाए। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। नांद्रे बर्गर ने 3 विकेट चटकाए। ब्युरन हेन्ड्रिक्स और केशव महाराज को 2-2 विकेट मिले। साई सुदर्शन ने 83 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। सुदर्शन ने लगातान अपने दूसरे इंटरनेशनल में अर्धशतक लगाया।

मिडिल ओवर में 7 विकेट गंवाने के बाद टेल एंडर्स ने भारतीय टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। आखिरी 38 बॉल पर टीम इंडिया ने एक विकेट खोकर 34 रन बनाए। पावरप्ले में धीमी शुरुआत के बाद भारतीय बैटिंग ऑर्डर मिडिल ऑर्डर में बिखर गया। भारतीय टीम ने बीच के ओवर में 131 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए। 40 ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 177/7 रहा। केएल राहुल की 18वीं फिफ्टी, इस साल 1000 रन बनाए केएल राहुल ने 56 रनों की पारी खेली।

## रिंकू सिंह ने डेब्यू वनडे में किया निराश

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके

नई दिल्ली, 19 दिसंबर। रिंकू सिंह ने मंगलवार (19 दिसंबर) को वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। रिंकू को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। भारतीय टीम ने सिर्फ एक ही बदलाव किया था। हालांकि, रिंकू डेब्यू वनडे में कमाल नहीं दिखा सके। उन्होंने छठे नंबर पर उतरने के बाद 14 गेंदों में 17 रन बनाए। उन्होंने दो चौके और एक छक्का ठोका। उन्हें स्पिनर केशव महाराज ने स्टंप आउट कराया।

रिंकू को वनडे डेब्यू का अवसरटी20 अंतरराष्ट्रीयमें चमकने का इनाम मिला है। उन्होंने अगस्त 2023 में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद से अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने अब तक 12 टी20 मैचों में 65.50 के औसत और 180.68 के स्ट्राइक रेट से 262 रन बनाए हैं। उन्होंने 12 दिसंबर को साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। उन्होंने बतौर फिनिशर जबर्दस्त छाप छोड़ी है।

26 वर्षीय रिंकू को अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की जगह चांस मिला। अय्यर पहले वनडे के बाद साउथ अफ्रीका के विरुद्ध होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए तैयारी में जुट गए हैं। अय्यर के जाने से प्लेइंग इलेवन में एक जगह खाली हुई, जिसके बाद रिंकू और रजत पाटीदार में से किसी एक प्लेयर का वनडे डेब्यू तय था। चौथे क्रम के बल्लेबाज अय्यर की जगह के लिए पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत माना जा रहा था क्योंकि घरेलू मैचों वह इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते हैं।

# आईपीएल 2024 में प्रति ओवर दो बाउंसर की अनुमति

दुबई, 19 दिसंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में इस बार गेंदबाजो को प्रति ओवर दो बाउंसर डालने की अनुमति होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रति ओवर दो बाउंसर के इस बदलाव का परीक्षण भारत की घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान किया गया था।

सौराष्ट्र के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने इस बदलाव का स्वागत करते हुए कहा, मुझे लगता है कि एक ओवर में दो बाउंसर बहुत उपयोगी होते हैं और यह उन चीज़ों में से एक है जो गेंदबाज को बल्लेबाजों के खिलाफ अतिरिक्त फायदा देता है।

उन्होंने कहा, मान लीजिए कि अगर मैं पहले धीमी बाउंसर फेंकता था तो बल्लेबाज़ को उसके बाद यक़ीन हो जाता था कि अब कोई और बाउंसर नहीं आएगा लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अगर हम ओवर के पहले हिस्से में ही बाउंसर डालते हैं, तब भी हमारे पास एक और बाउंसर फेंकने मौक़ा होगा। जो बल्लेबाज बाउंसरों के खिलाफ कमजोर हैं, उन्हें इसमें बेहतर होना होगा।

यह बदलाव गेंदबाज को एक अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा प्रभाव वाला छोटा बदलाव है। एक गेंदबाज़ के तौर पर मुझे लगता है कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण नियम है। उन्होंने कहा, इसके अलावा डेथ ओवरों में भी आपके पास एक और विकल्प मिलेगा। मौजूदा समय में तेज गेंदबाजों के लिए डेथ ओवरों में यॉर्कर का ही अधिक विकल्प होता है। अब गेंदबाजों के पास यॉर्कर, धीमी गेंद और दो बाउंसर का विकल्प होगा। भले ही आप दूसरा बाउंसर न फेंकें लेकिन फिर भी बल्लेबाज को पता होगा कि गेंदबाज दूसरा बाउंसर डाल सकता है।

पिछले आईपीएल सत्र में इम्पैक्ट प्लेयर का जो नियम आया था वह बना रहेगा। इस नियम के तहत टॉस के समय एक टीम को एकादश के अलावा चार खिलाड़ियों की विकल्प की सूची भी देनी होती है। वे उन चार खिलाड़ियों में से किसी एक को अपने इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में उपयोग कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर आईपीएल ट्रेडिंग विंडो अभी बंद हो गई है लेकिन यह मिनी-नीलामी के एक दिन बाद 20 दिसंबर को फिर से खुलेगी और 2024 सत्र शुरू होने से एक महीने पहले बंद होगी। आईपीएल 2024 का सत्र 22 मार्च से मई के आखिर में हो सकते है, भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आम चुनावों के लिए मतदान की तारीखों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इसके अंतिम कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

# चैम्पियन बनाने वाले कप्तान को सनराइजर्स हैदराबाद ने किया ब्लॉक

**डेविड वॉर्नर ने दुनिया के आगे खोल डाली पोल**

नई दिल्ली, 19 दिसंबर। सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में महज एक ही बार खिताब जीत पाया है और उसने यह कारनामा डेविड वॉर्नर की कप्तानी में किया था। वॉर्नर ने 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

आईपीएल 2016 खिताबी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को आठ रनों से हराकर आईपीएल ट्रॉफी उठाई थी। वॉर्नर ने एसआरएच के साथ सात साल बिताए हैं, लेकिन इसके बाद दोनों के बीच मनमुटाव हो गया और पहले वॉर्नर को कप्तानी से हटाया गया और फिर टीम से ही हटा दिया गया। एसआरएच और वॉर्नर के बीच क्या हुआ, इसकी पूरी डिटेल्स आजतक किसी को नहीं पता है। वॉर्नर इसके बाद आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी टीम का हिस्सा बन गए। आईपीएल 2024 में पैट कमिंस और ट्रैविस हेड को सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा। पैट कमिंस तो 20.50 करोड़ रुपये में बिके। कमिंस और ट्रैविस हेड को जब वॉर्नर बधाई देने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के इंस्टाग्राम अकाउंट पर गए, तब उन्हें पता चला कि एसआरएच के आधिकारिक अकाउंट से तो उन्हें ब्लॉक किया गया है।

वॉर्नर ने इसका स्क्रीनशॉट लेकर पूरी दुनिया के आगे पब्लिक कर दिया। ऑक्शन में अब अनकैप्ड की बारी, ने समीर को दिए 8.40 करोड़ पैट कमिंस की सैलरी को लेकर शास्त्री और पठान की राय बिल्कुल अलग-अलग इसको लेकर अब बहुत मजेदार कमेंट्स भी आ रहे हैं। किसी ने कहा कि ट्रविस हेड और पैट कमिंस की मदद से डेविड वॉर्नर एसआरएच से सफारिश कर रहे हैं कि उनको अनब्लॉक किया जाए। एसआरएच ने ट्रैविस हेड को 6.80 करोड़ रुपये में खरीदा है। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के ही मिचेल स्टार्क बन गए हैं। मिचेल स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। आईपीएल मेगा ऑक्शन 2022 में हुआ था और तभी एसआरएच ने डेविड वॉर्नर को टीम से रिलीज कर दिया था, जिसके बाद उनको दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा था।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के होने वाले आखिर दो टी-20 मैचों के लिए टीम की घोषणा की

एंटीगुआ, 19 दिसंबर। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के साथ होने वाले आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अल्जारी जोसेफ को आराम दिया है तथा शिमरोन हेटमायर को टीम से बाहर कर दिया है। हेटमायर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी-20 में एक और दो रन बनाये और वह फॉर्म को लेकर संघर्ष करते देखे गये। उनकी जगह अगस्त में भारत में टी-20 खेलने वाले जॉनसन चार्ल्स को टीम में शामिल किया है।

इस बीच जोसेफ को अगले महीने वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले आराम दिया गया है। इसमें दौरे में दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेले जाने है। 17 जनवरी से एडिलेड में टेस्ट मैच शुरु होगा। जोसेफ के तीनों प्रारूपों में खेलने की संभावना है। जोसेफ ने दूसरे टी-20 में 39 रन देकर तीन विकेट लेकर महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया। वेस्टइंडीज ने यह मुकाबला 10 रन से जीत लिया था।

इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी-20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम इस प्रकार है:- रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड , रोमारियो शेफर्ड और ओशाने थॉमस।



इराक के बारे में आपने खबरों में जितनी भी तस्वीरे देखी होंगी वो या तो युद्ध और हिंसा की होंगी या फिर रेगिस्तान की, यही वजह है कि पूरी दुनिया इस 5000 साल पुरानी संस्कृति से प्रायः अनभिज्ञ सी है जिसमें दक्षिणी इरान के मार्श अरब्स के ''मडहिफ'' भवन भी शामिल हैं। मडान लोग, चूंकि दलदल के करीब रहते हैं, इसलिए इन्हें मार्श अरब भी कहते हैं, इनकी आबादी लगभग 5 लाख से भी कम है। ये लोग अपने खास शैली में स्थापत्य वाले मडहिफ हाउस के लिए जाने जाते हैं। मडहिफ हाउस थोड़े से वक्राकार होते हैं तथा सरकंडे और धूप में सुखाई गई ईंटों से बनाए जाते हैं। गांव का शेख इनका रखरखाव करता है तथा इसके लिए सभी से कर वसूला जाता है। मडहिफ भवन मडान समाज के मुख्य केन्द्र हैं। इनमें मेहमानों को ठहराया जाता है तथा यहां धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते हैं। मार्श अरब कल्चर और मडहिफ भवन निर्माण कला को सद्दाम हुसैन के काल में सर्वाधिक नुकसान हुआ। चूंकि मार्श अरब लोगों ने सद्दाम हुसैन के खिलाफ हुई बगावत को समर्थन दिया था इसलिए सद्दाम बेहद नाराज हो गया, उसने सत्तर के दशक की एक सिंचाई योजना को मंजूरी दे दी जिससे क्षेत्र के दलदली भाग में होने वाला जल प्रवाह रुक गया और ये सूख गए, जो बचे खुचे जल क्षेत्र थे उनमें जहर डलवा दिया इनके घर जला दिए। इसके बाद इन लोगों ने पारम्परिक जीवन शैली छोड़ दी और वे गांवों व शरणार्थी शिविरों में रहने चले गए। पांच लाख लोगों में से सिर्फ 1600 लोग ही बचे हैं जो अब भी वहां पारम्परिक शैली के घरों में रहते हैं और जैसे तैसे अपनी संस्कृति व भवन निर्माण कला को बचाने का प्रयास कर रहे है।

# सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडिया गठबंधन शुक्रवार को देशव्यापी प्रदर्शन करेगा

## इंडिया गठबंधन की बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह घोषणा की

- **कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि संसद से कुल 141 सांसद निलम्बित हुए हैं, इसके खिलाफ हरेक राज्य में विरोध प्रदर्शन किया जाएंगे।**

नयी दिल्ली, 19 दिसम्बर। विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन ने संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के सदस्यों के निलम्बन के खिलाफ शुक्रवार (22 दिसंबर) को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

गठबंधन के नेताओं की मंगलवार को यहां हुई बैठक में घटक दलों ने अगले आम चुनाव में जीत के लिए मिलकर काम करने और प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल को मजबूत के उपाय करने का फैसला किया है।

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, इंडी गठबंधन विपक्ष के सदस्यों के संसद से निलम्बन के खिलाफ 22 दिसम्बर को देशभर में विरोध प्रदेश करेगा। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा राज्यसभा और लोकसभा के कुल 141 विपक्षी सदस्यों को निलम्बित किया गया है और जैसा कि खड़गे जी ने कहा है कि, हम 22 दिसंबर को हर राज्य में इसके विरोध में मिलकर प्रदर्शन करेंगे।

खड़गे ने बैठक की जानकारी देते हुए यह भी कहा कि, हमारी मुख्य चिंता चुनाव जीतने और गठबंधन के सदस्यों की संख्या बढ़ाने की है। बैठक में तय किया गया है कि, गठबंधन के सभी लोग मिलकर काम करेंगे और सीटों के बंटवारे को लेकर स्थानीय स्तर पर बातचीत होगी और कहीं विवाद हुआ तो पार्टी के केंद्रीय नेता उसे सुलझाएंगे।

उन्होंने कहा कि, बैठक में सभी 28 दलों के नेता शामिल हुए और सभी ने बैठक को प्रभावशाली बनाया है और इसके लिए सभी दलों के नेता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक के बाद गठबंधन और मजबूत होगा।

गठबंधन के नेता के सवाल पर उन्होंने कहा कि, पहले मिलकर सीटें जीतनी हैं और उसके बाद मिलकर अपना नेता तय करेंगे। उन्होंने कहा कि दो-तीन राज्यों में जीत हासिल कर भाजपा का घमंड बढ़ गया है लेकिन इंडी गठबंधन पहले जीत हासिल करेंगे और उसके बाद सांसद किस तरह से अपने नेता का चुनाव करेंगे इस बारे में विचार किया जाएगा। संसद भवन की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर सियासी घमासान के बीच इंडी गठबंधन की चौथी बैठक यहां अशोक होटल में बैठक हुई।

बैठक में कांग्रेस की ओर से खड़गे और जयराम रमेश के अलावा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल हुए। बैठक में जनता दल के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, तृणमूल कांग्रेस नेता तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल के लालू प्रसाद यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तथा राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और सुप्रिया सुले, आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सीताराम येचुरी, कम्युनिस्ट पार्टी के ए राजा तथा अन्य कई दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया।

# विधानसभा का पहला सत्र आज से

- **पहले दिन विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी, मुख्यमंत्री भजन लाल भी शपथ लेंगे।**
- **वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ को राज्यपाल ने प्रोटैम स्पीकर नियुक्त किया है, वे नए विधायकों को शपथ दिलाएंगे।**
- **सत्र के दूसरे दिन स्पीकर का चुनाव होगा। भाजपा ने स्पीकर पद के लिए वासुदेव देवनानी को उतारा है, चर्चा है कि, कांग्रेस भी उन्हें समर्थन दे सकती है।**

जयपुर, 19 दिसम्बर (का.सं.)। राजस्थान की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र बुधवार को बुलाया गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सत्र बुलाने की स्वीकृति दे दी है। सत्र के पहले दिन नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, दूसरे दिन स्पीकर का चुनाव होगा, भाजपा की आरे से स्पीकर के दावेदार वासुदेव देवनानी की जीत तय मानी जा रही है।

वही सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस देवनानी को समर्थन दे सकती है, यदि विपक्ष देवनानी को समर्थन देता है तो उनका चुनाव निर्विरोध भी हो सकता हैं। राजस्थान में यह संभवत पहला मौका है, जब मंत्रिमण्डल के गठन से पहले विधायकों को शपथ दिलाई जा रही है। इससे पहले नई विधानसभा का पहला सत्र जनवरी में होता आया है, इसलिए सत्र से पहले मंत्रिमंडल का गठन हो जाया करता था।

नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने के लिए राज्यपाल कलराज मिश्र ने सबरे वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ को सोमवार को प्रोटैम स्पीकर नियुक्त किया था। कालीचरण सराफ को राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को प्रोटैम स्पीकर पद की शपथ दिलाई थी। प्रोटैम स्पीकर के सहयोग के लिए राज्यपाल ने तीन सदस्यीय पैनल भी बनाया है। इसमें वरिष्ठ विधायक दयाराम परमार, प्रताप सिंह सिंघवी और डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा को शामिल किया गया है।

वही 16वीं विधानसभा में करीब 72 विधायक ऐसे हैं, जो पहली बार चुने गए हैं, इनमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल हैं। वहीं, संभवत भजनलाल शर्मा पहले ऐसे विधायक हैं, जो विधायक से पहले मुख्यमंत्री के तौर पर विधानसभा पहुंचेंगे। पहली बार विधानसभा पहुंचने वाले विधायकों में भाजपा के 46, कांग्रेस के 19 और अन्य 7 विधायक शामिल हैं। कालीचरण सराफ 16वीं विधानसभा में सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। वे इस बार मालवीय नगर विधानसभा से चुनाव जीतकर 8वीं बार विधानसभा पहुंचे हैं। सराफ 1985 से लगातार चुनाव लड़ रहे हैं। वे 4 बार जौहरी बाज़ार विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं, लेकिन 2008 में परिसीमन के बाद जौहरी बाजार विधानसभा सीट समाप्त हो गई। इसके बाद से कालीचरण सराफ जयपुर की मालवीय नगर विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंच रहे हैं।

# जी.एस.टी. दूसरा संशोधन विधेयक 2023 लोकसभा में पारित

## संशोधन विधेयक जी.एस.टी. अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष व सदस्यों की आयु व योग्यता से संबंधित है

- **यह विधेयक वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 13 दिसम्बर को पेश किया था और इसे चर्चा तथा पारित कराने क लिए आज पेश किया गया। इस विधेयक में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 में संशोधन करके इसके प्रावधानां को ट्रीब्यूनल सुधार अधिनियम 2021 के प्रावधानों के अनुरुप करना है।**
- **सीतारमण ने कहा कि विधेयक में न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम उम्र 50 साल रखी गई है जबकि अधिकतम उम्र 67 साल और अध्यक्ष के लिए अधिकतम उम्र 70 करने का प्रावधान हैं। फिलहाल यह आयु सीमा अध्यक्ष के लिए 67 और सदस्यों क लिए 65 वर्ष है।**

नयी दिल्ली, 19 दिसम्बर। लोकसभा ने जी.एस.टी. अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की आयु एवं योग्यता में संशोधन के प्रावधान वाले केंद्रीय माल एवं सेवाकर (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

यह विधेयक वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 13 दिसम्बर को पेश किया था और इसे चर्चा तथा पारित कराने के लिए आज पेश किया गया। इस विधेयक में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 में संशोधन करके इसके प्रावधानों को ट्रीब्यूनल सुधार अधिनियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप करना है।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि, जीएसटी न्यायाधिकरण के गठन से देश में उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय में मामलों का बोझ कम होगा और जी.एस.टी. से जुड़े मुद्दों पर न्याय के लिए लोगों को लम्बे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा और राज्यों में एक या दो पीठ होगी ताकि स्थानीय स्तर करदाताओं को सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि, विधेयक में न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम उम्र 50 साल रखी गई है जबकि अधिकतम उम्र 67 साल और अध्यक्ष के लिए अधिकतम उम्र 70 करने का प्रावधान है। फिलहाल यह आयु सीमा अध्यक्ष के लिए 67 और सदस्यों के लिए 65 वर्ष है।

सीतारमण ने कहा, सरकार का उद्देश्य है कि हमारी सूक्ष्म एवं मझौली इकाइयों-एम.एस.एम.ई. इकाइयों को कारोबार करने में आसानी हो। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि जी.एस.टी. कानून में संशोधन से लघु क्षेत्र की इकाइयों को सावर्जनिक उपक्रमों से भुगतान में देरी नहीं होगी। सरकार एस.एस.एम.ई. इकाइयों के प्रति संवेदनशील होकर काम कर रही है।

इससे पहले चर्चा में हिस्सा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के निशिकांश दुबे ने कहा कि, पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने 2006-07 में कहा था कि, जी.एस.टी. लाएंगे लेकिन 2014 तक वह सरकार जी.एस.टी. को लेकर सिर्फ बातें ही करती रही क्योंकि वह टैक्स छोड़ने को तैयार नहीं थी। बीजू जनता दल की शर्मिष्ठा सेठी ने कहा कि, समिति की संस्तुति को क्रियान्वित करने की जरूरत है ताकि जीएसटी के दायरे में आने वाले सारे काम आसानी से हो सके। शिवसेना के धैर्यशील माणे ने कहा कि, न्यायाधिकरण जी.एस.टी. करदाताओं के सामने आने वाली दिक्कतों को मिलने वाली चुनौतियों के निदान के लिए आवश्यक है। जी.एस.टी. से जुड़े विवादों का इस विधेयक के आने से सुलझाया जा सकेगा। चर्चा में भाजपा के शंकर लालवानी तथा वाई.एस.आर. के श्रीकृष्ण डी लावू ने भी हिस्सा लिया।

## 'जमानत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पीड़ित को सुनवाई का मौका देने के लिए कहा है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उन्हें जमानत याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए। अदालत ने कहा कि पीड़ित पक्ष को कोई भी अधिकार देते समय यह भी जरूरी है कि आरोपी के अधिकारों की भी रक्षा की जाए।

प्रकरण से जुड़े अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट की एक एकलपीठ ने 8 अगस्त 2023 के दिए अपने आदेश में कहा था कि सभी जमानत याचिकाओं में पीड़ित को भी पक्षकार बनाया जाए, ताकि वह भी अपना पक्ष रख सके। इसके साथ ही एकलपीठ ने हाईकोर्ट प्रशासन को भी इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा था। जिस पर हाईकोर्ट प्रशासन ने 15 सितंबर को इस संबंध में निर्देश जारी कर जमानत याचिकाओं में पीड़ित या शिकायतकर्ता को जरूरी तौर पर पक्षकार बनाए जाने का निर्देश दिया। आज हाईकोर्ट की खण्डपीठ को इस मुद्दे पर स्पष्टता से फैसला देना था कि जो शर्ते विधानसभा ने कानून में नहीं डाली है, क्या वही शर्तें अदालत कानून को पढ़ते समय जोड़ सकती है? यानि वर्तमान मामले में जो शर्ते भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सी.आर.पी.सी.) में जमानत याचिका पेश करने के लिए नहीं लगाई गई है, क्या कोई अदालत उनमें अलग से शर्ते जोड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान मामले में एक अन्य एकलपीठ ने पूजा गुर्जर व अन्य की जमानत याचिकाओं में अपना मत दिया कि ऐसे मामलों में परिवादी या पीड़ित पक्ष को पक्षकार बनाना जरूरी नहीं है। इसके साथ ही एकलपीठ ने प्रकरण में दो अलग-अलग मत होने के चलते इस बिंदु को तय करने के लिए खंडपीठ में भेज दिया था। आज खण्डपीठ ने इस विवाद को खत्म करते हुए कहा है कि जमानत याचिकाओं में परिवादी या पीड़ित को पक्षकार बनाना जरुरी नहीं।

# खड़गे को प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की ओर प्रधान पद का चेहरा घोषित करने के बारे में कोई भी निर्णय आम चुनावों में किया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि बनर्जी ने इस प्रस्ताव को विपक्षी इंडिया गठबंधन की चल रही बैठक को ध्यान में रखते हुए इसलिए तैयार किया था ताकि इंडिया गठबंधन की लोकप्रिय छवि को प्रचारित किया जा सके कि यह गठबंधन कमजोर और दबे कुचले दलितों के लिए कार्य कर रहा है। विपक्ष में खड़गे दलित के रूप में प्रमुख चेहरा हैं और इस योजना को व्यापक स्तर पर मंजूरी मिल जाएगी।

बनर्जी ने कहा कि ''जब बहुत सारे राजनीतिक दल एक साथ नजर आ जाए तो यह लोकतंत्र है भिन्न-भिन्न राज्यों, जिनका अलग-अलग दृष्टिकोण एवं पृथक-पृथक राय हो, परन्तु अन्ततोगत्वा इंडिया एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से हम सब मिलकर एक साथ संघर्ष कर रहे हैं।''

ममता ने कहा कि, ''भाजपा का कोई गठबंधन नहीं है। एन.डी.ए. अब खत्म हो चुका है। हम उनकी तरह नहीं है। यह अच्छा ही होगा कि आम चुनावों के परिणाम दखेंगे और उसके बाद प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करेंगे। इसका फैसला सभी पार्टियां मिल बैठकर करेगी।''

बनर्जी ने यह भी कहा कि ''आप यह निर्णय कर सकते हैं कि किस प्रकार एक पार्टी जनता व मातृभूमि लिए अच्छा कार्य कर सकती है। आपको भारत की जनता को उनकी भलाई के लिए प्राथमिकता देनी होगी। अभी जो शासन चल रहा है वह निरंकुश तंत्र है जिसे कोई भी आमजन नहीं चाहता है।''

बनर्जी ने खड़गे का प्रस्ताव इसलिए किया था ताकि जनता में यह संदेश बिल्कुल सीधा जाए कि इंडिया गठबंधन के दल सत्ता प्राप्ति के भूखे नहीं है बल्कि यह स्पष्ट संदेश है कि वे ऐतिहासिक उद्देश्य के साथ एक दलित व्यक्ति को देश के सर्वोच्च शासक पद पर पदस्थापित करना चाहते हैं।

इस बात ने मीडिया में खलबली मचा दी। मीडिया ने पहले से ही खड़गे को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव को उछालना शुरू कर दिया और वह इसे राहुल गांधी के लिए झटका बता रहा है। हालांकि राहुल लगातार यह बात दोहराते आ रहे हैं कि वे प्रधानमंत्री की कुर्सी की दौड़ में सम्मिलित नहीं है। राहुल एक ही नहीं अनेक अवसरों पर कह चुके हैं कि उनकी लड़ाई विचारधारा की है न कि सत्ता के लिए।

विपक्षी नेताओं से कहा गया है कि संयुक्त प्रचार अभियान चलाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करें, सीटों की सहभागिता की व्यवस्था और वे अपनी रणनीति को पुनः नया रूप दें अभी कुछ समय पूर्व सम्पन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पराजय से काफी झटका लगा है, राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के चुनावों में भाजपा ने जीत दर्ज की है।

इंडिया गठबंधन की यह चतुर्थ बैठक हुई है। इस गठबंधन की पहली बैठक पटना में 23 जून को, बेंगलुरू में द्वितीय बैठक 17-18 जुलाई एंव तृतीय बैठक मुम्बई में 31 अगस्त व 1 सितम्बर को हुई थी।

इंडिया गठबंधन की इस बैठक में वरिष्ठ नेतागण सहित सी.पी.पी. अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी उपस्थित थे। इनके अतिरिक्त ममता बनर्जी, तमिलनाडू मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दिल्ली व पंजाब के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल एवं भगवंत मान तथा एन.सी.पी. के अध्यक्ष शरद पवार भी बैठक में उपस्थित थे।

# श्रीनगर, पहलगाम का तापमान और गिरा

श्रीनगर, 19 दिसंबर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 3.7 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से कम 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सोमवार को पर्यटक स्थल के लिए तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम था जबकि मंगलवार को यहां का तापमान शून्य से कम 5.1 डिग्री सेल्सियस, पुलवामा में शून्य से कम 5.5 डिग्री सेल्सियस, शोपियां में शून्य से कम 6.8 डिग्री सेल्सियस और कुलगाम में शून्य से कम 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग में आज तापमान शून्य से कम 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस कम है।

# राज्यसभा में अव्यवस्था के कारण कार्यवाही स्थगित

नयी दिल्ली,19 दिसंबर। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर गृहमंत्री के बयान की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों ने मंगलवार को लगातार चौथे दिन राज्यसभा में अव्यवस्था पैदा की जिसके कारण सदन की कार्यवाही चार बार के स्थगन के बाद पांच बजे तक स्थगित करनी पड़ी। स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही कार्यवाही दोबारा शुरू हुई किसी सदस्य ने राम राम कह कर सभापति का अभिवादन किया। सभापति ने कहा कि राम राम से एक किस्सा याद आ रहा है।

सभापति ने किस्सा सुनाते हुए कहा कि, एक बार एक बस में एक बुजुर्ग के पास सीट पर बैठा युवक सिगरेट पी रहा था। वह बार -बार सिगरेट का धुंआ ताऊ की ओर छोड़ रहा था। ताऊ इससे परेशान था । इसी बीच सिगरेट से निकली एक चिंगारी ताऊ की धोती पर गिर गयी लेकिन ताऊ ने इसे भी नजरंदाज किया तो युवक को महसूस हुआ कि, उसने सीमा पार कर दी है। उसने ताऊ से पूछा कि आप किस गांव के हो , तो ताऊ ने तपाक से जवाब दिया कि क्या अब उसे गांव भी फूंकना है।

उन्होंने कहा कि, विपक्ष ने सभी सीमा पार कर दी है। सभापति ने विपक्षी सदस्यों से कहा , आपने अब तक जो किया सो किया आगे क्या करना है । पूरा दिन इतना दुखी रहा है और क्या करोगें।

सभापति ने कहा कि, बाहर और भीतर जो कुछ भी हो रहा है यह बहुत चिंता का विषय है । इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही पांच बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले विपक्षी सदस्यों के हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे, फिर अपराह्न दो बजे, भोजनावकाश के बाद तीन बजे तक और फिर अपराह्न चार बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## आडवाणी व...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आलोक कुमार ने कहा कि, राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी जी और आदरणीय डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि निमंत्रण देते समय राम जन्मभूमि आंदोलन के बारे में भी बातें हुईं। इससे पहले चर्चा थी कि आडवाणी और जोशी प्राण प्रतिष्ठा में आने का निमंत्रण नहीं दिया जाएगा। कारण बढ़ती उम्र व खराब स्वास्थ्य को बताया गया था।

## विपक्ष मुक्त ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा।थरूर ने आगे यह भी कहा कि ''आज मंगलवार है, मेरे साथी सांसदों के साथ एकजुटता प्रकट करने के लिए, मैंने भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और जो कोई भी वहां उपस्थित था उसे संसद के शेष रहे सत्र की अवधि के लिए निलम्बित कर दिया गया, इसका मतलब साफ है कि वे उनके द्वारा प्रस्तुत विधेयकों को बगैर कोई चर्चा-बहस के पारित करना चाहते हैं। मुझे लगता है यह संसदीय लोकतंत्र के साथ विश्वासघात है।''

कांग्रेसी सांसद मनीष तिवारी, वो भी उन सांसदों में से एक हैं, जिन्हें मंगलवार को निलम्बित किया गया था, ने कहा, ''संसद की वैधानिक प्रतिष्ठा को नष्ट कर दिया गया है।'' उन्होंने कहा, यह सब कार्यवाही अत्यन्त क्रूर कानून को पारित करने के लिए की गई है, इस कानून की वजह से देश पुलिस राज स्थापित हो जाएगा।

संसद से अब तक 141 सांसदों को निलम्बित किया जा चुका है, जिसमें से 34 राज्यसभा के और 107 लोकसभा के सदस्य हैं।

# तेलंगाना के बाद अब कांग्रेस का फोकस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.सी.पी. चिन्तित है, क्योंकि तेलंगाना के परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया कि कांग्रेस की थोड़ी-बहुत लोकप्रियता अभी बरकरार है और तेलंगाना में लोक लुभावन राजनीति कर लोकप्रिय बने पूर्व मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव को जिस तरीके से सत्ता से बाहर किया गया, पार्टी यहां भी रैवन्त रेड्डी का आक्रामक मॉडल अपनाकर अपना पुनरुत्थान कर सकती है।

आंध्र प्रदेश का राष्ट्रीय संदर्भ में भी महत्व है क्योंकि यहां से 25 सांसद निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचाते हैं। वर्तमान में सत्तारूढ़ वाय.एस.आर. सी.पी. के यहां से 23 लोकसभा सांसद हैं। लोकसभा चुनावों के साथ ही आंध्र प्रदश में विधानसभा चुनाव होंगे।

आंध्र प्रदेश में वाय.एस.सी.आर. पी. एवं जगन मोहन रेड्डी सरकार सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रहे हैं, लेकिन विडम्बना यह है कि आंध्र प्रदेश में कांग्रेस का पुनरुत्थान सत्तारूढ़ पार्टी के लिए एक अच्छी खबर हो सकती है क्योंकि इससे उन सत्ता विरोधी मतों का विभाजन हो जाएगा जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री एवं टी.डी.पी. सुप्रीमो एन. चन्द्रबाबू नायडू अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। संयोगवश, आंध्र प्रदेश की राजनीति सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.सी.पी. और तेलुगु देसम पार्टी के रूप में दो घोड़ों की रेस बनकर रह गई है और दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियां भाजपा व कांग्रेस यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए संघर्ष कर रही हैं। एक दिलचस्प बात यह है कि विपक्षी टी.डी.पी. ने फिल्म स्टार से राजनेता बने पवन कल्याण के साथ गठबंधन किया है और पवन कल्याण का भाजपा के साथ अच्छा तालमेल है।

भाजपा की आंध्र प्रदेश में फिलहाल कोई भी उपस्थिति नहीं है, लेकिन वह यहां लोकसभा चुनावों के संभावित परिणामों को लेकर चिन्तित है और यहां से जीतने वाले वाय.एस.आर. पी. या टी.डी.पी. यदि केन्द्र में भाजपा का समर्थन करेंगे तो उसे प्रसन्नता होगी।

जगन मोहन रेड्डी को सत्ता से बाहर करने के लिए टी.डी.पी. भाजपा के साथ गठजोड़ की इच्छित रहती आयी है, लेकिन जगन मोहन का आंध्र प्रदेश और अपनी पार्टी पर आज भी कड़ा नियंत्रण है। उनकी पार्टी पिछले तीन वर्षों से विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है।

तेलंगाना के चुनाव परिणामों के बाद जगन मोहन ने भी अपनी जीत पर फोकस करना शुरु कर दिया है और उम्मीद है कि वह वे गलतियां नहीं करेंगे जो के.सी.आर. और उनकी पार्टी ने तेलंगाना में की थीं। वह संसद में भी अपने राज्य को अपनी ग्रिप में रखना चाहते है और आंध्र प्रदेश की कुल 25 में से अधिकांश सीटें जीतकर वर्ष 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार जगन मोहन अपनी पार्टी के कुल 151 विधायकों का टिकट काट सकते है क्योंकि सिर्फ जिताऊ उम्मीदवार को ही मैदान में उतारा जाएगा। यह कुछ ऐसा है जैसा के.सी.आर. ने नहीं किया था। उन्होंने टिकटों के वितरण में अपने प्रति निष्ठा को ही प्राथमिकता दी थी।

लेकिन आंध्र प्रदेश राजनीतिक लय एवं व्याकरण को गड़बड़ाकर कांग्रेस का प्रयास अपना पुनरुत्थान करना होगा, जो कि वाय.एस.आर.सी.पी. के बजाए टी.डी.पी. को अधिक चिन्तित कर सकता है, किन्तु कांग्रेस यदि अपने कुछ नेताओं की वाय.आर.एस.आर.पी. से वापसी करवाने में सफल हो जाती है तो आंध्र में उसकी उपस्थिति एवं पुनरुत्थान दोनों विपक्षी पार्टियों में से एक को नुकसान पहुंचा सकता है और यहां के मुखर होते राजनीति ड्रामा में सब को चौंका सकता है।

तेलंगाना के चुनाव परिणामों के बाद आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के नेताओं ने कई मीटिंग्स कर नवजीवन के संकेत देने शुरु कर दिए हैं जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। आंध्र के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवाजी को एक स्थानीय तेलुगु मीडिया में यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि ''कर्नाटक और तेलंगाना के बाद हमारा लक्ष्य आंध्र प्रदेश है। चूंकि हम विधानसभा और लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र पार्टी का मजबूत कर रहे है, इसलिए हमें यहां कापू और पिछड़ी जातियों को अधिक तवज्जो देने की जरुरत है।

बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी हैं लेकिन इनमें ज्यादा दम नहीं है। एक राजनीतिक विश्लेषक ने कुछ ऐसा ही कहते हुए आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की आकांक्षाओं को खारिज किया क्योंकि कांग्रेस को वर्ष 2014 के बाद से यहां सिर्फ 1.5 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। लेकिन कांग्रेस की दीर्घकालीन ''ब्रैण्ड इमेज'' और दक्षिण भारत में उसके पुनर्जीवन को देखते हुए वह आंध्र प्रदेश में वह किसी अन्य पार्टी की संभावना को खत्म करने में सक्षम है।

## आखिरकार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करिश्माई नेता राजस्थान में कांग्रेस को उभारने में मद्‌दगार हो सकता है।

एक सीनियर नेता ने कहा कि ''राजस्थान की राजनीति में जितना संभव हो सकता था, गहलोत उतना नुकसान कांग्रेस को पहले ही पहुंचा चुके हैं और उनकी यदि रिटायर होने की इच्छा नहीं है तो उनका राजस्थान की राजस्थान से दूर रहना ही बेहतर होगा।''

## आखिर क्या...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यकर्ता के हत्यारे बेखौफ घूम रहे हैं, उन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने वादा किया है कि राष्ट्रीय स्तर पर चाहे कुछ भी हो, वह तृणमूल के खिलाफ कड़ा संघर्ष करेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908